हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026





# मध्यप्रदेश पुलिस के प्रभावशाली अभियान से संभव हुआ लाल सलाम को आखिरी सलाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बालाघाट के आत्मबल ने कठिन नक्सल समस्या को खत्म करके दिखाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बालाघाट के नाम में ही बल है। इस जिले ने अपने आत्मबल के आधार पर ही हिमालय जैसी कठिन चुनौती का अंत करके दिखाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल उन्मूलन का माहौल बना। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रभावशाली अभियान चलाकर नक्सलियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और प्रदेश में लाल सलाम को आखरी सलाम किया। नक्सल उन्मूलन में हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदन के योग्य है। यहां कभी खून की होली खेली गई, परंतु जवानों को वीरता, पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति और जनता के विश्वास ने क्षेत्र को नक्सल आतंक की जंजीरों से मुक्त किया। राज्य सरकार वीर शहीद जवानों को अमर जवान ज्योति के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। हम गर्व से कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सलियों से मुक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बालाघाट पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशन** : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालायों का सिंगल क्लिक्स से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने ₹वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे₹ गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ₹नक्सल संस्मरण₹ पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया गया।कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी ,पूर्व मंत्री श्री गौरी शंकर बिसेन, एडीजी नक्सल विरोधी अभियान श्री वेंकटेश्वर राव, पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा सहित विधायक गण तथा जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

**नक्सल प्रभावित 250 स्कूलों का नवीनीकरण किया गया:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भविष्य में नक्सलियों को इस स्थान पर अपने पैर जमाने के लिए कोई मौका न मिले, इसके लिए राज्य सरकार हर तरह से समुचित प्रबंध कर रही है। बालाघाट जिले में नक्सल प्रभावित 250 स्कूलों का नवीनीकरण किया गया है। स्थानीय नागरिकों के लिए एकल सुविधा केंद्र, जनजातीय समुदायों को वन अधिकार पट्टे, जाति प्रमाण पत्र और रोजगार के लिए शिविरों की शुरुआत की गई है। यह वर्ष कृषि कल्याण के लिए है। अब महाकौशल के बालाघाट में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। नक्सल समस्या के निपटारे के साथ हमने पूर्व मंत्री स्व. श्री लिखीराम कावरे जी की हत्या का बदला लिया है। बालाघाट में अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी अभियान की सफलता के लिए बधाई दी।



### नक्सलियों को खदेड़ा और 4 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में कभी तत्कालीन सरकार के मंत्री स्व. लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है। सघन जंगल के चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी हॉक फोर्स ने मेगाकासो रणनीति बनाकर नक्सलियों को खदेड़ा और 4 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया गया। पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक 4104 नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए गए, मानसून और जंगली जानवरों की चुनौतियों के बावजूद भी अभियान जारी रहे। हमारी फोर्स ने 2025 में अब तक के 10 सर्वाधिक हार्ड कोर नक्सलियों को ढेर किया है। नक्सलियों से कहा गया था कि सरेंडर करो या मारे जाओगे, पुलिस ने राज्य सरकार की इस चेतावनी को सार्थक कर दिखाया।




माननीय मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल्स

### बालाघाट जिले के गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा

स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज बालाघाट जिले के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय दिन है, मध्यप्रदेश की धरती नक्सल समस्या से मुक्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में सरकार, पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक साथ मिलकर कार्य किया। इसी का परिणाम है कि नक्सल अभियान को पूर्णाहूति दी जा रही है। बालाघाट जिले के गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। जिले में विकास के अनेकों कार्य हुए हैं। लगभग 3 दशकों तक संघर्षशील रहने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को नमन है। नक्सल समस्या एक बुरा सपना है, जो कभी लौटकर न आए, इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए निरंतर सक्रिय हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आतंकियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई के बेहतर परिणाम सामने आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सलियों से सरेंडर करने का आह्वान किया था। हॉक फोर्स की दृढ़ इच्छा शक्ति से मध्यप्रदेश समय सीमा से पहले नक्सल मुक्त हो चुका है।

### हॉक फोर्स ने 882 पदों को स्वीकृत कराया

एडीजी, नक्सल विरोधी अभियान श्री वेंकटेश्वर राव ने कहा कि देश भक्ति और जनसेवा हमारा संकल्प है। नक्सल विरोधी अभियान में अब तक 38 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने पिछले कुछ महीने पहले हुए इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के बलिदान को नमन किया। राज्य सरकार ने हॉक फोर्स ने 882 पदों को स्वीकृत कराया है। बालाघाट जिला नक्सल मुक्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट के मार्गदर्शन में सामाजिक सहयोग से जिले में शांति बहाली के लिए कार्य जारी हैं।

### अब रोजगार-विश्वास और शिक्षा का शंखनाद

पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आवश्वस्त किया कि जहां बंदूक की गोलियां गूंजती थीं वहां अब रोजगार-विश्वास और शिक्षा का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरव से परिपूर्ण है। पैंतीस वर्ष पुरानी नक्सल चुनौती को 31 मार्च 2026 की डेडलाइन से पहले ही जड़ से खत्म कर दिया गया है। नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अदम्य साहस का परिचय देने वाले हॉक फोर्स के 60 जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की। आज नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रमोन्नति के रूप में पूर्व पदोन्नति मिली है। नक्सल उन्मूलन की लड़ाई में शामिल युवकों को शासकीय नौकरी प्रदान की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा आरंभ विद्यांजलि अभियान के अंतर्गत नक्सल प्रभावित इलाके के 280 से अधिक स्कूलों को सामाजिक सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का काम जारी है।



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश से लगभग 35 साल पुरानी नक्सलवाद की गंभीर समस्या को जड़ से समाप्त किया
- नक्सलवादियों ने कांग्रेस की सरकार के समय एक मंत्री की भी निर्मम हत्या की थी
- हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदन के योग्य
- बालाघाट की अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक



- कृषि कल्याण वर्ष में बालाघाट में होगी कृषि कैबिनेट
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को दी क्रम से पूर्व पदोन्नति
- बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशन एवं शासकीय कार्यालयों को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया नक्सल संस्मरण पुस्तक का विमोचन



- मध्यप्रदेश ने नक्सल विरोधी अभियान में 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की
- मध्यप्रदेश की जमीन पर नक्सलवादी भविष्य में पैर न जमा पाएं इसके लिए समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं




- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट पुलिस लाइन में किया कार्यक्रम को संबोधित
- जहां बंदूकें गूंजती थीं, वहां अब रोजगार -विश्वास और शिक्षा का शंखनाद होगा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव को म. प्र. पुलिस की और से बालाघाट पुलिस अधीक्षक ने किया आश्वस्त

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन सुनने के लिए स्कैन करें*

## मध्यप्रदेश में नक्सलवाद खत्म, विकास की राह पर चल रहे युवा : मुख्यमंत्री

- ***कई नक्सली अब विकास की मुख्यधारा से जुड़कर तरक्की की राह पर चल रहे हैं।***
- ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी ऑपरेशन की सफलता पर दी बधाई***

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती को नक्सल गतिविधियों से मुक्त करने के लिए राज्य पुलिस बल का अभियान पूर्णतः सफल रहा है । उन्होंने कहा कि मंडला जिले में नक्सली गतिविधियों में संलिप्तों के साथ हुई मुठभेड़ में हमारे हॉकफोर्स के जवानों ने 14-14 लाख रुपए की इनामी 2 महिला नक्सली को मार गिराया है। मृतक नक्सली की शिनाख्त प्रतिमा और ममता नाम से हुई है। इनके कब्जे से हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी जब्त किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को दिये संदेश में नक्सलवाद के खात्मे पर पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया और उन्हें बधाई दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिंसक गतिविधियों के खिलाफ राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में नक्सलवाद का जड़ से सफाया हो गया है। मध्यप्रदेश की पावन धरा में नक्सलियों के लिए कोई स्थान नहीं है।

### राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ की सख्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रतलाम जिले में स्पेशल पुलिस फोर्स द्वारा फिरोज नामक एक वांछित आतंकी की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है।

## प्रदेश में अब नक्सलवाद नहीं विकास की नई गाथा लिखने में जुटे हैं युवाः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### रास्ते से भटकर नक्सलवादी बने,फिर उन्हे सरकार पर भरोसा हुआ और बंदूक छोड़कर विकास में भागीदार बने





भोपाल। मध्यप्रदेश अब नक्सलवाद के कलंक से मुक्त हो गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दूरदृष्टि और उनकी कुशल रणनीती को मप्र में अमलीजामा पहनाकर इसमें कामयाबी मिली है। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पीएम मोदी और केद्रीय मंत्री शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज उनके मार्गदर्शन के चलते प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। आज गर्व के साथ कहते हुए खुशी हो रही है कि अब राज्य रास्ते से भटके युवक अपने रोजगार, शिक्षा और समाज सेवा में भी आगे आ रहे हैं। अब उनका परिवार भी खुश है और बच्चों की शिक्षा में भी भागीदारी बढ़ी है। इस खुशहाली के पीछे उन शहीदों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए जिन्होंने नक्सलियों लोहा लेते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण युवा अब सरकारी प्रयासों की सराहना करते हुए कहते हैं कि भूले थे अब घर लौटे हैं जीवन बदल गया है।

D-16158/25

### शिवरात्रि से पूर्व बनेगी अलीगंज मार्ग की उखड़ी सड़क

# महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू, महापौर राय के साथ एडिशनल डीसीपी ने किया शिव बारात मार्ग का निरीक्षण


अफसरों के साथ निरीक्षण करती महापौर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि पर्व पर पुराने शहर स्थित बड़वाले महादेव मंदिर से 15 फरवरी को निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात वाले मार्ग में अलीगंज से जनकपुरी तक की सड़क तुरंत बनाई जाए एवं सभी पारंपरिक व्यवस्थाएं पहले से कर दी जाए। यह दिशा-निर्देश सोमवार को महापौर मालती राय ने मंदिर परिसर में आयोजित प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को दिए उन्होंने बारात मार्ग का निरीक्षण भी किया। डीसीपी अभिनव चौकसे ने जुलूस मार्ग पर स्थाई रूप से खड़े वाहनों को हटाने एवं समस्त चौराहों पर बैरिकेट्स लगाने तथा ट्रैफिक प्लान बनाकर मार्ग परिवर्तित करने के निर्देश दिए। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने चौराहों पर पीने के पानी के स्टाल लगाने, बिजली के तारों को ठीक करने, बारात मार्ग पर पेंचवर्क एवं कई जगह टूटे पड़े मैनहोल को ठीक करने सहित अन्य विषय रखे जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही मातहतों को निर्देशित किया। बैठक एवं मार्ग निरीक्षण में एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद थे।

### विघ्नहर्ता की पूजन के साथ प्रारंभ हुआ शिवरात्रि महोत्सव

**भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा आयोजित पारंपरिक 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ सोमवार शाम को हुआ। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि भूत भावन बाबा बटेश्वर एवं माता पार्वती के विवाह संस्कार के लिए सोमवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश का पूजन कर कलश स्थापना की गई। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली जाने वाली दिव्य शिव बारात का निमंत्रण पीले चावल एवं पत्रिका के साथ पुराने शहर के अनेक मंदिरों में भेज कर समस्त देवी देवताओं एवं पुराने शहर की समस्त धार्मिक, व्यापारिक, सामाजिक संस्थाओं को बारात स्वागत एवं शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

### मां जानकी का प्राकट्योत्सव और भैरव

## श्रीकृष्ण किशोरी ने दिए श्रीराम-मां जानकी स्वरूप में दर्शन, काल भैरव को चढ़ा चोला


मंदिर में अनुष्ठान हुए।

**भोपाल।** फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर सोमवार को शहरभर में मां जानकी प्रकटोत्सव और भैरव अष्टमी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई गई। विभिन्न मंदिरों में विशेष अनुष्ठान, पूजन, अभिषेक और हवन हुए। भगवान काल भैरव, विक्रांत भैरव और बटुक भैरव के मंदिरों में अभिषेक, चोला अर्पण और विजयम देही यह हुआ। श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए अर्जी लगाई। शाम को भजन संध्या, महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया।

### नेवरी स्थित काल भैरव मंदिर में भगवान का अभिषेक व विशेष श्रृंगार किया



नेवरी स्थित काल भैरव मंदिर में भैरव अष्टमी पर भगवान काल भैरव का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान को खीर, जलेबी और तसम्ई (मठा और मक्के से बना विशेष व्यंजन) का भोग लगाया गया। भैरवाष्टक पाठ और विजयम यही महायज्ञ किया गया।

## राधावल्लभ मंदिर का पहला भव्य होली उत्सव, भक्तों ने गाई गारी


मंदिर में होली मनाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में फाल्गुन मास की पहली भव्य होली का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ सोमवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 50 किलो फूलों जिसमें गेंदा, गुलाब एवं सेवंती तथा 30 किलो गुलाल के साथ भक्तों ने होली उत्सव मनाया। विशेष बात यह रही कि उत्सव में प्रयुक्त रंग पूर्णतः हर्बल था, जिसे अरारोट तथा पुष्पों से तैयार किया गया था। संध्या आरती के बाद होली उत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें ब्रज रसिक मंडली ने ब्रज भाषा में ठाकुर जी के समक्ष ब्रज परंपरा के विविध होली रसिया गाए। उत्सव की परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम ठाकुर जी को आमंत्रण दिया गया, इसके बाद ब्रज भाषा में गारी गाई गई तथा अंत में आशीर्वाद के पदों के साथ होली उत्सव का समापन हुआ। फूलों और गुलाल की वर्षा के बीच मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर रहा। उल्लेखनीय है कि श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में होली उत्सव की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, जहाँ विभिन्न मनोरथों के अंतर्गत होली मनाई जाती है। राधावल्लभ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार यहाँ होली का उत्सव 40 दिनों तक निरंतर चलता है।

**50 किलो फूलों के साथ उड़ा 30 किलो गुलाल**

### मुख्यमंत्री ने सुभाष स्कूल में परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से किया संवाद, दिया आत्मविश्वास का कारगर मंत्र

# परीक्षा से डरकर नहीं, डटकर आगे बढ़िए अपने सपने साकार कीजिए: डॉ. यादव


शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। देश की बागडोर आगे चलकर इन्हें ही संभालनी है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने कौशल, ज्ञान और प्रदर्शन में निरंतर सुधार कर खुद को निखारें। परीक्षा की तैयारी पूरी मेहनत और लगन से करें, तनाव बिलकुल भी न लें। परीक्षा हमारे जीवन का एक पड़ाव मात्र है, अंतिम लक्ष्य नहीं। मेहनत करना आपकी आदत में होना चाहिए, लेकिन तनाव को खुद पर हावी न होने दें।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होने परीक्षा पर संवाद-2026 कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वयं पर सदैव विश्वास बनाए रखें, किसी बात से डरकर नहीं, डटकर आगे बढ़िए और अपने सभी सपनों को साकार कीजिए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अभ्यास और किसी भी हालात में खुद पर विश्वास बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने की बजाए उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही एक सशक्त व्यक्तित्व की पहचान है। परीक्षा के समय सभी विद्यार्थी पर्याप्त नींद लें।


छात्राओं को दुलारते हुए मुख्यमंत्री।

**तनाव को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए : स्कूल शिक्षा मंत्री**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा हर वर्ष एक चुनौती की तरह होती है। विद्यार्थियों को समुचित समय नियोजन करते हुए अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए और तनाव को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

### राजधानी के 104 केंद्रों पर परीक्षा

माशिमं की मुख्य परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो जाएंगी। राजधानी भोपाल में 104 परीक्षा केंद्र हैं। इसमें 16 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्र हैं। यहां 10वीं के 30746 और 12वीं के 26627 छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर देर शाम तक तैयारियां की गईं। डीईओ एनके अहिरवार ने बताया कि परीक्षार्थियों को सुबह 8:30 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रदेश के हर जिले में 5-5केंद्रों को विशेष मॉनिटरिंग के लिए चुना गया है। इन केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सीधे भोपाल बोर्ड कार्यालय से की जाएगी। वहीं औचक निरीक्षण के लिए उड़नदस्ते भी लगातार सक्रिय रहेंगे।

### विद्यार्थियों ने किए सवाल



मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने बीच पाकर विद्यार्थियों में भारी उमंग और उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सीधे संवाद का अवसर पाकर विद्यार्थियों ने बेहिचक सवाल किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहले विद्यार्थियों के मन का भाव जाना, उनसे खुलकर बात की, फिर पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए।

### विद्यार्थियों ने कहा

#### अभिभावक की बहुत उम्मीद होती है



आज के कार्यक्रम में बहुत अच्छा लगा। मैंने हमारे मुख्यमंत्री से पूछा कि जब हम बहुत अच्छे स्टूडेंट होते हैं, तो अभिभावक की बहुत उम्मीद होती है, जिससे हम थोड़े तनाव में आ जाते हैं। जब आप विद्यार्थी थे, तो आप क्या करते थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि माता-पिता और बच्चों के बीच परस्पर संवाद होते रहना चाहिए। तनाव नहीं लेना चाहिए, बल्कि अभिभावक से हर बात साझा करनी चाहिए। संवाद से तनाव खत्म होता है।

लक्ष्मी तिवारी, छात्रा

#### पढ़ाई को ही उत्सव मानकर पढ़ो



मैं कक्षा बारहवीं का विद्यार्थी और हमारा अंग्रेजी का पहला पेपर है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। मैंने प्रश्न किया कि मेरे दोस्त पढ़ाई के साथ-साथ इन्जॉय करते हैं, मेरा भी मन होता है, लेकिन मैं पढ़ाई में लगा रहता हूं, आप मार्ग दर्शन करें। मुख्यमंत्री जी ने हमें बताया कि पढ़ाई को ही उत्सव मानकर पढ़ो। उसके साथ ही इन्जॉय फील करो।

सौमित्र मिश्रा, छात्र

#### बहुत अच्छा महसूस हुआ



मैं कक्षा बारहवीं का विद्यार्थी हूं। मैंने मुख्यमंत्री जी से पूछा कि 12वीं के साथ नीट की तैयारी कर रहा हूं, तो क्या आपने भी ऐसा सपना देखा था या पहले से ही सीएम बनना चाहते थे। उन्होने बताया कि उन्होंने पीएचडी की और छात्र संघ का चुनाव लड़ा। जिसके बाद वे उच्च शिक्षा मंत्री, फिर सीएम बने। हमें हमें हमारे मुख्यमंत्री से संवाद कर बहुत अच्छा महसूस हुआ।

देवांशु जिचकर, छात्र

### सीहोर में दो ट्रेनों का स्टॉपेज मंजूर

## बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस और गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस सीहोर स्टेशन पर लेगी हाल्ट

**कुबेरेश्वर धाम रुद्राक्ष महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुबेरेश्वर धाम में 14 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव से पहले रेलवे द्वारा अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस व गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों का सीहोर स्टेशन पर स्टॉपेज स्वीकृत किया गया है। इस निर्णय से कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिल सकेगा।

#### अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस का विस्तृत लाभ

गाड़ी संख्या 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन सीहोर स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन अहमदाबाद, सूरत, रतलाम, उज्जैन, मैहर, सतना, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ती है। गाड़ी सं. 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस अहमदाबाद से सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन चलेगी। अहमदाबाद से एक्सप्रेस ट्रेन सुबह 9.17 बजे से चलकर आणंद, छायापुरी, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन होती हुई रात आठ बजे के करीब सीहोर स्टेशन पहुंचेगी।

इसके बाद संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, प्रयासराज, वाराणसी, मउ, भटनी, देवरिया होते हुए अगले दिन शाम 6.15 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 19490 गोरखपुर स्टेशन से मंगलवार को छोड़कर प्रतिदिन रात 9.20 बजे रवाना होकर सीहोर स्टेशन गंतव्य दिवस के अगले दिन रात पौने छह बजे के करीब पहुंचेगी और फिर अहमदाबाद के लिए रवाना हो जाएगी।

#### मुंबई बांद्रा-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस से बढ़े अवसर

सप्ताह में एक दिन चलने वाली मुंबई बांद्रा-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस भी अब सीहोर स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 19091 मुंबई बांद्रा से सोमवार को सुबह 5.10 चलकर बोरीवली, वापी, सूरत, बडोदरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर स्टेशनों से होती हुई रात आठ बजे के करीब सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना,सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज, वाराणसी, देवरिया स्टेशन होती हुई अगले दिन मंगलवार को गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में 19092 गोरखपुर से मंगलवार को रात 9.20 बजे से चलकर बुधवार की शाम पौने छह बजे के करीब सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

#### नान इंटरलाकिंग के चलते जबलपुर और यशवंतपुर एक्सप्रेस का एक ट्रिप मार्ग परिवर्तित

**भोपाल।** दक्षिण पश्चिम रेलवे के बैंगलुरू मंडल के नगसमुद्रम एवं मक्काजिपल्ली यार्ड में 18 से 22 फरवरी तक नानइंटरलाकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल के इटारसी होकर गाडी संख्या 12194 जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 21 फरवरी को को अपने प्रारंभिक स्टेशन से एक ट्रिप अपने पूर्व निर्धारित मार्ग की बजाय धर्मावरम-श्री सत्य साई प्रशंथी निलयम-पेनुकोंडा-हिंदुपुर रूट से चलाई जाएगी।

## 'एक पेड़ मां के नाम' में शामिल हुए अजा मोर्चा अध्यक्ष आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




संत रविदास सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा लाल सिंह आर्य ने बीती 5 फरवरी को भेल के जंबूरी मैदान में संत रविदास महाराज जयंती पखवाड़े पर श्री संस्कृति सोसायटी (सचिव डॉ. पंकज भारती) द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम समारोह में शामिल होकर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर वृक्षारोपण के महत्व को प्रतिपादित किया तथा संस्था द्वारा किए जा रहे इस महत कार्य के लिए साधुवाद प्रदान किया। इस अवसर पर राम स्वरूप शुक्रवारे, रिटायर्ड डीएसपी आरआर बंसल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा भगवान परमार, समाजसेवी सुरेंद्र गांधी, केआर धाकड़ एवं अन्य नागरिक मौजूद रहे। डॉ पंकज भारती ने इस वन की विभिन्न एवं विशेषता से आमजन को परिचित कराया।

## सरस्वती वंदना के साथ मनाया गया किड्सरागा स्कूल में वार्षिकोत्सव

कपिल श्रीवास्तव ▶▶ भोपाल



किड्सरागा स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि सेल्फ डिफेंस, मार्शल आर्ट प्रशिक्षक विजेंद्र सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत लुंगी डांस, सोलो सांग, चंदा चमके, फनी गर्ल्स डांस आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। स्कूल संचालिका वंदना शुक्ला ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला।

### महासंघ के आह्वान पर हर जिले में चलाया अभियान

## प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जन प्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



समस्त स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के आंदोलन के दूसरे चरण में सोमवार को प्रदेश के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। महासंघ के आव्हान पर किए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों में जनप्रतिधियों के माध्यम से यह ज्ञापन दिया गया। भोपाल में मंत्री विश्वास सारंग,कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, को लंबित 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह, राहुल श्रीवास्तव, एसपी सोंधिया, ब्रजेश शर्मा, विकास, बसंत , एसपी परमार, विष्णु, एके नाथ आदि जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ के नीचे शुरू हुई पहल अब बना आवासीय शिक्षण केंद्र


मिलन समारोह में बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक ऐसा घर है जहां 50 से अधिक बच्चे केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर जीवन की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल, कुछ साल पहले राजीव नगर अयोध्या बायपास क्षेत्र में एक पेड़ के नीचे कुछ बच्चों को पढ़ाने से शुरू हुई थी। अब आवासीय शिक्षण केंद्र में बदल गई। यहां बच्चों की स्कूल कॉलेज फीस, किताबें, यूनिफॉर्म, अतिरिक्त कोचिंग, कंप्यूटर शिक्षा और नियमित मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाती है। सोमवार को संस्था का एक मिलन आयोजित किया गया।

संस्था की संस्थापक नेहा ममतानी ने कहा कि उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मविश्वास और स्थिरता देना है। इसके साथ ही निदेशक अतुल मिश्रा के अनुसार यह मॉडल समाज की सहभागिता पर आधारित है जहां छोटे-छोटे सहयोग मिलकर एक बच्चे का पूरा भविष्य बदल देते हैं।

### भगवान राम की दी गई शिक्षा को जीवन में उतार लें तो आ सकता है राम राज्यः पं. सुशील

# रावण वध एवं श्री राम राज्य तिलक उत्सव के साथ श्री राम कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री राम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी बाग मुगलिया में चल रही श्री राम कथा का रावण वध एवं श्री राम राज्य तिलक उत्सव के उपरांत भव्य तरीके समापन किया गया है। कथावाचक पंडित सुशील महाराज ने इस अवसर पर बताया कि भगवान श्री राम की दी गई शिक्षा को मनुष्य अपने जीवन में उतर कर अपने घर में रामराज्य की स्थापना कर सकता है। आचार्य श्री ने गूढ़ रहस्य अध्यात्म की जानकारी देते हुए बताया कि जब मनुष्य अपने शरीर में विराजमान आत्मा रूपी राम के द्वारा मन रूपी रावण का वध करेगा और सत्य को अपना सद्गुरु मानकर कर्म करेगा तो यकीन मानो उसके घर में साक्षात राम राज्य की स्थापना हो जाती है।


बाग मुगलिया में चल रही श्री राम कथा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। इनसेट में कथा सुनाते सुशील महाराज।

### अनंत बलवंत हनुमंत लाल की प्रतिमा हुई स्थापित



इसके साथ ही श्री राम जानकी मंदिर में वृंदावन एवं चमन ऋषि आश्रम के प्रधान आचार्य पंडित दयानंद द्विवेदी सुबोध शास्त्री अनुराग द्विवेदी एवं अनूप अवस्थी द्वारा श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपूर्ण करवाया और श्री हनुमान जी महाराज अनंत बलवंत हनुमंत की मूर्ति की स्थापना मंदिर में कारवाई गई। इस अवसर पर वहां मौजूद रमेश चंद्र शर्मा, दीक्षित, वी तिवारी, ने जय श्री राम के उद्घोष किया। इसके बाद सामूहिक भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आचार्य श्री ने बताया कि 10 फरवरी को बुधनी घाट पर हनुमान सेवा वर्णों को देव भंण्डारा खिलाया जाएगा।

भोपाल
मंगलवार, 10 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 311
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 27
न्यूून. 14


जवानों को सम्मानित करते सीएम डॉ. यादव

नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया

## 60 'जांबाज' जवानों को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट में नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रम से पूर्व (आउट ऑफ टर्न) पदोन्नति प्रदान की। उन्होंने कहा कि बालाघाट में कभी नक्सली खून की होली खेलते थे। परंतु जवानों को वीरता, पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 04 भी

- बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशन एवं शासकीय कार्यालयों को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन
- मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सलियों से मुक्त

'परीक्षा पे चर्चा' में पीएम मोदी ने 2026 के दूसरे एपिसोड में देशभर के छात्रों से किया सीधा संवाद

# खुद की तुलना दूसरों से बिल्कुल न करें और 'अपनी क्षमताओं' पर भरोसा रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के दूसरे एपिसोड में देशभर के छात्रों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से निपटने, आत्मविश्वास बनाए रखने और पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि उत्सव की तरह लेने की सीख दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे खुद की तुलना दूसरों से न करें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। पीएम मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि दबाव में पढ़ाई करने से परिणाम बेहतर नहीं होते, बल्कि संतुलित दिनचर्या और सकारात्मक सोच ज्यादा जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य परीक्षा को डर का कारण नहीं, ▶▶ शेष पेज 4 पर

स्टूडेंट्स के साथ पेरेंट्स और टीचर्स को भी दी सलाह


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से संवाद करते हुए

### यह भी दी नसीहतें

- पढ़ाई के साथ स्किल डेवलपमेंट जरूरी
- आंसर राइटिंग का रोज अभ्यास करें
- सुबह जल्दी उठें और सूर्योदय देखें
- गहरी सांस लेने का अभ्यास करें
- छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, आत्मविश्वास बनाए रखें
- अपनी ताकतों को पहचानें- हर छात्र की क्षमता अलग होती है
- धैर्य और आत्म-जागरुकता बनाए रखें
- छात्रों को एआई या मोबाइल फोन से डरना नहीं चाहिए बल्कि इसे सही तरीके से उपयोग करना सीखना चाहिए

MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
1984 से निरंतर सेवा...
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आपकी हमसफर
आज के अंक के साथ

स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष कर रहा 'अविश्वास प्रस्ताव' लाने की तैयारी

लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी पर हमले के 'कथित डर' पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा

# हमले का सवाल ही नहीं, यदि सरकार को डर था तो 'एफआईआर' करानी थी

*विपक्षी नेताओं ने स्पीकर से गतिरोध खत्म करने के लिए लोकसभा के आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया। लोकसभा में 3 फरवरी से ही हंगामा हो रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र 2026 लगातार राजनीतिक घमासान का केंद्र बना हुआ है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण से उठा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष जल्द ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर निष्पक्ष नहीं हैं।


ओम बिरला

हालांकि, संसद का गतिरोध तोड़ने के लिए सोमवार को राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ बिरला से मिले और अपना पक्ष रखा। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद राहुल संसद का गतिरोध समाप्त करने के लिए राजी हो गए हैं। अखिलेश यादव ने भी इस पर सहमति जताई है। हालांकि, पीएम नरेंद्र मोदी पर लोकसभा में हमले के कथित डर पर राहुल ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

बिरला से राहुल की मुलाकात के बाद संसद चलने देने पर सहमति बनी आज से व्यवधान नहीं



विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन, पोस्टर में लिखा 'आप हमें खामोश नहीं कर सकते'

**राहुल ने कहा- पीएम सदन में आने से डर रहे, सच्चाई का सामना नहीं कर सकते**

**सोमवार को हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया**

### आरोप :रक्षा मंत्री ने झूठ कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई

राहुल गांधी ने कहा कि हाल ही में संसद में जो घटनाएं हुईं, वे पूरी तरह असंवैधानिक और पक्षपातपूर्ण थीं। उन्होंने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने नरवणे की किताब का मुद्दा उठाया। सरकार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राहुल की ओम बिरला से मुलाकात

राहुल गांधी ने सोमवार को कुछ विपक्षी नेताओं के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और उन्हें उन मुद्दों के बारे में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आप पूरे विपक्ष को कैसे चुप करा सकते हैं?

स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के विपक्ष के कदम पर, अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि पिछले 18 वर्षों में, मैंने इस सदन को इस तरह से चलते हुए नहीं देखा जैसा आज चल रहा है। मैं सरकार और स्पीकर से अपील करती हूं ▶▶ शेष पेज 4 पर

निजी बाइक-कार के कमर्शियल इस्तेमाल पर रोक

## कहा- इसका पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में उपयोग गैरकानूनी

निजी वाहनों का इस्तेमाल कर रही ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियां


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने प्रदेशभर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में बाइक और टैक्सी के इस्तेमाल पर रोक लगाने के आदेश जारी किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि निजी दो पहिया वाहनों और चार पहिया वाहनों का पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में व्यवसायिक उपयोग करना पूरी तरह से गैरकानूनी है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने कहा कि ओला, उबर और रैपिडो ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुरैना में मंदिर की छत गिरी

## प्रसाद लेने पहुंची 3 बच्चियों की मौत, दंपती-बेटी समेत 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले के अहरौली गांव में चामड़ माता के मंदिर की छत गिर गई। मलबे में दबकर 3 बच्चियों की मौत हो गई। 4 अन्य बच्चियां और एक दंपती घायल हैं। हादसा सोमवार दोपहर करीब दो बजे मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ते वक्त हुआ। गांव में ही रहने वाले सतीश गौड पत्नी पृथ्वी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे। उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को भी मंदिर के भीतर बुला लिया। इसी दौरान पुरानी छत की पटिया गिर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ मृतकों में दो सगी बहनें


घायल अवस्था में बच्चे

## खबर संक्षेप

### शरद पवार की तबीयत खराब, इलाज जारी



पुणे। राज्यसभा सांसद शरद पवार की तबीयत खराब हो गई। उन्हें पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें बुखार, खांसी की समस्या है।

### भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4% रहने का अनुमान




नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने रिपोर्ट जारी की है। जिसमें कहा गया है कि अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 6.4% की दर से बढ़ेगी।

### मंत्री विजय शाह मामले की सुनवाई टली



नई दिल्ली। मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया पर बयान के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। जैसे ही सुनवाई का समय आया, कोर्ट का समय समाप्त हो गया।

तरनतारन में छात्रा की हत्या

## क्लासमेट ने छात्रा को मारी गोली, फिर खुद की ली जान

एजेंसी ▶▶ तरनतारन


संदीप कौर (मृतक)

■ सगाई से नाराज था, एकतरफा प्रेम का मामला

पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र ने क्लासरूम में घुसकर छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने वहीं पर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मृतक छात्रा संदीप कौर (20) है, वह लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं, आरोपी छात्र तरनतारन का प्रिंसराज सिंह है, वह भी छात्रा के साथ पढ़ता था। पुलिस ने लॉ कॉलेज को सील कर दिया है, साथ ही हत्या के कारणों की जांच कर रही है। लड़की की मां ने आरोप लगाया कि कॉलेज से उन्हें कहा गया कि छोटा सा झगड़ा हुआ और उनकी बेटी को चोट लगी है। वह कॉलेज पहुंचे ▶▶ शेष पेज 4 पर

महाशिवरात्रि से पहले विवाद

## महिलाओं के हल्दी लगाकर नाचने गाने को लेकर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ पुजारियों ने कहा शिवपुराण में उल्लेख नहीं

महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर हल्दी खेला पर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर के पुजारियों ने महिलाओं के हल्दी लगाकर नाचने गाने को लेकर आपत्ति जताई है। पुजारियों का कहना है कि शिव नवरात्रि में केवल पूजा, आराधना और संकल्प की परंपरा है जो पंचमी से शुरू होता है। शिव पुराण और अन्य शास्त्रों में महाशिवरात्रि पर शिव विवाह इस प्रकार मनाने का जिक्र नहीं है। पुजारियों का कहना है कि आजकल लोग इसे शिव विवाह के रूप में मानते हैं इस पर्व पर हल्दी खेलना सनातन परंपरा के विपरीत है। हल्दी लगाने की परंपरा घातक ▶▶ शेष पेज 4 पर

कानपुर में लैंबोर्गिनी का कहर

## रईसजादे ने 12 करोड़ रु. की गाड़ी से 6 को रौंदा

एजेंसी ▶▶ कानपुर



■ दबाव पड़ा तो एफआईआर में नाम दर्ज

कानपुर के वीआईपी रोड पर रविवार को तंबाकू कारोबारी के बेटे की 12 करोड़ की मॉडिफाइड लैंबोर्गिनी कार तेज रफ्तार में ऑटो और बुलेट से टकरा गई। टक्कर के बाद कार बेकाबू होकर फुटपाथ पर चढ़ गई जिससे गाड़ी में बैठे लोगों के साथ-साथ चार अन्य लोग घायल हो गए। लैंबोर्गिनी कार हादसे को लेकर पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस ने लैंबोर्गिनी कार को भी जब्त कर लिया है। हादसे के वक्त शिवम मिश्रा ही कार चला रहा था। वह तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा ▶▶ शेष पेज 4 पर




प्रदेशभर में बनाए 3856 परीक्षा केंद्र

## आज से माशिमं की परीक्षाएं शुरु 12वीं का पहला पेपर अंग्रेजी का

हर जिले में चार-चार फ्लाइंग स्क्वाड गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की मुख्य परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो जाएंगी। कक्षा 12वीं का पहला पेपर 10 फरवरी को अग्रेजी का होगा।

वहीं, कक्षा 10वीं का पहला पेपर 13 फरवरी को उर्दू का रहेगा। हालांकि, मुख्य पेपर


फाइल फोटो

अंग्रेजी का 17 फरवरी को आयोजित होगा। इस परीक्षा में दोनो कक्षाओं में प्रदेशभर के 16 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

### 12वीं में सात लाख विद्यार्थी

इसमें करीब 7 लाख विद्यार्थी 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे। वहीं 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी कक्षा 10वीं की परीक्षा देंगे। जिसके लिए 3856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

जबलपुर: मामूली विवाद में वारदात

## बाइक में टक्कर लगी तो बदमाशों ने क्रेटा चालक की चाकू घोंपकर हत्या

पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

रांझी थाना अंतर्गत गोकलपुर में रविवार देर रात एक मामूली सड़क दुर्घटना ने खौफनाक रूप ले लिया। दुर्गा मंदिर के पास क्रेटा कार और बाइक की टक्कर के बाद शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि 34 वर्षीय युवक एकांश साहू की सीने में



चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार अधारताल सब्जी मंडी निवासी एकांत साहू उम्र 35 फर्नीचर का कारोबारी था।

### आरोपी ने दोस्तों को बुला लिया

वह गत रात अपनी क्रेटा कार से रांझी होते हुए गोकलपुर दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा था। युवक अपनी कार को सड़क के किनारे लगा रहा था। तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल से ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बालाघाट के जवानों के आत्मबल ने नक्सल समस्या को खत्म करके दिखाया: डॉ. यादव

**बालाघाट की अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को बालाघाट पहुंचे। यहां पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का रिमोट से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने 'वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल संस्मरण पुस्तक का विमोचन किया।

**सीएम ने रिमोट से किया 31 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का लोकार्पण**



बालाघाट में उद्बोधन देते सीएम।

**बेहद दुखद थी कावरे की हत्या**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में पूर्व में तत्कालीन सरकार के मंत्री लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है।*

**इन जवानों को मिली पदोन्नति**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति पाने वाले जवानों में उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेंद्र धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेन्द्र सिंह पटेल और वीर सिंह को पदोन्नत किया गया। शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्ववेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे को भी आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

---

**मुख्य सचिव ने की विस के बजट सत्र की तैयारियों के साथ शासकीय योजनाओं और सुशासन की समीक्षा**

# केंद्रीय बजट के अनुरूप परियोजनाओं और योजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार को भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवों से साफ कर दिया कि वे अपने अपने विभाग की योजनाएं बनाकर सीधे केंद्रीय मंत्रियों के जरिए ज्यादा से ज्यादा फंड लेने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि अभी भी काफी केंद्रीय फंड बकाया है। जब तक दिल्ली जाकर पैसा नहीं मांगेंगे, तब तक कुछ भी मिलने वाला नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी बारी बारी से पूरी तैयारी के साथ दिल्ली जाकर काम करें।

दरअसल, मुख्य सचिव विभाग अध्यक्षों सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव से अपेक्षा की है कि वे केंद्रीय बजट के प्रावधानों के अनुरूप परियोजनाएं और योजनाएं तैयार कर भारत सरकार को भेजें इससे मध्यप्रदेश के प्राथमिकता क्षेत्र को अत्यधिक लाभ मिल सके। उन्होंने मंत्रालय में सोमवार को बैठक में मप्र विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा के आगामी बजट सत्र की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि पिछले सत्रों के शून्यकाल सूचनाओं सहित अपूर्ण उत्तर वाले प्रश्न, आश्वासन और लोक लेखा समिति की अनुशंसाओं के लंबित मामले यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक करने के साथ ही विधानसभा को विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

**बैठक में मप्र विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की**



अफसरों की बैठक लेते मुख्य सचिव।

### यथाशीघ्र प्रस्ताव भारत सरकार को भेजें

मुख्य सचिव ने बताया कि नॉलेज और एजुकेशन सिटी, मेडिकल हब, नाइपर, फार्मास्युटिकल रिसर्च सेंटर, स्कूल और कॉलेजों के लैब, सी मार्ट, हॉस्टल, स्किल डेवलपमेंट, पशुपालन और एमएसएमई ग्रोथ फंड जैसे अनेक क्षेत्रों में केंद्र सरकार ने बजट में प्रावधान किए हैं। मुख्य सचिव श्री जैन ने सलाह दी कि अधिकारी माह में कम से कम एक बार केंद्र में उनके विभाग से संबंधित ज्वाइंट सेकेट्री बात अवश्य करें। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस वित्त वर्ष की प्रगतिरत सामान्य योजनाओं में लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत सरकार से संबंधित ऐसी लंबित परियोजनाओं और योजनाओं को उनके संज्ञान में लाएं जिनमें समन्वय की आवश्यकता है।

### सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने कहा कि आमजन की सेवाओं और सुविधाएं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बाद और अविवादित नामांतरण समय सीमा में होना ही चाहिए। जैन लोकसेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित सेवाओं में नागरिकों के आवेदन समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

### वार्षिक पूंजीगत खर्चों की समीक्षा

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि आर्थिक ग्रोथ में पूंजीगत खर्चों का अहम योगदान होता है। अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्चों में वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति बेहतर है। मुख्य सचिव ने ऐसे विभाग जिनमें अभी भी राशि उपलब्ध है, उनसे कहा है कि इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए साप्ताहिक प्लान बनाकर वास्तविक व्यय सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय बजट प्रस्ताव पर विमर्श

मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि हाल में आए केंद्र सरकार के बजट के प्रावधानों के अनुरूप मप्र में सिटी इकोनॉमिक रीजन, डेडीकेटेड केमिकल और पेट्रोकेमिकल पार्क और मेगा टेक्सटाइल पार्क सहित अन्य परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों को भी समाहित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजे जाए।

---

**पंजीयन के वक्त आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य**

# पांच एकड़ से अधिक जमीन पर मोहन सरकार कराएगी सत्यापन

**फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकॉर्ड रखा जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों को पंजीयन तभी मिलेगा, जब उनके भू-अभिलेख में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। पंजीयन के दौरान आधार नंबर का वेरीफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। आधार सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से किया जाएगा।

इसके साथ ही यदि किसी किसान ने पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक रकबे से गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है या उसके पास पांच एकड़ से अधिक भूमि है, तो सरकार द्वारा उसका अतिरिक्त सत्यापन भी कराया जाएगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने किसानों का पंजीयन शुरू कर दिया है। किसानों को लाइन में लगने से राहत देने के लिए इस बार ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



फाइल फोटो।

### इन दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य

किसानों के पंजीयन के दौरान भूमिधर, सिकमी, बटाईदार, अनुबंध, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर रिकॉर्ड रखा जाएगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों और सहकारी विपणन संघों के माध्यम से होगा। इन किसानों का 100 प्रतिशत सत्यापन वन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

### मुफ्त और सशुल्क दोनों विकल्प

**मुफ्त पंजीयन:** ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्र, सहकारी समितियां एवं सहकारी विपणन संस्थाएं

**सशुल्क पंजीयन (50 रुपए):** एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर (केसीसी), लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे।

### बैंक खाते को लेकर सख्ती

पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड देना अनिवार्य होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त खाते तथा फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक के खाते मान्य नहीं होंगे। आधार से लिंक बैंक खाते का सत्यापन 1 रुपए के ट्रांजेक्शन के जरिए ई-उपार्जन पोर्टल व जेआईटी पोर्टल से किया जाएगा।

---





### वाह मंत्री जी वाह.... मेहरबानी ऐसी कि प्राइमरी टीचर भी दो-दो संभाग का प्रभारी

यह खबर भी ठीक उसी तरह से चर्चाओं में है, जैसे अपने प्रदेश के एक मंत्री जी आजकल किन्हीं कारणों से सुर्खियों में हैं। मंत्री जी प्राइमरी स्कूल के एक महिला टीचर पर कुछ इस तरह से मेहरबान हैं कि वह मोहतरमा आज दो-दो संभाग की प्रभारी हैं। हुआ यूं कि मंत्री जी की मेहरबानी से वजह से पहले टीचर में पदोन्नति, फिर प्रतिनियुक्ति पर सांख्यिकी अधिकारी बना दिया। मौजूदा समय में दो-दो संभाग की प्रभारी संयोजक हैं। इनके जिम्मे सैकड़ों छात्रावासों का लेखा-जोखा रखने यानी फंड सैंक्सन करने से लेकर उसकी छानबीन व जांच तक का पूरा अधिकार है। और तो और इंदौर में प्रथम श्रेणी अधिकारी को मिलने वाला बंगला भी अलॉट है। इसके अलावा भी अंदरखाने की अनेकों बाते पब्लिक प्रोफाइल में हैं। अब विभाग में हर कोई कहता है कि मेहरबानी हो तो ऐसा हो कि सीधे फर्श से अर्श पर पहुंच जाए।

### एक एसीएस व आयुक्त की जुगलबंदी से दूसरे प्रमुख सचिव परेशान

हुआ यूं कि एक निगम में हजारों करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। किंतु इस निगम के आयुक्त की खुद अपने विभाग के प्रमुख सचिव से किसी कारण से नहीं बन पा रही है। मंत्रालय में इसे लेकर तरह- तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताते हैं कि पिछले दिनों किसी बैठक में दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई। विभागीय प्रमुख सचिव चाहते थे कि परियोजनाएं समय से पूरी हों और कोई दाग भी नहीं लगे, पर आयुक्त महोदय फंड वाले विभाग के अपर मुख्य सचिव के काफी करीब हैं और अपने विभाग के प्रमुख सचिव की सुनते तक नहीं हैं। इसी विभाग में एक बड़े प्रोजेक्ट को लेकर भी महीनों तक खूब रस्साकशी हुई, हालांकि बाजी एक एसीएस वाले विभाग के हाथ लगी। खैर, मैदानी जिलों तक में इस बात की चर्चाएं इंजीनियरों के लिए सुर्खियां बनी हुई हैं। हर कोई विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में कानाफूसी करता है। यह तक पूछ लेता है कि आखिर में हुआ क्या था। पर सही जानकारी इक्के दुक्कों को छोड़कर किसी के पास नहीं है।

### आखिर मैडम ने रोक लिया सौ करोड़ का टेंडर, कारण अज्ञात...

मप्र सरकार प्रदेश के बच्चों के लिए निः शुल्क पढ़ाई के साथ ही जरूरत के सामान की खरीदारी से लेकर अन्य तरह का इंतजाम भी कराती है। इसमें कितना पैसा खर्च होता है, 25 का सामान 50 में खरीदा जाता है या नहीं, इस बारे में किसी को भी पूछने का हक शायद नहीं है। पर एक खबर यह आ रही है कि एक मैडम ने 100 करोड़ रुपए के टेंडर को महज इसलिए रोक लिया कि किसी कारण से बात नहीं बन पाई। अब लोग इसकी खोज खबर में जुट गए हैं। मजे की बात यह कि कितना भी खोज खबर कर लें, पर जानकारी निकाल पाना मुश्किल है। बताते हैं कि जो काम एक निगम को करना था, उसे मैडम ने अपने हाथ में ले लिया और टेंडर फायनल नहीं हो पाया। अब देखिए आगे आगे होता क्या है।

### पूल पार्टी वाली महिला व पति दोनों लापता, यहां भी कारण अज्ञात...

पिछले वर्ष सड़क बनाने वाले एक विभाग के एक मुख्य अभियंता का पूल पार्टी वाला रंगीन फोटो वायरल हो गया था। यह फोटो भी खुद महिला के पति ने भी प्रेस कांफ्रेंस लेकर वायरल किया था। बताते हैं कि पूल पार्टी करने वाले मुख्य अभियंता की महिला पर बुरी नजर काफी समय से थी। बाद में उन्होंने वयस्क होने पर महिला को पहले झांसे में लिया, इसके बाद तलाक तक करवा दिया। यहां तक की उसे ए श्रेणी का ठेकेदार बनवा कर करोड़ों का ठेका भी दिलवा दिया। हालांकि मामला उजागर होने पर जमकर थू-थू हुई। किसी तरह से मामला मैनेज हो गया था, पर एक नई चर्चा यह शुरू हुई है कि वह महिला काफी समय से लगभग लापता की तरह हो गई है। यहां तक कि उसका पूर्व पति भी गायब है। वह कहां है, अभी तक कुछ पता नहीं लग पाया है। हालांकि कुछ लोग इसकी खोजबीन में लग गए हैं। अब देखते हैं कि आगे आगे मामला क्या बनता है।

**हरि अग्रहरि**

---

# जीरामजी में एआई फोटो से फर्जी भुगतान: सिंघार

**भोपाल।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सिंगरौली में जी-रामजी (मनरेगा) के तहत फर्जीवाड़े को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर आरोप लगाया कि एआई जनरेटेड फर्जी मजदूरों की तस्वीरें अपलोड कर भुगतान किया जा रहा है और इसमें कमीशन की मांग भी हो रही है।



सिंघार ने कहा कि सिंगरौली में 120 से अधिक फर्जी अक तस्वीरों के जरिए सरकारी धन की लूट हो रही है, लेकिन अब तक जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जी-रामजी को मजदूरों के सम्मान का माध्यम बनाया जाना चाहिए, न कि लूट का साधन। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मामले का संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपने ट्वीट में यह भी कहा कि भाजपा केवल नाम बदलने की राजनीति कर रही है, जबकि धरातल पर योजनाओं में भ्रष्टाचार हो रहा है और गरीब मजदूरों का हक मारा जा रहा है। एक अन्य ट्वीट में सिंघार ने चंदेरी में भाजपा नेता और सरपंच द्वारा एक युवक की कथित पिटाई का वीडियो साझा किया।

---

**शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में होगी समीक्षा**

# सहकारिता में नवाचार-उपलब्धियों का प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र सहकारिता विभाग में किए गए नवाचार एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रजेंटेशन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से चाही गई बिन्दुवार जानकारी तैयार की जाए। जानकारी पूर्णतः अद्यतन हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

मंत्री सारंग सोमवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 17 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले प्रस्तावित सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई थी। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रजेंटेशन में सहकारिता विभाग की विशेषताएं एवं उपलब्धियों सहित सीपीपीपी मॉडल, चीता बीज और नवाचारों का भी समावेश किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में किए गए सर्वोत्तम कार्यों की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में सर्कुलेरिटी एवं सस्टेनेबिलिटी का भी समावेश किया जाए। सहकारिता में सहकार अभियान के तहत दुग्ध, मत्स्य सहित अन्य सहकारी संस्थाओं तथा उनके सदस्यों के खातों की संख्या दर्शाई जाए। प्रचार-प्रसार की दृष्टि से किए गए प्रयासों को भी बताएं। प्रजेंटेशन को अद्यतन जानकारी के साथ आकर्षक बनाया जाये और कम्पाइल प्रजेंटेशन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें।

मंत्री सारंग ने कहा कि पेक्स का बहुउद्देश्यीकरण, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजनाएं एवं सहकारिता क्षेत्र को लाभ, वित्तीय सहायता आदि का समावेश किया जाए।

---

**निगम मुख्यालय के बाहर की गई थी बैरिकेटिंग**

# गोमांस-पानी के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने घेरा निगम मुख्यालय, की नारेबाजी



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में गोमांस और पानी के मामले को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम मुख्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। पर्याप्त पुलिस बल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच कार्यकर्ता बैरिकेड्स फांदकर परिसर में कूद गए और जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ता गोमांस मामले को लेकर महापौर और एमआईसी सदस्यों से इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच मामूली धक्का-मुक्की भी हुई। निगम प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद कार्यकताओं ने परिसर में महापौर सहित एमआईसी सदस्यों के रावणरूपी पुतले का दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता महापौर का 11 सिर वाला कटआउट लेकर पहुंचे थे।कांग्रेस नेता रविंद्र साहू झूमरवाला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए निगम मुख्यालय पहुंचे।

---

**मंथन पर फैसला, अलग-अलग भूमिका अदा करेंगे**

# अब कांग्रेस का लीडर एडजस्टमेंट प्लान- 3 हजार से अधिक नेताओं को मिलेगी जिला ब्लॉक और ग्राम के प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की तीन दिन चली बैठकों के बाद संगठन को लेकर एक नया फार्मूला सामने आया है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने अब नेताओं के पुनर्वास की तैयारी भी शुरू कर दी है। संगठन को और मजबूत करने के लिए करीब 3000 से अधिक नेताओं के एडजस्टमेंट का प्लान बनाया गया है। ये नेता अलग-अलग भूमिकाओं में पार्टी के लिए काम करेंगे।

मध्य प्रदेश में लगातार तीन दिन तक कांग्रेस की बैठकों का दौर चला। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन हुआ। इन बैठकों में यह फैसला लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। खास तौर पर वे नेता, जिन्हें कार्यकारिणी में जगह नहीं मिल पाने की वजह से पार्टी में हाशिये पर माना जा रहा था, अब उन्हें ब्लॉक, मंडल और सेक्टर प्रभारी बनाया जाएगा। कांग्रेस का मानना है कि इससे संगठन की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ेगी। नेताओं की नियुक्ति के साथ-साथ जिला कार्यकारिणी को लेकर भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से दिशा-निर्देश मिले हैं।

**बदलाव पर आमने-सामने कांग्रेस बीजेपी**

प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले का कहना है कि चुनाव से पहले कांग्रेस एक बड़ी रणनीति पर काम कर रही है और संगठन स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जा रही






फाइल फोटो।

### संगठन पर मेहनत कर रहे

नेताओं का एडजस्टमेंट कांग्रेस के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। अनुशासनहीनता और गुटबाजी पार्टी की पुरानी समस्या मानी जाती रही है। अब देखना होगा कि संगठन में किया जा रहा ये बदलाव कांग्रेस को कितनी मजबूती देता है। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जिस तरह लगातार मध्य प्रदेश में मेहनत कर रहे हैं, उससे संगठन को लेकर एक नई उम्मीद जरूर जगी है। नेताओं के एडजस्टमेंट पर मंथन, जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को हाईकमान के निर्देशों का पालन, जंबो कार्यकारिणी में कटौती, केवल सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा।

---

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करते हेमंत।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी एवं विधायक सतीश उपाध्याय के बड़े भाई अवधेश उपाध्याय के दुःखद निधन पर नई दिल्ली स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026





# झील के पानी से आ रही बदबू, किनारे पर सुरक्षा दीवार नहीं, हादसे का खतरा

## लिंक रोड-2 पर बने जवाहर चिल्ड्रन पार्क का हाल...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के पॉश इलाके में बने जवाहर चिल्ड्रन पार्क में बनी झील का पानी दिनों-दिन बदबूदार हो रहा है। कारण लंबे समय से इसकी सफाई नहीं होना है। पार्क परिसर में छोटी सी झील के किनारे जलकुंभी का ढेर है। यही नहीं, किनारे घाट खुला हुआ है जिस पर अक्सर बच्चे साइकिल चलाते हैं। ऐसे में मामूली चूक से हादसा हो सकता है, क्योंकि सुरक्षा दीवार तक नहीं है।

लिंक रोड नंबर-2 स्थित राजधानी परियोजना प्रशासन द्वारा जवाहर बाल उद्यान विकसित किया गया था। यहां एक छोटी सी झील है। इसके चारों तरफ लोगों के पैदल चलने के लिए घुमावदार ट्रैक और पौधे लगे हैं। यहां एक घाट का निर्माण भी नगर निगम द्वारा करवाया गया है, लेकिन बीते यह दिनों-दिन बदहाली से घिरता जा रहा है। पानी की सफाई नहीं होने से दुर्गंध फैल रही है। जबकि यहां बड़ी संख्या में लोग रोज घूमने आते हैं, लेकिन ट्रैक पर चलना बेहद खतरनाक है। सुरक्षा दीवार नहीं होने के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। यहां अक्सर छोटे बच्चे यहां साइकिल चलाते भी देखे जा सकते हैं।

पानी के किनारे साइकिल चलाते कभी भी देखे जा सकते हैं बच्चे

मामूली चूक से हो सकता है बड़ा हादसा, ट्रैक पर चलना भी घातक



तालाब के पास बने ट्रैक पर साइकिल चलाता एक बच्चा।

### लोनिवि को समय-समय पर लिखते हैं पत्र

वार्ड के पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि उक्त झील और गार्डन लोक निर्माण विभाग के अधीन है। उसके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी उन्हीं की है। व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को लेकर समय-समय पर पत्र लिखकर अवगत कराते हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए लोक निर्माण विभाग के सीई संजय मस्के से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो सकी।


### टूट गए डस्टबिन, परिसर में गंदगी

झील किनारे लगे डस्टबिन टूट रहे हैं। इनके आसपास भी गंदगी है। नगर निगम द्वारा घाट का निर्माण करवाया गया है, लेकिन जहां से पानी की निकासी हो रही है वहां क्षेत्र खुला हुआ है। इससे दुर्घटना की आशंका है।



### लंबे समय से नहीं हुई सफाई

पार्क में मौजूद सैलानी अरविंद कुमार ने बताया कि झील में अक्सर मशीन से जलकुंभी निकालने का काम होता है, लेकिन लंबे समय से नहीं हुआ। किनारे जलकुंभी अब फैलने लगी है। पानी से भी दुर्गंध आ रही है। सफाई के साथ-साथ रसायनिक पदार्थों का भी छिड़काव होना चाहिए।



तालाब के किनारे लगा गंदगी का अंबार।

## रेस्टोरेंट में बर्थडे पार्टी, खाना खाने से 20 लोग बीमार

**भोपाल।** कोलार क्षेत्र स्थित शिखा ग्रीन रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद करीब 20 लोगों के बीमार होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां से इलाज के बाद ज्यादातर को छुट्टी दे दी गई। कोलार निवासी विवेक सिंह ने बताया कि 3 फरवरी को बच्चे का जन्म दिन था। इसकी पार्टी का आयोजन रेस्टोरेंट में किया गया था। इस आयोजन में करीब 70 से ज्यादा लोग शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद भोजन करने वाले लोगों को कुछ ही घंटों में पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। देखते ही देखते कई लोगों की हालत बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। बीमार लोगों को तत्काल जेके हॉस्पिटल सहित बैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि अधिकांश मरीजों की हालत अब स्थिर है। वहीं, एक बच्चे की हालत अधिक बिगड़ने पर उसे बीकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने रेस्टोरेंट के भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर फूड एंड ड्रग भोपाल के प्रमुख पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जानकारी देर रात सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। मंगलवार को टीम को भेजकर सैंपलिंग कराई जाएगी।

- 70 से ज्यादा लोग आयोजन में थे शामिल, दे दी गई अस्पताल से छुट्टी

## वर्ष 2011 के 15 साल बाद इसी साल एक मई से शुरू होगी प्रक्रिया

# जनगणना में पहले मकान, फिर की जाएगी परिवारों की गिनती, डिजिटल डेटा होगा फीड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश में वर्ष-2011 के बाद एक मई से जनगणना शुरु होने जा रही है। जिसके तहत एक मई से मकानों की गिनती शुरु होगी, जबकि इसके बाद परिवार और लोगों की गिनती की जाएगी। तीन फेस में होने वाले इस काम को लेकर डिप्टी कलेक्टर भुवन गुप्ता को जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है। इस बार होने वाली जनगणना में एक हजार लोगों पर एक प्रगणक तैनात किया जाएगा। जबकि तीन फेस में फरवरी तक इस काम को पूरा किया जाएगा।

जिले में एक मई से शुरु होने वाली जनगणना में सबसे पहले मकानों की गिनती शुरु की जाएगी। मकानों की गिनती का डेटा जुटाने के बाद प्रगणक परिवारों की जानकारी दर्ज करेंगे। जिसके बाद व्यक्तिगत जानकारी को अपलोड किया जाएगा। नगर जिला जनगणना अधिकारी नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को बनाया गया है। जबकि इला तिवारी सीईओ जिला पंचायत को अतिरिक्त प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को जनगणना कार्य के लिए नियुक्त किया गया है। इस काम के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण 16 और 17 फरवरी को नगर पालिक निगम और 18 और 19 फरवरी को जिला मुख्यालय, ग्रामीण, नगरीय चार्ज का दो चरणों में प्रशिक्षण कलेक्टोरेट में होगा।

*एक हजार लोगों पर रहेगा एक प्रगणक, तीन फेस में होगा काम*

*तीन फेस में फरवरी तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा*

### डिजिटल और पेपरलेस होगी जनगणना

*इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा।*

### परिसीमन में मदद मिलेगी

राजनीतिक सीमाएं जैसे संसदीय या विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन करने में भी इससे मदद मिलेगी। जियो टैगिंग से तैयार मैप से यह तस्वीर साफ हो जाएगी कि क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का संतुलित बंटवारा कैसे हो। समुदायों को ऐसे न बांट दिया जाए कि एक मोहल्ला एक क्षेत्र में और दूसरा मोहल्ला किसी अन्य क्षेत्र में शामिल हो जए। घरों के डिजी डॉट से डिलिमिटेशन की प्रक्रिया में आसानी होगी।

### शहरी प्लानिंग में होगी आसानी

शहरों में सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों या पार्कों की प्लानिंग करने में भी यह मैप उपयोगी साबित होगा। अगर किसी जगह के घरों के डिजिटल लेआउट में बच्चों की अधिकता होगी तो पार्क और स्कूल प्राथमिकता से बनाने की योजना तैयार की जा सकेंगी। यदि किसी बस्ती में कच्चे मकानों या खराब घरों की अधिकता दिखेगी तो वहां किसी मेडिकल इमरजेंसी के समय तत्काल मोबाइल राहत वैन भेजी जा सकेंगी।

## फील्ड विजिट का ब्यौरा परख पोर्टल पर दर्ज करेंगे अफसर




फाइल फोटो

भोपाल। फील्ड में विजिट करने वाले अफसर परख पोर्टल पर विजिट का ब्यौरा दर्ज करें, जिससे पता चल सके कि अफसर फील्ड में कब और कहां रहें हैं। इसके लिए परख पोर्टल पर रिकार्ड अपलोड किया जाए। यह बात सोमवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने कलेक्टोरेट में रखी गई टाइम लिमिट बैठक में अफसरों से कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग और स्वस्थ्य विभाग मिलकर इसी हफ्ते आर्टिफिशल अंग का वितरण करें, जिससे डिसेबल लोगों को फायदा मिल सके। उन्होंने अफसरों से कहा कि परख पोर्टल पर लॉगिन आईडी क्रियेट कर लिया जाए। पोर्टल मध्यप्रदेश शासन का फील्ड इंस्पेक्शन के लिए बनाया गया पोर्टल है। जिससे जिला अधिकारियों को अब मैदानी निरीक्षण के दौरान रियल टाइम में बिंदुओं पर फील्ड सर्वे की जानकारी दर्ज करानी होगी।

### ड्राप आउट बच्चों का दोबारा से कराया जाएगा डमिशन

सीईओ ने कहा कि स्कूल शिक्षा ड्राप आउट बच्चों का स्कूल में दोबारा से एडमिशन कराया जाए, जिससे बच्चों को उनकी जरूरी शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार से कहा कि इन बच्चों को लिस्टेड कर उनके परिजनों से बातचीत की जाए।

## 12.88 किमी लंबे रूट पर चल रहा है काम

# मेट्रो ब्लू लाइन के पियर्स पर भदभदा में पहला गर्डर लांच दूसरे के लिए आएंगे ब्लॉक



भदभदा क्षेत्र में ब्लू लाइन के लिए पियर्स लांच करते मेट्रो कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के भदभदा चौराहे से रत्नागिरी तक मेट्रो ब्लू लाइन के लिए तैयार हुए पियर्स पर गर्डर लॉचिंग का काम शुरू हो चुका है। भदभदा में पहला गर्डर लांच किया जा चुका है, जबकि अन्य पियर्स के लिए ब्लॉक जल्द आएंगे। गर्डर लांचिंग का काम सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से करने के लिए रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। काम के दौरान भारी मशीनें और लांचिंग उपकरण रोड पर एक्टिव रहने के कारण किसी भी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए रूट बदला गया।

भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा के बीच करीब 13 किमी लंबे मेट्रो ट्रैक पर चलने वाली ब्लू लाइन के लिए 550 स्थानों पर सॉयल टेस्टिंग हुई है। इस रूट पर कुल 14 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें एक स्टेशन कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पर भी प्रस्तावित है। ये स्टेशन राजभवन के ठीक सामने होगा। 14वें स्टेशन के तौर पर बोगदा पुल (इंटरचेंज) सेक्शन बनाया जा रहा है, जहां करोंद चौराहा से एम्स के बीच बनने वाली ऑरेंज लाइन और भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा के बीच चलने वाली ब्लू लाइन का इंटरचेंज होगा। यह एक ऐसा सेक्शन होगा जहां यात्री एक मेट्रो से उतरकर दूसरी में सवार हो सकेंगे।

### करोंद में पहले ही हो चुकी इसकी लांचिंग

मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि भदभदा में पहला गर्डर लांच हो चुका है, दूसरे पियर्स पर लांचिंग के लिए ब्लॉक जल्द पहुंचेंगे। करोंद क्षेत्र में भी इनकी लाचिंग पहले ही हो चकी है। प्रायोरिटी कोरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू होने के बाद शहर के अन्य रूटों पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

## हवाएं बदलने से बढ़ेगी वातावरण में नमी

# आज से दो दिन 3 डिग्री तक बढ़ेगा रात का पारा, बदली रहेंगी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार के बाद से तीन दिन रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त होगी। इस बीच हवाएं भी बदलेंगी। भोपाल सहित कुछ जिलों में सुबह-शाम को धुंध का असर बढ़ेगा। नया पश्चिमी विक्षोभ अभी अफगानिस्तान के ऊपर सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है, जिसका इन्ड्यूस्ड सिस्टम सोमवार को पश्चिमी राजस्थान के ऊपर बना है। इसके साथ ही एक जेट स्ट्रीम भी करीब 12 किमी ऊपर 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर है, जिससे अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो दिन न्यूनतम तापमान में बढ़त रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नया डब्ल्यूडी अभी अफगानिस्तान के ऊपर है। यह और आगे बढ़ेगा। इस लिए तीन दिन तापमान में वृद्धि रहेगी।



एम्स हॉस्पिटल के पास शाम 6 बजे कुछ ऐसा था मौसम का नजारा।

### दिन का पारा 29 डिग्री पार:

सोमवार को शहर में दिन का पारा 2.1 डिग्री बढ़कर 29.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। रात के तापमान में दशमलव 2 डिग्री की कमी आई। न्यूनतम पारा 10.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। इससे रात में मामूली ठंडक बनी रही। प्रदेश में सबसे कम रात का पारा कटनी में 5.9 डिग्री रहा। पांच जिलों में रात का तापमान 6 से 8 डिग्री के बीच रहने से इन जिलों में ठंडक महसूस की गई।

### अभी सुबह-शाम बराबर नमी:

शहर की हवा में सोमवार को सुबह 8:30 बजे 51 फीसदी नमी रही, जबकि शाम 5:30 बजे 47 प्रतिशत दर्ज हुई। सुबह-शाम को लगभग बराबर नमी रहने से मौसम सामान्य बना हुआ है। यह क्रम मंगलवार को भी चलेगा। इसके बाद कुछ जगह हल्के बादल, धुंध और हवाएं उत्तर पूर्वी होने से रात के तापमान में बढ़त होगी।

# तालाब के एफटीएल दायरे से हटाए कब्जे, विरोध के बाद लौटा अमला

## एनजीटी के आदेश पर पहुंचा प्रशासन का अमला, पचास मीटर दायरे के हटाए कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़े तालाब के पचास मीटर दायरे में नयागांव भदभदा बस्ती के मकान और दुकानों को हटाने सोमवार को अमला पहुंचा। टीम को यहां से तीन दर्जन दुकान मकान हटाए जाने थे, लेकिन विरोध को लेकर टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा को अमले के साथ वापस लौटना पड़ा। अफसरों का कहना है कि जिन लोगों के कब्जे नहीं हटाए जा सके हैं, उन्हें सुनवाई का मौका दिया जाएगा। इधर अतिक्रमण के विरोध को लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता गुड्डु चौहान ने बताया कि यहां रहने वाले लोगों के पास वर्ष-1930 के दस्तावेज मौजूद हैं, बावजूद इसके गरीब लोगों को परेशान किया जा रहा है। अगर हटाया जाना है तो विस्थापन किया जाना चाहिए।



भदभदा बस्ती से अतिक्रमण हटाते नगर निगम का अमला।

### नयागांव, भदभदा बस्ती पहुंची टीम

भोपाल के बड़े तालाब के एफटीएल (फुल टैंक लेवल) से 50 मीटर के दायरे में आ रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल (एनजीटी) के आदेश के बाद सोमवार को जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम नयागांव और भदभदा बस्ती पहुंची थी। जिसे लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम वापस लौट गई। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि नया गांव भदभदा बस्ती की कार्रवाई पर एक बार फिर सवाल खड़ा हो गया है। गरीब लोगों को बेदखल करने के साथ उनका रोजगार भी छीना जा रहा है।



अतिक्रमण हटाने बड़ी संख्या में पहुंचे कर्मचारी।

## रेलवे बोर्ड के निर्देश, यात्रियों के समूह में से कम से कम एक को दिखानी होगा आईडी

# रेल यात्रा में जरूरी होगा पहचान पत्र, नहीं तो माना जाएगा बिना टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार यात्रा के दौरान निर्धारित पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। भोपाल रेल मंडल में भी इस बारे में संबंधित स्टाफ को निर्देश दे दिए गए हैं। रेलवे बोर्ड के अनुसार आरक्षित श्रेणी में यात्रा करते समय यात्रियों के समूह में से कम से कम एक यात्री को निर्धारित पहचान पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाला माना जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा जिन यात्रियों ने किसी विशेष श्रेणी के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत टिकट बुक कराया है अथवा किसी प्रकार की रियायत का लाभ लिया है, उन्हें अपनी पात्रता एवं दावे की पुष्टि के लिए वैध प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में रियायत अथवा आरक्षण सुविधा अमान्य मानी जाएगी। इससे यात्री पर जुर्माना किया जा सकता है।




फाइल फोटो

### यात्रियों की सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने की पहल

भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि पहचान पत्र की अनिवार्यता से न केवल यात्रियों की सुरक्षा में इजाफा होगा, बल्कि फर्जी टिकटों और अनुचित लाभ उठाने की प्रवृत्ति पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। यह निर्देश रेलवे बोर्ड के यात्री विपणन निदेशक (टू) की ओर से जारी किए गए हैं।

### समूह में यात्रा करने वालों के लिए भी नियम सख्त

समूह में यात्रा करने वाले यात्रियों के मामले में भी स्पष्ट किया गया है कि आरक्षित टिकट पर दर्ज यात्रियों में से कम से कम एक यात्री के पास मूल पहचान पत्र होना अनिवार्य होगा। यदि समूह में कोई भी यात्री पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो पूरे समूह को बिना टिकट यात्रा की श्रेणी में रखते हुए जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### अफसरों के नाम से पेंशनरों को व्हाट्सएप पर भेज रहे फर्जी मैसेज

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल अंतर्गत लेखा विभाग द्वारा रेलवे पेंशनरों से साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्क रहने की अपील की गई है। संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व रेलवे अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग करते हुए पेंशनरों को फर्जी एसएमएस, व्हाट्सऐप संदेश अथवा फोन कॉल कर रहे हैं। प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि इन फर्जी संदेशों एवं कॉल के माध्यम से पेंशन अपडेट, अतिरिक्त लाभ अथवा केवाईसी के नाम पर पेंशनरों से व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाता विवरण, ओटीपी एवं पासवर्ड जैसी गोपनीय सूचनाएं मांगी जा रही हैं, जो पूरी तरह से धोखाधड़ी की श्रेणी में आती हैं।

## पेज एक का शेष....

### खुद की तुलना...

बल्कि एक अवसर के रूप में देखना है। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे मिलकर ऐसा माहौल बनाएं, जहां बच्चों को खुलकर सीखने और आगे बढ़ने का मौका मिले।

### 60 'जांबाज' जवानों ...

और जनता के विश्वास ने क्षेत्र को नक्सल आतंक की जंजीरों से मुक्त किया। हमे गर्व है कि मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सलियों से मुक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बालाघाट पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सलामी दी गई। उन्होंने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र पुलिस ने प्रभावशाली अभियान चलाकर नक्सलियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। प्रदेश से लाल सलाम को आखरी सलाम किया। इसके लिए नक्सल उन्मूलन में हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री ने आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का भी रिमोट से लोकार्पण किया। इससे संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए।

**बालाघाट में कृषि कैबिनेट होगी आयोजितः** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष कृषि कल्याण के लिए है। महाकौशल के बालाघाट में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या के निपटारे के साथ हमने पूर्व मंत्री स्व. लिखीराम कावरे की हत्या का बदला लिया है। बालाघाट में अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक बनेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी अभियान की सफलता के लिए बधाई दी।

### हमले का सवाल...

गांधी ने कहा है कि पीएम पर हमले का सवाल ही नहीं था। यदि सरकार को हमले का डर ही था तो जिनसे डर था, उनके खिलाफ एफआईआर करानी थी। गौर हो कि बिरला ने पिछले हफ्ते सदन में कहा था कि उनके पास पक्की जानकारी है कि कई कांग्रेस सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट की ओर बढ़ सकते हैं और कुछ अप्रत्याशित हरकत कर सकते हैं, जिसके कारण उन्होंने उनसे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने राज्यसभा में अपना भाषण दिया था। तब राहुल ने कहा था कि पीएम सदन में आने से डर रहे। सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। सोमवार सुबह 11 बजे सदन शुरू होने के साथ ही हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

### रक्षा मंत्री ने ....

चाहती थी कि वह इस पर चर्चा न करें। राहुल गांधी सोमवार को जनरल नरवणे की किताब पर अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कहा कि बजट पर बोलना चाहते हैं तो बोल सकते हैं, लेकिन किसी और विषय पर बोलने के लिए कोई नोटिस नहीं मिला है। जिस पर फिर से हंगामा हुआ।

मैंने कहा कि मैं किताब का हवाला नहीं दे रहा हूं, मैं एक मैगजीन का हवाला दे रहा हूं। फिर उन्होंने कहा कि आप मैगजीन का हवाला नहीं दे सकते। फिर मैंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा। फिर वे नहीं चाहते थे कि मैं इस बारे में बात करूं। रक्षा मंत्री ने झूठ कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई है। असल में किताब पब्लिश हो चुकी है और हमारे पास उसकी एक कॉपी भी है। दूसरा मुद्दा यह है कि उनके एक सदस्य ने किताबें, कई किताबें कोट करते हुए बात की, बहुत घटिया बातें कहीं और कुछ नहीं कहा गया। हमें यह बात पसंद नहीं है कि वे जब चाहें, जो चाहें कह सकते हैं, और विपक्ष नहीं कह सकता।

### राहुल की ओम ....

बताया जिन्हें वह सदन में उठाना चाहते हैं। यह बैठक कुछ मिनटों तक चली और यह बैठक तब हुई जब निचले सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। गांधी ने स्पीकर से कहा कि वह आठ कांग्रेस सांसदों के निलंबन और संसद से जुड़े अन्य मुद्दों को उठाना चाहते हैं, जिसमें महिला सांसदों पर लगाए गए आरोप भी शामिल हैं। स्पीकर के साथ गांधी की मुलाकात के दौरान टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी, डीएमके नेता टीआर बालू और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव भी उनके साथ थे। विपक्षी नेताओं ने स्पीकर से गतिरोध खत्म करने के लिए लोकसभा के आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया। लोकसभा में 3 फरवरी से ही हंगामा हो रहा है, जब चेयर ने गांधी को पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण के अंशों पर आधारित एक लेख से उद्धृत करने से रोक दिया था, जिसमें उन्होंने 2020 के भारत-चीन संघर्ष का जिक्र किया था।

### आप पूरे विपक्ष ....

कि यहां के सांसदों को लोगों ने चुनकर भेजा है, लेकिन अगर आप उन्हें बोलने भी नहीं देंगे, तो लोगों का पैसा सदन चलाने पर क्यों खर्च किया जा रहा है? आप पूरे विपक्ष को कैसे चुप करा सकते हैं? वहीं, कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के सवाल पर कहा, जब विपक्ष पूरी तरह निराश हो जाता है, तभी वह स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव जैसा कदम उठाता है। उन्होंने जोर दिया कि संसद देश की सबसे बड़ी पंचायत है और स्पीकर का पद पूरी तरह निष्पक्ष होना चाहिए।

### कहा- इसका पब्लिक ....

जैसी कंपनियां निजी वाहनों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट की तरह इस्तेमाल कर रही हैं। कोर्ट का मानना है कि निजी नंबर प्लेट वाली गाड़ियां बिना कमर्शियल लाइसेंस और परमिट के यात्रियों को ढो रहे हैं, जो न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से जोखिम भरा हो सकता है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और परिवहन विभाग को आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे कानून का सख्ती से पालन करें और अवैध रूप से चल रही बाइक-टैक्सी सेवाओं पर लगाम लगाएं। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66 के तहत बिना वैध परमिट किसी भी वाहन का व्यवसायिक उपयोग दंडनीय है। दरअसल, मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल जैसे बड़े शहरों में बड़ी संख्या में नौकरीपेशा, स्कूल, कॉलेज गोइंग यूथ हैं, जो आवागमन के लिए रैपिडो, ओला, उबर, जुगनू समेत अन्य सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों का सहारा ले रहे हैं। इन सेवाओं के लिए यह कंपनियां उन निजी बाइक और कार मालिकों की मदद ले रही है, जो व्यक्ति रूप से इस्तेमाल करने के लिए रजिस्टर्ड है। इन कंपनियों से जुड़कर अधिकांश युवा पार्ट टाइम के रूप में पैसा कमा रहे हैं।

### प्रसाद लेने पहुंची ....

गई और नीचे बैठीं बच्चियां मलबे में दब गईं। हादसे में वैष्णवी सिकरवार (11) पुत्री जीतू सिकरवार, करिश्मा गोस्वामी (9) पुत्री अशोक गोस्वामी, छाया गोस्वामी (7) पुत्री अशोक गोस्वामी की मौत हो गई। जबकि गुंजन (12) पुत्री योगेंद्र सिंह, परी (8) पुत्री योगेंद्र सिंह, विद्या (6) पुत्री योगेंद्र सिंह, सतीश गौड (45), पृथ्वी गौड (40) पत्नी सतीश गौड, मानसी गौड (14) पुत्री सतीश गौड घायल हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मलबा हटाकर घायलों और शवों को बाहर निकाला। सूचना पर एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को कैलारस अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय निवासियों के अनुसार चामड़ माता के इस मंदिर की स्थापना करीब 150 साल पहले हुई थी। शुरुआत में यह मंदिर केवल चबूतरे के रूप में था। करीब 7 साल पहले ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा करके दीवारें और छोटी पटियाओं के सहारे छत बनवाई थी। कमजोर छत को हटाए बिना गुंबद बनवाया जा रहा था। इसका अतिरिक्त भार छत की पतली पटियाएं सहन नहीं कर सकीं और वे टूट गईं।

### क्लासमेट ने छात्रा ...

तो बेटी मरी पड़ी थी। पुलिस जांच के मुताबिक मामला एकतरफा प्यार का है। लड़की की सगाई हो चुकी थी लेकिन लड़का इससे नाराज था और उस पर शादी का दबाव डाल रहा था। पुलिस को ये भी शक है कि युवक ने वेलेंटाइन वीक में 8 फरवरी को छात्रा को प्रपोज किया था लेकिन उसने इनकार कर दिया। जब छात्रा राजी नहीं हुई तो छात्र ने ये कदम उठाया।

### महिलाओं के हल्दी....

न हो जाए इसलिए इस पर रोक लगाना चाहिए। हालांकि मंदिर समिति के प्रशासक ने कहा कि शिकायतें मिली हैं ऐसे में अन्य पुजारियों से बात कर इस पर रोक लगाने पर विचार किया जाएगा। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत हो चुकी है ऐसी मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भगवान महाकाल को दूल्हा बनाया जाता है और महा शिवनवरात्रि के नौ दिनों तक हर दिन विशेष श्रृंगार किया जाता है।

### रईसजादे ने 12...

का बेटा है। पुलिस कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया है कि कानून सभी के लिए बराबर है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस हादसे को लेकर एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी थी। हालांकि, दबाव के बाद शिवम का नाम एफआईआर में जोड़ा गया। हादसे के बाद शिवम के बाउंसरों ने उसे कार से बाहर निकाला।

### 12वीं में सात...

स्क्वाड, सीसीटीवी निगरानी और थानों से प्रश्न-पत्र निकालने तक वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक होंगी। राजधानी भोपाल में 104 परीक्षा केंद्र हैं। इसमें 16 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्र हैं। यहां 10वीं के 30 हजार 746 और 12वीं के 26 हजार 627 छात्र परीक्षा देंगे। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वाड, सीसीटीवी निगरानी और थानों से प्रश्न-पत्र निकालने तक वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। हर जिले में चार-चार फ्लाइंग स्क्वाड गठित किए गए हैं। इनमें से दो स्क्वाड विकासखंड स्तर पर और दो जिला स्तर पर काम करेंगे।

### आरोपी ने दोस्तों...

उसकी टक्कर हो गयी। जिसके कारण उसकी तथा मोटर साइकिल चालक के बीच विवाद होने लगा। इस दौरान मोटर साइकिल चालक के फोन करने पर तीन-चार साथी दो पहिया वाहन से पहुंच गए। सभी ने मिलकर कार चालक के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। सीने मे चाकू लगने के कारण युवक खून से लथपथ होकर गिर गया। डॉक्टरों ने प्रारंभ जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चश्मदीदों से जानकारी जुटा रही है ताकि फरार हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

---

#### जाहिर सूचना

**फ्लैट नं. 204, डी.के. गोल्ड अपार्टमेन्ट जी-3, गुलमोहर कॉलोनी, ग्राम बावड़िया कलाँ, तह. कोलार, जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार हिन्दुजा हाऊसिंग फाईनेंस लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती नेहा गुप्ता पत्नी श्री अंतिम गुप्ता ने एक संपत्ति जो कि फ्लैट नं. 204, द्वितीय तल, डी. के. गोल्ड अपार्टमेन्ट जी-3, खसरा नं. 19/1/2 का अंशभाग, गुलमोहर कॉलोनी, ग्राम बावड़िया कलाँ, वार्ड नं. 50, तह. कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध श्रीमती निकिता माथुर के साथ किया है। उक्त संपत्ति की नाप 1113 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब 15 फिट खुला क्षेत्र, पश्चिम फ्लैट नं. 205, उत्तर फ्लैट नं. 203 व दक्षिण में 15 फिट खुला क्षेत्र इस विक्रय से अलग है। उक्त संपत्ति विक्रेता श्रीमती निकिता माथुर को पारिवारिक हकत्याग-पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई थी जिसका इन्द्राज उप-पंजीयक, भोपाल-2 में MP43IGR16952025A101180436 पर दि. 23/12/25 को पंजीकृत है। इस प्रकार से उक्त संपत्ति पर श्रीमती निकिता माथुर का वैधानिक स्वत्व एवं स्वामित्व माना गया है। संपत्ति से संबंधित सभी लिंक दस्तावेज, पावती इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात् प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**अभिषेक पंसारी अधिवक्ता**
कार्यालय - दुकान संख्या 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
मो. 9993186085

#### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. 40 मण्डल द्वारा श्री शेख मकबूल आत्मज श्री शेख चाद के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/08/1997 को पंजीकृत है। श्री शेख मकबूल आत्मज श्री शेख चाद द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री आबिद अहमद सिद्दीकी आत्मज श्री इरशाद अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/09/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री आबिद अहमद सिद्दीकी आत्मज श्री इरशाद अली के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

#### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीला जमालपुरा, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी.-14 मण्डल द्वारा श्री रामचन्द अभिचंदानी आत्मज श्री नाथीमल अभिचंदानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/04/2002 को पंजीकृत है। श्री रामचन्द अभिचंदानी आत्मज श्री नाथीमल अभिचंदानी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गीता सिंहल पत्नी श्री सुनील कुमार सिंहल को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02/07/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, इत्यादि प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती गीता सिंहल पत्नी श्री सुनील कुमार सिंहल के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

#### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 1326/ए मण्डल द्वारा श्री प्रदीप अग्रवाल आत्मज स्व. श्री शिवरतन लाल अग्रवाल के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02/11/1993 को पंजीकृत है। श्री प्रदीप अग्रवाल आत्मज स्व. श्री शिवरतन लाल अग्रवाल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती आसमा बानो पत्नी श्री शाहिद खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/01/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती आसमा बानो पत्नी श्री शाहिद खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**(रविन्द्र निकोसे)**
**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644
9977912473

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473

Ratnawala
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678

WE PROVIDE
THE BEST
SOLAR ENERGY
BRANDS we deal with!
TATA POWER SOLAROOF
WAAREE
adani Solar
ECE INDIA
HURRY UP!
Na 2 Lakh Mein..
Na 1.5 Lakh Mein..
BEST OFFER
ZERO
Sirf ₹72,000 Mein!
3.3 kW Solar Lagaye
Bachat ka Naya Tareeka!
Contact us
99932-41867,
73549-99281
Aura Mall, Bhopal, 462010
228, Dwarkadhish Colony
Indore (M.P.) 452005

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

#### आवश्यक सूचना


पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

## शब्द पहेली - 6134



**बाएँसेदाए**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6133 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 6144

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6143 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### इनकम टैक्स रूल्स 2026 का नया ड्राफ्ट जारी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 'टैक्स रूल्स, 202' का नया ड्राफ्ट जारी कर दिया है। ये नए नियम अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। सरकार का मकसद टैक्स फाइलिंग की प्रक्रिया को सरल बनाना और आम टैक्सपेयर्स के लिए नियमों को आसान बनाना है। फॉर्म की संख्या में भी कटौती की गई है। अभी तक लागू 'इनकम टैक्स रूल्स, 1962' में कुल 511 नियम और 399 फॉर्म थे। नए ड्राफ्ट में इन्हें घटाकर अब सिर्फ 333 नियम और 190 फॉर्म कर दिया गया है।

### केआरएन के शुद्ध लाभ में 65 फीसदी की वृद्धि

**राजस्थान ।** केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की तिमाही और 9 वें महीने का वित्तीय परिणामों की घोषित किया है। कंपनी के अनुसार कंपनी के पहली तिमाही में कुल आय 155.09 करोड़ रुपए , एबिटडा 31.08 करोड़ रुपए रहा और शुद्ध लाभ 22.66 करोड़ रुपए दर्ज हुई । इस प्रकार शुद्ध लाभ में 65.09 फीसदी की वृद्धि हुई। कंपनी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष कुमार ने कहाकि इस तिमाही और पूरे नौ माह की अवधि के दौरान, हमने अपने मुख्य व्यवसाय में निरंतर प्रगति देखी है।

### एसईपीसी का राजस्व 796.89 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कंपनियों में शामिल एसईपीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष की तिमाही मके लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि कंपनी का राजस्व 796.89 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। एबिटडा 83.60 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 39.81 करोड़ रुपए का हुआ। जबकि के तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 342.07 करोड़, एबिटडा 29.66 करोड़ एवं शुद्ध लाभ 14.96 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

### सेनी इंडिया ने डीलरशिप के साथ मप्र में किया विस्तार

**इंदौर।** निर्माण, खनन, सड़क, लॉजिस्टिक्स और ऊर्जा उपकरणों की अग्रणी निर्माता कंपनी सेनी ने मेसर्स अवनि ऑटोमोबाइल्स के साथ साझेदारी में अपनी नई 3एस डीलरशिप के उद्घाटन की घोषणा की। यह विस्तार मप्र भर में ग्राहकों को विश्वस्तरीय उत्पादों के साथ बेहतरीन आफ्टर-सेल्स सपोर्ट प्रदान करने की सेनी इंडिया की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। नई डीलरशिप प्रमुख क्षेत्रों देवास, पीथमपुर, साथ ही सांवेर, हातोद और बेटमा को सेवाएं प्रदान करेगी। जिससे ग्राहकों को सेनी इंडिया के विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो और कुशल सेवा सहायता तक सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित होगी।

### दो 9500 और डाइमेंसिटी 8500 चिपसेट लांच

**नई दिल्ली।** फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने दो डाइमेंसिटी 9500 और डाइमेंसिटी 8500 चिपसेट लांच किए। ये दोनों चिपसेट फ्लैगशिप और प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में अग्रणी बनने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो ऑल-बिग कोर आर्किटेक्चर और उद्योग-अग्रणी एजेंटिक एआई क्षमताओं द्वारा संचालित उत्कृष्ट परफॉर्मेंस, एफिशिएंसी, एआई, इमेजिंग, गेमिंग और वायरलेस कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। मीडिया, तकनीकी विश्लेषकों और ओईएम के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, ओप्पो इंडिया और पोको इंडिया ने भी भारतीय बाजार के लिए अपने स्मार्टफोन लाइनअप की घोषणा की।

### केनेडी का ट्रेलर जी5 हिंदी में रिलीज किया

**मुंबई।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी5 ने नोयर थ्रिलर फिल्म केनेडी का दमदार ट्रेलर रिलीज किया है। इस फ़िल्म का निर्देशन मशहूर फिल्मकार अनुराग कश्यप ने किया है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना और प्यार पाने के बाद, केनेडी अब भारतीय दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार है। यह फिल्म 20 फ़रवरी को खास तौर पर ज़ी5 पर प्रीमियर होगी।

## टैक्स लॉ बार एसो. ने आयोजित किया राज्य स्तरीय कर सेमिनार मंथन

# जीएसटी भाग 2 में कर की दरें कम हुईं, लेकिन सरकार के राजस्व में कमी नहीं होगी, क्योंकि उपभोग बढ़ने से राजस्व भी बढ़ेगा : बिमल जैन

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कर सेमिनार कर मंथन 2026 में यह विचार दिल्ली से आए जीएसटी विशेषज्ञ बिमल जैन ने पेश किए। उन्होंने बताया सरकार जीएसटी के प्रावधानों में सुधार कर रही है परंतु अभी भी समस्याएं हैं व्यापारी एवं कर सलाहकारों के ऊपर प्रक्रियात्मक बोझ बढ़ा दिया गया है जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बिना किसी अच्छे अकाउंटेंट या विशेषज्ञ के जीएसटी की वैधानिक कार्यवाही संपन्न नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्रेडिट नोट को पहले बिक्री बिल से संबंध करना पड़ता था अगर 100 बिक्री बिलों का एक क्रेडिट नोट बनाया गया हो तो इसमें बहुत समस्या आती थी परंतु अब सरकार ने क्रेडिट नोट को बिक्री बिल से संबंध करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है जो की एक सकारात्मक कदम है।


सेमिनार मंथन

जयपुर से आए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय झंवर ने आर्थिक सर्वेक्षण एवं आगामी वर्षों मैं अर्थव्यवस्था की उन्नति के आंकड़ों की प्रस्तुति देते हुए बताया कि आगामी कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था मैं वृद्धि की दर अच्छी रहने वाली है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों के रोजगार के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं को प्राप्त रोजगार प्रतिशत में काफी वृद्धि हुई है जो की उत्साह जनक है। उन्होंने केंद्रीय बजट द्वारा आयकर अधिनियम में किए गए परिवर्तनों के विषय में जानकारी दी उन्होंने बताया कि स्रोत पर कर की कटौती की दरें कम की गई है जिससे आम आदमी का पैसा सरकार के पास कम फंसेगा सरकार भी देख रही थी कि बाद में आयकर रिफंड देने से उस पर ब्याज की देनदारी भी आती है। विदेश यात्रा करने वालों पर पहले 20 फीसदी तक स्रोत पर कर काटा जाता था जिसे अब घटाकर केवल दो प्रतिशत कर दिया गया है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में भोपाल एवं आसपास के शहरों से कर सलाहकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, बच्चन आचार्य, सचिव मनोज पारख ,कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ सदस्य आरके पारख, नरेश राजानी, राजेश्वर दयाल, भूपेश खुरपिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन माधवी राहतेकर एवं पलाश खुरपिया ने किया।

## खुदरा विक्रेताओं और दुकानदारों को स्टॉक और बिक्री रोकने

# कम्फर्ट और स्लीप वेल ब्रांड नाम से बिक रही मच्छर अगरबत्तियों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक कड़ा कदम उठाते हुए, महाराष्ट्र कृषि विभाग ने राज्यभर के सभी कीटनाशी निरीक्षकों को कम्फर्ट और स्लीप वेल ब्रांड नाम से बिक रही अवैध मच्छर अगरबत्तियों की बिक्री के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कीटनाशी अधिनियम, 1968 और कीटनाशी नियम, 1971 के तहत सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है, जिसमें छापेमारी, जब्ती और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियोजन शामिल है।




भारत में घरेलू कीटनाशकों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने वाली गैर-लाभकारी उद्योग संस्था होम इंसैक्ट कंट्रोल एसोसिएशन ने सरकार के इस निर्णायक कदम का स्वागत किया है। पिछले कई महीनों से एसोसिएशन अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रही है और बिना अनुमति वाले रसायनों से बनी मच्छर अगरबत्तियों को लेकर चिंता जताती रही है।

आंध्र प्रदेश में स्लीप वेल और मुंबई में कम्फर्ट पर पहले की गई जांच में लैब परीक्षण के जरिए अवैध और गैर-स्वीकृत कीटनाशकों की मौजूदगी की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद कई राज्यों में नियामक जांच और कार्रवाई शुरू हुई। मुंबई में कम्फर्ट पर छापेमारी और प्रतिबंध के महज 15 दिनों के भीतर महाराष्ट्र सरकार ने अब इसे राज्य स्तर पर लागू करते हुए दोनों उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए नया परिपत्र जारी किया है।

### घटिया बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के सख्त कानूनी कदम

**नई दिल्ली।** देश में बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नकली एवं घटिया बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा सख्त कानूनी और डिजिटल कदम उठाए जा रहे हैं। बीज अधिनियम, 1966, बीज नियम, 1968 और बीज आदेश, 1983 के तहत राज्य सरकारों को बीज निरीक्षकों की नियुक्ति का अधिकार प्राप्त है, जो बीज विक्रय केंद्रों की नियमित जांच कर सकते हैं। यह जानकारी कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने राज्य सभा में दी। इन प्रावधानों के तहत बीज निरीक्षक बीज केंद्रों से सैंपल ले सकते हैं और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस रद्द किया जाए।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में अध्यक्ष गोविंद ने संभाला कार्यभार

# भोपाल के सभी व्यापारी परिवार हैं, व्यापारिक हितों और समस्याओं के लिए निरंतर संपर्क में रहूंगाः गोयल


पदभार ग्रहण

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल ने समस्त पदाधिकारियों के साथ चेंबर कार्यालय में सोमवार को सुबह पौने दस बजे विधिवत पूजा-अर्चना करने के पश्चात पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्य, व्यापारी मौजूद रहें। गौरतलब है कि पंडित लेखराज शर्मा ने चेंबर कार्यालय में विधि विधान से मुहूर्त बेला में पदभार ग्रहण कराया और कार्यालय में मौजूद रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए।

चेंबर के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आकाश गोयल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोयल को कार्यभार सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष गोयल ने कहाकि भोपाल के सभी व्यापारी एक परिवार हैं, व्यापारिक हितों और उनकी समस्याओं के लिए सबके संपर्क में निरंतर रहूंगा। अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग व्यापारिक संगठनों से मेल- मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानने और उनकी परेशानियों के लिए दूर करने के लिए एकजुटता के साथ खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर गोयल का संपूर्ण परिवार भी मौजूद रहा।

### पदाधिकारियों ने किए कार्यालय रजिस्टर पर हस्ताक्षर

कार्यालय सचिव सहित चुनाव पर्वेक्षकद्वय एडवोकेट पीसी कोठारी एवं सीए वैभव जैन का आभार माना। एडवोकेट कोठारी ने चुनाव प्रकिया के दरमियान की संपूर्ण आय- व्यय का लेखा जोखा दिया। इस मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री ललित तातेड़, उपाध्यक्ष अरविंद जैन सुपारी, कमल पंजवानी, मंत्री सुनील जैनाविन, संजीव जैन गेहूं सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। सभी लोगों ने चेंबर कार्यालय में मौजूद रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए।

### भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति और विधायक विष्णु खत्री ने दी बधाई



चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति और विधायक विष्णु खत्री से मुलाकात की। इस दरमियान रविंद्र यति ने चेंबर के सभी पदाधिकारियों को स्वागत, अभिनंदन किया और कहाकि कोलार उपनगर है यहां से कम से कम 1000 व्यापारी को सदस्य होना चाहिए।



## ई-वे बिल को प्रवर्तन नहीं, बाधा रहित लॉजिस्टिक्स सुविधा के रूप में देखने का सुझाव

# सरकार कर रही ई-वे बिल के नियमों में बदलाव की तैयारी

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

ई-वे बिल में सरकार कुछ बदलाव करने जा रही है। ई-वे बिल में सुधार से लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में बड़े पैमाने पर डिरेगुलेशन होगा, जिससे व्यापार के लिए लागत और देरी कम होगी। साथ ही कर प्रशासन के लिए प्रभावी और गैर-हस्तक्षेपकारी निगरानी बनी रहेगी । जानकारी के अनुसार ई-वे बिल को अब केवल प्रवर्तन के बजाय लॉजिस्टिक्स की सुविधा के रूप में फिर से परिभाषित किया जा रहा है। बार-बार सडक़ पर रुकने और भौतिक निरीक्षण में कमी से माल परिवहन में लगने वाला समय और खर्च दोनों कम होंगे। विश्वसनीय डीलर ढांचे के तहत, उच्च अनुपालन वाले करदाताओं को न्यूनतम भौतिक जांच का सामना करना पड़ेगा।

> सुधार राज्य सरकारों द्वारा विवेकाधीन जांच को करेगा सीमित

यह सुधार राज्य सरकारों द्वारा विवेकाधीन जांच को सीमित करेगा, जो छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए राहत की खबर है। ई-वे बिल को ई-सील और वाहन ट्रैकिंग सिस्टम के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

## बिजनेस न्यूज


### मानसरोवर के विद्यार्थियों ने किया सेंट्रल जेल का शैक्षणिक भ्रमण

**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विधि संकाय छात्रों के लिए सेंट्रल जेल भोपाल का एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भावी वकीलों को जेल प्रशासन, कैदियों की जीवनशैली और कानूनी सुधार प्रक्रियाओं का व्यावहारिक ज्ञान देना था। विधि संकाय की डीन डॉ. ताई चौरसिया के नेतृत्व में छात्रों ने जेल के भीतर विभिन्न बैरकों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कैदियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को समझा। इस शैक्षणिक यात्रा में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेश वामांकर, डॉ. राजवेंद्र कुमार चौधरी और सहायक प्रोफेसर मिस्टर तन्मय दुबे भी शामिल रहे। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे दौरों से छात्रों में संवेदनशीलता विकसित होती है और वे समझते हैं कि न्याय प्रणाली में अपराधी के मानवाधिकारों का क्या महत्व है।



### थिंक गैस ने पीएनजी ड्राइव 2.0 जागरुकता अभियान का शुभारंभ किया

**भोपाल।** सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों में से एक, थिंक गैस ने पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के सहयोग से सलैया स्थित आकृति ग्रीन्स सोसायटी में नेशनल पीएनजी ड्राइव 2.0 जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया, जो रामेश्वर शर्मा, विधायक, हुजूर विधानसभा क्षेत्र एवं एक्स-प्रोटेम स्पीकर, मप्र लेजिस्लेटिव असेंबली,उ अंजनी कुमार तिवारी, मेंबर, पीएनजीआरबी, तथा अभिलेश गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, थिंक गैस की उपस्थिति में किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में, जहां कोर पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद है, पाइप्ड नेचुरल गैस और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस को तेजी से अपनाने को बढ़ावा देना है। नेशनल पीएनजी ड्राइव 2.0 के तहत, थिंक गैस का लक्ष्य 1 जनवरी से 31 मार्च के बीच भोपाल में 3,000 से अधिक घरेलू पीएनजी कनेक्शन्स जोड़ने का है, जिससे शहर में स्वच्छ और सुरक्षित कुकिंग फ्यूल तक पहुंच को और मजबूत किया जा सके।



### गेल ने किया 'सक्षम साइक्लोथॉन' का आयोजन, प्रतिभागी हुए पुरस्कृत


**भोपाल ।** भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा भोपाल में 'सक्षम साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



इनके अलावा गेल इंडिया लिमिटेड के आंचलिक मुख्य महाप्रबंधक रंजन कुमार एवं अन्य अधिकारियों तथा अन्य पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस उपक्रमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस रैली में सभी क्षेत्रों से, जैसे की-स्कूल, कॉर्पोरेट्स, विभिन्न साइकिल राइडर एसोसिएशन के सदस्यों तथा विभिन्न उम्र के लोगों ने भारी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के लिए लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया तथा 4 विजेताओं जिनमें 2 पुरुष तथा 2 महिलाओं को ईनाम के स्वरूप में साइकिल प्रदान की गई। सायक्लोथान एमवीएम ग्राउंड ,रोशनपुरा नानके पेट्रोल पंप , लिंक रोड होते हुए वापस एमवीएम ग्राउंड ग्राउंड पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शपथ दिलाई।

### सोलर स्क्वेयर का भोपाल में पहला इंटरैक्टिव एक्सपीरिएंस सेंटर लांच किया

**भोपाल।** प्रमुख रूफटॉप सोलर कंपनी सोलरस्क्वेयर ने सोमवार को भोपाल में अपने पहले सोलर एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ किया। यह लांच भोपाल में तेज़ी से बढ़ रही रूफटॉप सोलर अपनाने की प्रवृत्ति में एक अहम कदम है। हालांकि भोपाल में यह पहला एक्सपीरियंस सेंटर नहीं है, लेकिन यह पहल स्थानीय परिवारों के लिए सोलर को अधिक आसान, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने की सोलरस्क्वेयर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ, श्रेया मिश्रा ने कहाकि सोलर स्क्वेयर भारत की सोलर क्रांति में अग्रणी भूमिका निभा रही है और भोपाल में सोलर की संभावनाएं बेहद बड़ी हैं।



### पीएनबी ने की 'पीएनबी सोल्जरथॉन 2026' की घोषणा

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने पी ए न बी सोल्जरथॉन 2026 की घोषणा की, जो बैंक के 132वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोहों की शुरुआत का प्रतीक है। यह पीएनबी की इस प्रतिष्ठित मैराथन का दूसरा संस्करण है और इस वर्ष, यह हाफ मैराथन 'सोल्जरथॉन' थीम के तहत आयोजित की जा रही है। प्री-लांच समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेजर डॉ. सुरेंद्र पूनिया , लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर और भारतीय सेना के पूर्व स्पेशल फोर्सेस अधिकारी शामिल हुए।




## करों के बोझ को कम की अपील के साथ व्यापार को प्रोत्साहन देने की मांग

# व्यापारिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों ने सौंपे आगामी बजट के लिए वित्त मंत्री को सुझाव

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**


आगामी राज्य बजट को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा सुझावों का ज्ञापन सौंपा गया। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य भगवान दास ढालिया ने देवड़ा का स्वागत कर व्यापारियों एवं आमजन पर करों के बोझ को कम करने तथा व्यापार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यह सुझाव ज्ञापन प्रस्तुत किया।



ज्ञापन में प्रदेश के आर्थिक विकास, लघु एवं मध्यम व्यापारियों को राहत तथा कर संरचना को सरल बनाने जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान देने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्तरों से प्राप्त बजट सुझावों को गंभीरता से संकलित किए जाने के प्रयासों की सराहना भी की गई। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को लेकर निरंतर योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं।

## सीबीओए के जनरल सेक्रेटरी रवि कुमार

# देश की वर्तमान बैंकिंग स्थिति पर स्पष्ट और सकारात्मक दृष्टिकोण



**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

केनरा बैंक अधिकारी एसोसिएशन (सीबीओए ) के जनरल सिक्रटरी के. रवि कुमार ने देश की वर्तमान बैंकिंग स्थिति पर स्पष्ट और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

इस दौरान उनसे डिजिटल बैंकिंग, स्टाफ की कमी, वर्क-लाइफ बैलेंस और अधिकारियों के हितों जैसे अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। सीबीओए हमेशा अधिकारियों के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेक्टर केवल आर्थिक मजबूती का नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी मजबूत स्तंभ है। सीबीओए के नेतृत्व में कैनपाल बैनर के तहत ग्राम टांडा में एक प्रेरणादायी सामाजिक पहल की गई। जहां छोटे बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी एवं पेंसिल वितरित किए गए। यह प्रयास शिक्षा के प्रति जागरूकता और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस समाजिक सेवा कार्यक्रम में सीबीओए भोपाल के वाइस प्रेसिडेंट केके त्रिपाठी, संजय गोयल, आयुषी मालवीय, परिणीता केसरी एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई। इसके बाद नर्मदा क्लब में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 500 अधिकारियों को संबोधित करते हुए रवि कुमार ने संगठन की एकता, कर्मचारी हितों और बैंकिंग व्यवस्था को और मजबूत बनाने का संदेश दिया।


कॉपी एवं पेंसिल वितरण

## टाटा के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में कामकाज शुरू

# जेएलआर की रेंज रोवर इवोक बनी यहां तैयार होने वाली पहली गाड़ी




**एजेंसी ▶▶ तमिलनाडु**

अग्रणी कार और एसयूवी निर्माता टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनी जगुआर लैंड रोवर ऑटोमोटिव पीएलसी ने सोमवार को तमिलनाडु के रानीपेट जिले के पनापक्कम में अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के संचालन शुरू किया। इस प्लांट का औपचारिक उद्घाटन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरू एम.के. स्टालिन और टाटा संस व टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने किया। इस अवसर पर कई मंत्री, जन प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, जेएलआर व टाटा समूह के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स - जेएलआर संयंत्र का उद्घाटन करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थिरू एम.के.स्टालिन ने कहाकि टाटा समूह ने राष्ट्र निर्माण में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और तमिलनाडु के साथ इसकी गहरी ऐतिहासिक साझेदारी रही है।

केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
सामान्य प्रशासनिक अनुभाग, अंचल कार्यालय, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, साकेत नगर बागसेवनिया भोपाल- 462026

केनरा बैंक प्लॉट संख्या 1, ब्लॉक संख्या 3, पांचवी मंजिल, पयार्वास भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्य प्रदेश के नवीनीकरण हेतु आर्किटेक्ट के चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करता है।
आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट www.canarabank.bank.in/tenders से डाउनलोड किया जा सकता है।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 07.03.2026 दोपहर 3:00 बजे तक है।
बैंक बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, कोई भी सूचना, शुद्धिपत्र, संशोधन, यदि कोई हो, केवल बैंक की वेबसाइट पर ही दिया जाएगा।
स्थान- भोपाल
दिनांक - 10.02.2026
कृते
सहायक महाप्रबंधक
अंचल कार्यालय, भोपाल

चिंतन

# शहरों के विकास पर नए तरीके से सोचना होगा

देश में शहर तेजी से फैल रहे हैं, लेकिन विकास की यह रफ्तार अब आम लोगों की जान और सेहत के लिए खतरा बनती जा रही है। सड़कें, मॉल, दुकानें, सीवर और पानी की लाइनें सब कुछ बन रहा है, लेकिन बिना समुचित योजना, निगरानी और जवाबदेही के। नतीजा यह है कि शहरों में होने वाले हादसे अब अपवाद नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई बन चुके हैं। सवाल यह नहीं है कि हादसे क्यों हो रहे हैं, बल्कि यह है कि इन्हें रोकने के लिए जिम्मेदार कौन हैं और कब तक इस लापरवाही को दुर्घटना कहकर टाला जाता रहेगा। शहरों की बदहाल स्थिति के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी अव्यवस्थित विकास मॉडल की है। सड़कों की खुदाई, निर्माणाधीन मॉल और दुकानों के आसपास खुले गड्ढे, बिना बैरिकेडिंग के चल रहा काम और सुरक्षा मानकों की अनदेखी ये सभी सीधे तौर पर इंसानी जान से खिलवाड़ हैं। हाल के दिनों में सामने आई घटनाएं इस व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी हैं। नोएडा में पिछले महीने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत एक दर्दनाक उदाहरण है। निर्माणाधीन मॉल के पास बिना बैरिकेड और चेतावनी संकेतों के खुले, पानी से भरे गहरे गड्ढे में उनकी कार गिर गई। इंजीनियर ने खुद पुलिस को फोन कर मदद मांगी, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिली और उनकी जान चली गई। यह हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की असंवेदनशीलता और लापरवाही का नतीजा था। अब दिल्ली में भी ऐसी ही एक और भयावह घटना सामने आई, जहां 25 वर्षीय युवक रात में घर लौटते समय दिल्ली जल बोर्ड के पास करीब 4.5 मीटर गहरे गड्ढे में गिर गया। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि वह युवक करीब आठ घंटे तक गड्ढे में पड़ा तड़पता रहा, मदद के लिए गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी या विभाग हरकत में नहीं आया। न चेतावनी बोर्ड थे, न बैरिकेडिंग और न ही निगरानी। यह गड्ढा सिर्फ सड़क में ही नहीं, बल्कि सिस्टम की जवाबदेही में भी उतना ही गहरा था। जांच एजेंसियों ने इस मामले को महज दुर्घटना नहीं, बल्कि गंभीर और आपराधिक लापरवाही माना है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या महज कुछ गिरफ्तारियों से शहर सुरक्षित हो जाएंगे? शहरों की दुर्दशा का एक और पहलू बढ़ता प्रदूषण है। धूल, अव्यवस्थित ट्रैफिक, लगातार चल रहे निर्माण कार्य और सर्दियों में स्मॉग ने शहरों में सांस लेना तक मुश्किल कर दिया है। प्रदूषण और सड़क हादसे मिलकर हर साल हजारों जिंदगियों को लील रहे हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि शहरी नियोजन की विफलता का भी मुद्दा है। अब समय आ गया है कि सरकार और शहरी प्रशासन नए सिरे से सोचें। जैसे देशभर में बाईपास और राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाया गया, वैसे ही शहरों के अंदरूनी ढांचे के लिए भी दीर्घकालिक और समग्र योजना बनाई जाए। आबादी के अनुपात में सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज और पानी की लाइनें विकसित हों। इंदौर जैसी घटनाएं, जहां पानी और सीवर की लाइनें एक साथ होने से लोगों की जान गई, यह बताती हैं कि बुनियादी सुविधाओं में तालमेल की कितनी कमी है। सबसे जरूरी है जवाबदेही तय करना। हर निर्माण कार्य के लिए स्पष्ट जिम्मेदारी, नियमित निरीक्षण और सुरक्षा मानकों का सख्त पालन अनिवार्य होना चाहिए। खुले गड्ढे, अधूरे काम और लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। हादसे के बाद मुआवजा और जांच से ज्यादा जरूरी है हादसों को होने ही न देना। शहर तभी सच में विकसित कहलाएंगे, जब वहां रहने वाले लोग खुद को सुरक्षित व स्वस्थ महसूस करें।



नक्सलवाद
रोहित माहेश्वरी

# लाल आतंक से मुक्ति की ओर बढ़ रहा देश

**देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बचे ही नहीं हैं। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है।**

जिस तरीके से पूरे देश में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया है, उससे एक बात साफ है कि केंद्र की मोदी सरकार पूर्ण दृढ़ संकल्प और शपथ के जिस पथ को लेकर चल रही थी, उसमें एक मजबूत रणनीति अब दिखने लगी है। केंद्र सरकार ने इस साल 31 मार्च तक लाल आतंक को खत्म करने की समय सीमा तय कर रखी है। जो पूरी होती दिखने लगी है। देश का 90 प्रतिशत क्षेत्र पहले ही नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। 1967 में बंगाल के नक्सलबाड़ी से शुरू हुई नक्सलवाद की समस्या ने दशकों तक लाखों निर्दोष लोगों और सुरक्षाकर्मियों की जान ली और कई क्षेत्रों को विकास से वंचित रखा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई। पिछले 11 वर्षों में, केंद्र सरकार की समन्वित, बहुआयामी रणनीति, जिसमें सुनियोजित सुरक्षा अभियान, अभूतपूर्व अवसंरचना विकास, वित्तीय दबाव, तीव्र विकास और एक आकर्षक आत्मसमर्पण नीति शामिल है, ने वामपंथी उग्रवाद को 2014 में 126 जिलों से घटाकर 2025 में मात्र 11 जिलों तक सीमित कर दिया है, जिनमें से केवल तीन ही सबसे अधिक प्रभावित बचे हैं, जो लाल गलियारे के लगभग खात्मे का संकेत है। अकेले साल 2025 में, 317 नक्सलियों शीर्ष नेतृत्व सहित को मार गिराया गया, 800 से अधिक को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,000 ने आत्मसमर्पण किया, जिससे नक्सलियों को अब तक की सबसे बड़ी क्षति मिली और मार्च 2026 तक नक्सल-मुक्त भारत की ओर तेजी से प्रगति हुई। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बस्तर संभाग नक्सल प्रभावित है। इसमें सात जिले शामिल हैं। ये जिले महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सीमा साझा करते हैं, और लंबे समय से इसे माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माने जाते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान तेज हुए हैं, जिससे नक्सलवाद पर तगड़ा प्रहार हुआ है। छत्तीसगढ़ में साल 2024 से अब तक सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशवा राव उर्फ बसवराजू जैसे टॉप नक्सल लीडर सहित 500 से अधिक नक्सलियों को फोर्स ने एनकाउंटर में मार गिराया है। इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ में 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। तीन जनवरी को, बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ में कुल 14 माओवादी मारे गए थे। जिस तरह से आत्मसमर्पण को लेकर नक्सलियों की संख्या बढ़ी है, उससे एक बात साफ है कि नक्सलियों के भीतर इस बात का भय बैठ गया है, कि 31 मार्च तक आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो सरकार किसी तरह के समझौते के मूड में अब नहीं है। इसका परिणाम भी दिखा है। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रहे माओवादी कमांडर जो यहां रहे वे सभी मारे गए हैं। हिड़मा से लेकर जिन लोगों को भी छत्तीसगढ़ में कमान दी गई थी, या तो वह राज्य छोड़कर चले गए या फिर न्यूट्रलाइज हुए हैं। बचे हुए कैडर के पास अब इतनी क्षमता नहीं बची, कि वो नक्सल अभियान को आगे लेकर चल सकें। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए नेशनल पार्क का 2799 वर्ग किलोमीटर का इलाका सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता था। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना का बॉर्डर इलाका घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा है। माओवादी इसे अपने कॉरिडोर के रूप में उपयोग करते थे, यह भी कहा जा सकता है, कि यह इलाका नक्सलियों का सबसे अभेद दुर्ग वाला



इलाका रहा है। कभी नक्सलियों के अभेद किले के रूप में जाने जाने वाला नेशनल पार्क एनकाउंटर जोन बनता जा रहा है। अब सुरक्षाबलों के कैंप बन जाने के बाद यहां से लाल आतंक के पैर उखड़ने लगे हैं। साल 2025 के बाद जिस नक्सल अभियान को चलाया गया उसमें यह बात तय की गई, कि मानसून के मौसम में भी इस अभियान को नहीं रोका जाएगा। नक्सलवाद को खत्म करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में हेलीकॉप्टर मिल जाने के बाद सुरक्षाबलों को बहुत सहूलियत मिल गई। मॉनिटरिंग भी तेज हो गई। नेशनल पार्क इलाके में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के बॉर्डर पर फोर्स तैनात होने के साथ ही सुरक्षा बलों ने कैंप खोल दिए, जिससे फोर्स की गतिविधियां तेज हो गईं। छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली एनकाउंटर और उसमें जिस तरीके के नक्सली मारे गए, उसके बाद छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियान को चलाने वाले बड़े नक्सली बचे ही नहीं हैं। जो भी नक्सली छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन को दिशा देते थे, उसके लिए रणनीति बनाते थे, उन तमाम नक्सलियों को या तो न्यूट्रलाइज किया गया या फिर कई ऐसे हैं जिन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। अब पूरा नक्सली संगठन ही नेतृत्व विहीन हो चुका है। यह एक बड़ी वजह है कि 60 दिनों के भीतर इसे पूरे तौर पर खत्म कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने एनआईए में एक समर्पित विभाग बनाकर नक्सलियों के वित्तपोषण पर प्रभावी ढंग से लगाम लगा दी है। इस विभाग ने 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है, जबकि राज्यों ने भी 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है और प्रवर्तन निदेशालय ने 12 करोड़ रुपये कुर्क किए हैं। इस एक साथ की गई कार्रवाई से शहरी नक्सलियों को गंभीर नैतिक और मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंची है और उनके सूचना युद्ध नेटवर्क पर नियंत्रण और भी कड़ा हो गया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश के नक्सल मुक्त करने को लेकर बनी रणनीति में राज्यों के बीच समन्वय मजबूत आधार बना। राज्यों के बीच आपसी तालमेल नहीं होना नक्सलियों के सफल होने का एक कारण होता था। नक्सलियों को समाप्त करने को लेकर जब रणनीति तैयार होनी शुरू हुई, तो उसके लिए पहली लाइन समन्वय की बनाई गई, ताकि इस अभियान को बल मिले। बीती 8 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुई एक विशेष कॉन्क्लेव के दौरान शाह ने माओवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की पुरजोर अपील की। भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क और मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार करके बुनियादी ढांचे को काफी मजबूत किया है, जिससे पहुंच, सुरक्षा प्रतिक्रिया और सामाजिक-आर्थिक एकीकरण में सुधार हुआ है। मई 2014 से अगस्त 2025 तक, केंद्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है, जबकि कुल 17,589 किलोमीटर की परियोजनाओं को 20,815 करोड़ की लागत से स्वीकृत किया गया है। इन सबके बीच नक्सलवाद के खत्म होने के बाद विकास की जिस बुनियाद को जमीन पर उतरना है, वह बहुत बड़ी चुनौती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण उन सरेंडर नक्सलियों की है जिन्होंने सरेंडर पॉलिसी के तहत आत्मसमर्पण किए हैं। उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़े रखना बड़ी चुनौती है। यहां शासकीय कमजोरी या प्रशासनिक ढांचे की लचर व्यवस्था की कोई भी छाप इस अभियान को फेल करने की बड़ी वजह बन सकता है। इसमें सबसे जरूरी है आम सुविधाओं का विस्तार और जो लोग सरकार की व्यवस्था पर भरोसा करके आए हैं, उस भरोसे को कायम रखने के सरकार के वैसे निर्णय जो सिर्फ विकास के लिए जाने जाते हैं, सबसे बड़ी चुनौती हैं। वास्तव में, देश से नक्सलवाद का खत्म होना विकासवाद की उस अवधारणा की पहली कुंजी है, जिससे भारत पूरे विश्व के फलक पर एकजुट होकर सिर्फ विकास की लड़ाई लड़ेगा।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संसद सत्र
अम्बरीष प्रजापति




# जनता की उम्मीदों पर भारी पड़ता 'हंगामा'

संसद भारतीय लोकतंत्र का मंदिर है जहां से देश की नीति और नियति तय होती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सत्र दर सत्र हंगामे की भेंट चढ़ने का एक चिंताजनक चलन बढ़ा है। जब संसद की कार्यवाही बाधित होती है, तो यह केवल शोर-शराबा नहीं होता, बल्कि देश के विकास की गति पर ब्रेक होता है। 2026 में हाल ही के सत्र में महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बोलना था लेकिन प्रधानमंत्री के बोलने से पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस सत्र में 3 फरवरी को 36 मिनट, 4 फरवरी को 30 मिनट और 5 फरवरी को सिर्फ 12 मिनट संसद चली। संसद सत्र को 6 दिन में 42 घंटे चलना था लेकिन मात्र 7 घंटे 69 मिनट ही चला। 34 घंटे 31 मिनट का समय हंगामे के कारण बर्बाद हो गए। संसद सत्र के इन 6 दिनों में 25 करोड़ 89 लाख रुपये फिजूल में अपव्यय हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार हर सत्र में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयकों और नीतियों पर चर्चा के लिए तैयार रहती है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष की ओर से लोकतांत्रिक चर्चा के बजाय 'हंगामे' को एक हथियार बना लिया गया है। संसद का बाधित होना केवल सरकार की कार्यवाही रोकना नहीं, बल्कि देश की प्रगति में रोड़ा अटकाना है। संसद की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना अब एक सामान्य प्रक्रिया बनती जा रही है, लेकिन इसके पीछे छिपे आर्थिक और विधायी नुकसान इतने गहरे हैं कि वे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं। संसद के हालिया सत्रों के आंकड़े बताते हैं कि जब सदन में संवाद होता है तो जनहित के कार्य सार्थक होते है, लेकिन गतिरोध होने पर जनता के करोड़ों रुपये और सैकड़ों घंटे पानी में बह जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सत्र के दौरान संसद चलाने का अनुमानित खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए प्रति मिनट तक आता है। यदि पूरा एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ता है तो लगभग 8 से 9 करोड़ का सार्वजनिक धन बर्बाद हो जाता है। सोचने वाली बात है, यही पैसा जो स्कूल, अस्पताल या बुनियादी ढांचे के निर्माण में खर्च हो सकता था, लेकिन हंगामे के कारण जनता का पैसा बिना किसी कार्य के बर्बाद हो रहा है। बीते संसद सत्रों में भी ऐसा कुछ हाल रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बजट सत्र 2024 में लोकसभा में 123%, राज्यसभा में 110% बजट पर चर्चा हुई। मानसून सत्र 2025 में लोकसभा में 29%, राज्यसभा में 34% चर्चा हुई। शीतकालीन सत्र 2025 में लोकसभा में 111%, राज्यसभा में 121% चर्चा हुई। हंगामे के कारण करीब दो-तिहाई समय बर्बाद हुआ। प्रश्नकाल के दौरान मानसून सत्र 2025 में लोकसभा में केवल 23% और राज्यसभा में मात्र 6% प्रश्नकाल का उपयोग हो पाया। इसका अर्थ है कि जनता के 100 में से 90 से ज्यादा सवालों के जवाब मंत्रियों को देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी। मानसून सत्र 2025 में निर्धारित घंटों का लगभग 70% समय शोर-शराबे और स्थगन की भेंट चढ़ गया। लोकतंत्र में संसद वह स्थान है जहां सुझाव दिए जाते हैं और कमियां बताई जाती हैं। सरकार ने बार-बार स्पष्ट किया है कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार ने बजट सत्र 2024 और शीतकालीन सत्र 2025 में रिकॉर्ड बिल पेश किए, लेकिन विपक्ष ने चर्चा में भाग लेने की बजाय वेल में आकर नारेबाजी करना बेहतर समझा। ऐसे ही मानसून सत्र में हंगामे के बीच 8 विधेयक बिना किसी विस्तृत चर्चा के पारित हो गए। पक्ष व विपक्ष आपस में एक दूसरे को दोष देना मात्र ही समस्या का समाधान नहीं है। इसके लिए संसद में सार्थक बदलाव की आवश्यकता हैं। कार्यवाही का अनिवार्य समय तय हो। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि 'जितने घंटे हंगामे में बर्बाद हों, सदन उतनी ही देर अतिरिक्त चले' और सदन स्थगन होने पर सत्र पर होने वाला खर्च संसद सदस्यों के वेतन भत्ता से कटौती करने पर विचार किया जाना चाहिए। सदन की गरिमा भंग करने वाले सदस्यों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। सत्र के दौरान पक्ष व विपक्ष की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप करने से बचना चाहिए, बल्कि आरोप-प्रत्यारोप के लिए दिन निर्धारित करने के संबंध में विचार किया जाना चाहिए ताकि संसद सत्र सुचारु रूप से चल सके। सरकार को भी विपक्ष की मांगों को सुनने के लिए उदारता दिखानी चाहिए ताकि टकराव की स्थिति न बने। संसद केवल ईंट-पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं का केंद्र है। लोकतंत्र संवाद से चलता है, गतिरोध से नहीं। बार-बार का व्यवधान न केवल वित्तीय बर्बादी है, बल्कि इससे जनता का लोकतंत्र पर भरोसा कम भी होता है। सरकार की प्राथमिकता हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' रही है। विपक्ष को चाहिए कि वह विरोध करने की राजनीति छोड़कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बने।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु व आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
दर्शन

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम् की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था।

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा- जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते में जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक-एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे, आखिर लालच ही बुरी बला है।

## नेपाल को सहायता



**काठमांडू।** भारत-नेपाल सीमा पर 50 सैन्य वाहनों के हस्तांतरण के दौरान भारतीय सेना के जवान नेपाली सेना के सदस्यों के साथ। इन वाहनों को काठमांडू में आयोजित एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।

## आज की पाती

### जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी

जीव-जंतु व वनस्पति की सुरक्षा जरूरी आध्यात्मिक, सामाजिक, प्राकृतिक व किसी भी रूप से किसी भी जानवर और वनस्पति को नष्ट करना वर्जित है। विशेषकर वन और मनुष्य एक दूसरे के पर्याय ही हैं। इसलिए जल, जंगल व जमीन की निरंतर सुरक्षा और संरक्षण बहुत ही आवश्यक हो जाता है। प्रदेश के सम्पूर्ण प्राणिजात व वनस्पतिजात (फ्लोरा एंड फौना) का पूर्ण संरक्षण और संवर्धन निश्चित रूप से अनिवार्य है। जिस प्रकार हमारे सारे वातावरण में प्रत्येक पेड़-पौधे, जड़ी-बूटी का होना प्राकृतिक रूप से अनिवार्य है, उसी प्रकार छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जंगली जानवरों की उपस्थिति भी बहुत ही आवश्यक है। यह सत्य है कि हमने ही जंगली जानवरों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ कर दी है।

*- रमेश सरकार, भाटापारा*

## ट्रेंड

### विश्वास की परंपराएं मजबूत



भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं।

**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### वैश्विक पहचान पा रहा बस्तर



नक्सलियों ने जिस बस्तर को सदियों तक आईईडी और बारूदों के अंधकार में झोंक रखा था, मोदी जी के नेतृत्व में वहां की कला, संस्कृति, खान-पान और विरासत वैश्विक पहचान पा रही है। जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम' में जनजातीय कला व संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### यूएस से तेल खरीद हमारे हित में



अमेरिका से तेल या एलएनजी, एलपीजी की खरीद भारत के अपने रणनीतिक हित में है, क्योंकि हम अपने तेल स्रोतों में विविधता ला रहे हैं। 'ट्रेड डील में यह तय नहीं होता है कि कौन किससे और क्या खरीदेगा। ट्रेड डील व्यापार के रास्ते को आसान बनाता है।

**-पीयूष गोयल**, केंद्रीय मंत्री

### किताब छप चुकी



रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी एलओपी और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। सत्तापक्ष के सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। **-राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में तमिल समाचार पत्र 'प्रस्तोता' पुरस्कृत



सिंगापुर की समाचार प्रस्तोता पावलाकंथम अजहागरसामी को देश में तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए मीडियाकॉर्प के 'प्रधान विझा 2026' में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार तमिल प्रसारण पत्रकारिता में उनके असाधारण योगदान को मान्यता देता है। उनका करियर चार दशकों से भी अधिक समय का है और उन्होंने सिंगापुर के मीडिया जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। सिंगापुर के सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया समूह 'मीडियाकॉर्प' ने रविवार को जारी एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि यह पुरस्कार वार्षिक समारोह के 21वें संस्करण के दौरान प्रदान किया गया जो सिंगापुर के भारतीय मनोरंजन जगत में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है। सिंगापुर के राष्ट्रीय मीडिया नेटवर्क ने कहा, 'एक सम्मानित समाचार प्रस्तोता, मार्गदर्शक और उद्योग की मजबूत स्तंभ के रूप में चार दशकों से अधिक लंबे करियर में पावलाकंथम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। वह आज भी रेडियो और टेलीविजन उद्योग में तमिल मीडिया पेशेवरों की नयी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती हैं।' शनिवार को मीडियाकॉर्प के थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शन और कार्यक्रम श्रेणियों के तहत कुल 19 पुरस्कार दिए गए।

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियां हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पानी की टंकी निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर शिवमंदिर वार्ड 12 में सोमवार को 550 लीटर क्षमता वाली 18 मीटर ऊंची पानी की टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पारिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, वार्ड पार्षद सुनील सैरिया, पार्षद प्रतिनिधि आमिर ममनून, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले, उपयंत्री मुकेश जैन, समयपाल महेश मीना, प्रमोद तिवारी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, सन्नी अग्रवाल, मोती परमार, आरती यादव एवं स्थानीय रहवासी और ठेकेदार के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कूरियर कंपनी के कर्मचारी ने लगाई फांसी

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित किरण नगर में कुरियर कंपनी के कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रामबाबू लोधी पिता प्रकाश लोधी (25) मकान नंबर 138, किरण नगर, पिपलानी में रहता था और कुरियर कंपनी में काम करता था। मूलतः मेढ़की गांव, सांची, जिला रायसेन निवासी रामबाबू किराए के मकान में अकेला रहता था। रविवार शाम करीब चार बजे से उसके मकान का दरवाजा बंद था। पड़ोसियों ने उसे आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका होने पर पड़ोसियों ने मकान की साइड वाली खिड़की तोड़ी तो रामबाबू पंखे पर रस्सी के फंदे के सहारे लटका नजर आया। सोमवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम के साथ निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

### महिला की हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास

**भोपाल।** क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में युवक की मां को धारदार हथियार तलवार एवं डंडों से हमला कर उसकी हत्या करने और युवक के मामा को गंभीर रूप से घायल करने वाले अभियुक्त मोहन चढ़ार (26), खूब सिंह उर्फ छोटू चढ़ार (23) पुत्र रामरतन चढ़ार निवासी-शंकर खदान के पास अयोध्या नगर जिला भोपाल म.प्र, लीलाधर उर्फ गोलू चढ़ार पुत्र डालचन्द्र चढ़ार (25) निवासी-पीपल के पेड़ के पास शंकर खदान अयोध्या नगर जिला भोपाल म.प्र एवं राज आठिया पुत्र महेश कुमार आठिया (22) निवासी-महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज के सामने गीत मोहिनी कॉलोनी अयोध्या नगर भोपाल को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दोष सिद्ध ठहराते हुए आजीवन कारावास और 2000- 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है ।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3805 | | |
| दिनः | 458 | 77 | 250 |
| रातः | 449 | 79 | 126 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 570 | 23 | 779 |
| रातः | 890 | 73 | 355 |

दो युवकों ने जहांगीराबाद स्थित रशीदिया स्कूल के पास 6 फरवरी की दोपहर को की वारदात

# नोट की गड्डी दिखाकर महिला से सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र और चांदी की चेन ठगे, अब पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**नोट की गड्डी और जेवरात की जगह पोटली में कंकर-पत्थर थमाकर फरार हो गए बदमाश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रशीदिया स्कूल के पास दो जालसाजों ने आंगनबाड़ी में काम करनी वाली महिला से जेवरात ठग लिए। आरोपियों ने महिला को नोट की गड्डी दिखाई थी। बाद में कहा कि हम आपके लिए नाश्ता लेकर आते हैं। वह नोट की गड्डी और जेवरात की जगह पोटली में कंकर-पत्थर थमाकर फरार हो गए। बदमाश उनके सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र और चांदी की चेन लेकर गए हैं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार केसरी बाई यादव (55) माता मोहल्ला बरखेड़ी, जहांगीराबाद में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह आंगनबाड़ी में काम करती हैं। 6 फरवरी की दोपहर वह न्यू मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक गई थी। वहां से पासबुक बनवाई और ऑटो में सवार होकर एक्सट्रॉल तिराहा पहंची। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह एक्सट्रॉल कॉलेज तिराहा से पैदल अपने घर बरखेड़ी की तरफ जा रही थी। रास्ते में उन्हें दो युवक मिले। वह कहने लगे कि अम्मा आप थक गई होंगी। थोड़ी देर छाया में बैठ जाओ।




युवकों के कहने पर वह रशीदिया स्कूल रोड के सामने घर के बाहर बनी सीढ़ियों पर बैठ गईं। दोनों लड़कों ने कहा कि अम्मा जी क्या खाओगी और कहा यह पैसों की गड्डी अपने पास रखो। इसके बाद पैसों की गड्डी केसरी बाई के हाथ में दे दी। इसी बीच एक युवक ने कहा कि मैं तुमको पैसों की गड्डी दे रहा रहा हूं तुम अपने सोने चांदी के आभूषण उतारकर मुझे दे दो। केसरीबाई ने उन्हें सोने के कान के टाप्स और गले की चांदी की चेन सहित सोने का मंगलसूत्र ऊतारकर झोले में रख दिया। उन लड़कों ने कहा कि अम्मा जी हमने आपको नोट की गड्डी दे दी है, हम पर विश्वास है कि नहीं। यह सुनकर केसरीबाई ने जेवरात वाला बैग उन्हें दे दिया। उसी झोले में नोट की गड्डी रखी थी। जिसको उस युवक ने कब निकाल ली पता नहीं चला। युवक कहने लगा कि इस पोटली में तुम्हारे जेवरात बंधे हैं और आपके झोले में रख दिए हैं। झोला थमाने के बाद वह कहने लगे कि हम आपके लिए नाश्ता लेकर आते हैं। काफी देर तक इंतजार करने के बाद ही जब युवक नहीं आए तो केसरी बाई ने झोला खोलकर देखा। इस दौरान झोले में नोट की गड्डी और जेवरात नहीं थे। उन्होंने पोटली खोली तो उसमें कंकर-पत्थर बंधे हुए थे।

*बैंक ने कलेक्शन एजेंट बतौर किया था नियुक्त*

## बैंक का कलेक्शन एजेंट 31 महिलाओं की किस्त एक लाख 31 हजार लेकर फरार

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित इस्लाम नगर में निजी बैंक के कलेक्शन एजेंट ने लोन के 1 लाख 13 हजार रुपए का गबन कर दिया। आरोपी को बैंक ने किस्त वसूली के लिए बतौर कलेक्शन एजेंट रखा था। उसने कलेक्शन का पैसा बैंक में जमा करने की बजाए निजी खर्च में ले लिया। 31 महिलाओं की किस्त लेने के बाद से आरोपी फरार है। उसका मोबाइल भी बंद हो चुका है। ईंटखेड़ी पुलिस ने ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वसीम कुरैशी इस्लाम नगर स्थित एक्सिस बैंक में शाखा प्रबंधक है। उन्होंने ईंटखेड़ी पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि एक साल पूर्व लोन की किस्त की वसूली करने के लिए बैंक ने पवन गोस्वामी को नियुक्त किया था। जनवरी 2025 में पवन गोस्वामी ने 31 महिलाओं से घर जाकर लोन की किस्त वसूली और उसे बैंक में जमा करने की बजाय निजी खर्चे में रख लिया। इसके बाद वह फरार हो गया। बैंक प्रबंधन ने उसे कॉल किया, लेकिन उसका मोबाइल भी बंद हो चुका था। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था।

शालीमार बिल्डिंग के पास हुआ विवाद, झपटमारी का मामला दर्ज

# ओवरटेक करने पर विवाद, कार चालक से दो मोबाइल छीनकर भागे स्कॉर्पियो सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

» *पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक करने में जुटी*

» *हबीबगंज स्थित शालीमार बिल्डिंग के पास सवारी छोड़ने के बाद लौटते समय हुई वारदात*

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित शालीमार बिल्डिंग के पास दानापानी रोड पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ओवरटेक करने की बात को लेकर हुए विवाद में स्कार्पियो सवार दो युवकों ने ओरा कार सवार ड्राइवर से दो मोबाइल झपट लिए। घटना की शिकायत ओरा कार चालक ने तत्काल हबीबगंज पुलिस को की थी। पुलिस ने जांच के बाद स्कार्पियो सवार दो युवकों के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

पुलिस के अनुसार पीयूष मालवीय (22) रातीबड़ में रहता है और किराए पर टैक्सी चलाता है। शनिवार-रविवार की रात करीब साढ़े 12 बजे वह हबीबगंज स्थित शालीमार बिल्डिंग के पास सवारी छोड़ने गया था। लौटते समय दानापानी रोड पर एक स्कार्पियो में सवार दो युवकों ने उसे रोक लिया और ओवरटेक की बात को लेकर विवाद करने लगे। दोनों वाहनों के चालकों के बीच विवाद चल रहा था, तभी स्कार्पियो चालक के साथी ने पीयूष के हाथ से उसके दो मोबाइल फोन छीन लिए। उसके बाद दोनों युवक स्कार्पियो में बैठकर वहां से भाग निकले। झगड़े के दौरान पीयूष उनकी गाड़ी का नंबर नहीं देख सका था। पहले उसे लगा कि स्कार्पियो वाले युवक उसके मोबाइल लौटा देंगे, लेकिन जब मोबाइल नहीं मिले तो उसने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### सवारी ऑटो में महिला के गले से चेन चोरी

इधर, कोलार पुलिस ने बताया कि 58 साल की संध्या शर्मा मकान नंबर- दो आइना बंगला नियर अनुपम अस्पताल कोलार रोड पर रहती है। वह गृहणी हैं। रविवार दोपहर वह अपने भाई के घर आम्र विहार कॉलोनी कोलार जाने के लिए निकली थी। दोपहर करीब 1 बजे अनुपम अस्पताल से सवारी ऑटो में बैठकर ललिता नगर न्यू केयर चिकन के सामने पहुंची और ऑटो से उतरकर आम्र विहार कॉलोनी जा रही थी। रोड क्रॉस करते ही उन्हें पता चला कि उनके गले में चेन नहीं है। संध्या शर्मा ने चेक की आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। संध्या शर्मा ने पुलिस को बताया, जिस ऑटो में वह सफर कर रही थी। उस ऑटो में पहले से तीन महिला सवारी बैठी हुई थी।

### भभूत समझकर छात्रा ने खाया चूहामार, मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में गत दिनों बारहवीं की छात्रा ने भभूत समझकर चूहामार जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के बाद हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। हमीदिया अस्पताल इलाज के दौरान रविवार शाम छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार वैष्णवी सेन पिता मनोज सेन (17) लांबाखेड़ा में रहती थी। वह एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। वैष्णवी की मां ने घर के मंदिर में चूहे होने के कारण चूहामार जहर रख दिया था। गत 26 जनवरी को वैष्णवी ने पूजा की और भभूत समझकर मां द्वारा रखी गई चूहामार खा लिया। चूहामार खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टियां करने पर मां ने वैष्णवी से पूछा तो उसने बताया कि मंदिर में रखी भभूत खाई थी। यह सुनते ही माता-पिता उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां तबीयत में सुधार नहीं होने के कारण 7 फरवरी की रात परिजन वैष्णवी को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे। हमीदिया अस्पताल रविवार शाम करीब चार बजे वैष्णवी की मौत हो गई।

## पुलिस ने किया नाबालिग वाहन चोर गिरफ्तार एक बोलेरो कार सहित 7 दोपहिया वाहन जब्त

चोरी की बाइक खरीदने वाला नाबालिग भी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

थाना औबेदुल्लागंज पुलिस ने चोरी की एक बोलेरो कार और 7 दोपहिया वाहन जिनकी कीमत करीब 4,50,000 रुपए बताई गई जब्त की है। पुलिस ने नाबालिग वाहन चोर और चोरी के वाहन खरीदने वाले नाबालिग को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने रायसेन जिले में बढ़ती नकबजनी एवं वाहन चोरी के मामले में आरोपियों की तलाश के निर्देश दिए थे।

थाना औबेदुल्लागंज पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम करमई, गौतम नगर कॉलोनी के पास एक लड़का मटमैले रंग की शर्ट पहने हुए बिना नंबर की सफेद-लाल रंग की यामाहा कंपनी की फेजर बाइक लिए घूम रहा है। सूचना की तस्दीक के लिए टीम मौके पर पहुंची। जहां उक्त हुलिए का लड़का बाइक लिए मिला। टीम ने उक्त बालक को पुलिस अभिरक्षा में



पुलिस ने नाबालिग वाहन चोर से जब्त की चोरी की बाइक।

लेकर बाइक के दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। चोरी के संदेह में अभिरक्षा में लेने पर थाने के बाल कल्याण अधिकारी द्वारा मनोवैज्ञानिक रूप से पूछताछ की गई।

पूछताछ में नाबालिग बालक ने कबूल किया कि करीब 10-15 दिन पूर्व औबेदुल्लागंज बाजार से उक्त बाइक चोरी की, साथ ही पिछले 5-6 माह में औबेदुल्लागंज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से एचएफ डीलक्स पल्सर प्रो, यामाहा एफजेड, बजाज प्लेटिना, बोलेरो कार (ग्राम तामोट से) चोरी करना कबूला। इनमें से एक चोरी की बाइक खरीदने वाला नाबालिग भी शामिल होना बताया। इस कार्रवाई में एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई बीपी सिंह, दिलीप सिंह, राजेश धाकड़, राजेश देशमुख, आदेश चौरे, अभिषेक, पंकज चौधरी, रवि नरवरिया. राममूर्ति पटेल, ऋषभ यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## 16 साल की छात्रा से दो युवकों ने की छेड़छाड़, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा से दो मनचलों ने छेड़छाड़ कर दी। आरोपी गत 26 जनवरी से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहे थे। आरोपियों की हरकतें बढ़ने लगी तो छात्रा ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। आरोपियों में एक युवक हत्या के प्रयास के प्रकरण में जेल से जमानत पर आया है, जबकि दूसरा आरोपी तलाकशुदा है। पुलिस के अनुसार दोनों ही आरोपी परवलिया सड़क के हैं। रोहन उर्फ रंगा अभी हत्या के प्रयास के मामले में जेल से जमानत पर आया है। अक्षय दुबे का पत्नी से तलाक हो चुका है। दोनों आरोपी स्कूल के आसपास छात्राओं को कमेंट्स करते हैं।

कक्षा 11वीं के छात्रों ने आम जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर रखे विचार

## ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में 'बजट पे चर्चा' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों से जोड़ने और उन्हें वास्तविक जीवन से जुड़े मुद्दों पर सोचने का अवसर देने के लिए यूनियन बजट 2026 पर आधारित विचारोत्तेजक कार्यक्रम 'बजट पे चर्चा' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें कक्षा 11 के छात्रों ने अभिभावकों की उपस्थिति में वाद-विवाद के माध्यम से बजट और उसके आम जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर अपने विचार रखे।

समर्थन पक्ष के विद्यार्थियों ने बजट को युवा केंद्रित बताते हुए



'बजट पे चर्चा' कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी और अभिभावक।

शिक्षा, तकनीक, डिजिटल इंडिया, एमएसएमई, स्टार्टअप्स, सेमीकंडक्टर मिशन और मेक इन इंडिया जैसी पहलों को भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका मानना था कि ये योजनाएं दीर्घकाल में रोजगार के अवसर बढ़ाएंगी और देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूती प्रदान करेंगी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में अंशिका नागर, दीपिका नागर, वंशिका चौहान, मानसी चौहान, अंशुमान यादव, हर्षित यादव, आयुषी यादव, लीना तोमर एवं हितेश यादव ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### जिम्मेदारों की अनदेखी से नहीं मिल रहा लोगों को योजना का लाभ

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में संकल्प से समाधान, शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लेकिन ग्राम के जिम्मेदार की अनुपस्थिति और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहें हैं।

जिम्मेदारों की अनदेखी से ग्राम वासियों के सपने अधूरे रह जा रहें और विकास की गति धीमी हो रही है। शिविर में जिम्मेदारों की अनुपस्थिति से ग्राम वासियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे हैं और जिसके कारण आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के सपने सिर्फ सपने रह गए हैं।

## सरकारी राशन वितरण की दुकान में गड़बड़ी, कम मात्रा के साथ मिलावटी राशन बांट रहा दुकानदार

औबेदुल्लागंज महावीर कॉलोनी में अवैधानिक तरीके से चल रही दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज जनपद और गौहरगंज तहसील की सरकारी राशन वितरण की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ताजा मामला शिव शक्ति उपभोक्ता भंडार द्वारा औबेदुल्लागंज महावीर कॉलोनी में अवैधानिक तरीके से दुकान संचालित की जा रही है। महावीर कॉलोनी की दुकान से उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं




तजपुरा गौहरगंज धमधुसर आदि कई जगहों की दुकानें शिव शक्ति दुकान से अटैच है। उपभोक्ताओं ने बताया कि सरकारी राशन वितरण के दौरान चावल और गेहूं में मिलावट करके उपभोक्ताओं को बांटा जा रहा है। महिलाओं ने बताया कि शिव शक्ति उपभोक्ता भंडार से मिले चावलों को घर पर पकाया तो अजीब महसूस हुआ। वहीं कम मात्रा में राशन कम मिलना और शक्कर मिलता ही नहीं है।

### समय पर नहीं खुलती दुकान

उपभोक्ताओं ने बताया कि दुकान कभी भी समय पर खुलती नहीं है। गरीबों का आया राशन आधा बांटते हैं और आधा ब्लैक में बेच देते हैं। लीलाबाई कलाबाई पार्वती बाई आदि का कहना है कि उपभोक्ता को दिया जाने वाला राशन चक्कियों पर बेचा जाता है। इस संबंध में उपभोक्ताओं ने तहसीलदार से शिकायत की है। औबेदुल्लागंज में फूड अधिकारी का दफ्तर है, पर कई महीनों से अधिकारी दफ्तर में नहीं मिलते। तहसीलदार निलेश सरवटे ने बताया कि राशन नहीं मिलने की शिकायत आ रही है। वहीं जनपद के अधिकारी भी परेशान हैं। फूड अधिकारी न होने से ग्रामीण जनपद में आकर शिकायत करते हैं कि राशन कम मिल रहा है।

## अच्छे कर्म हमेशा अच्छे परिणाम लाते हैंः शर्मिला

**विद्यार्थियों के लिए भागवद गीता पर सत्र का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

जीवन में कर्म का महत्व सर्वोपरि है। कर्मयोग का पालन करते हुए ही उच्च सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। ये उदगार थे संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित विशेष सत्र 'भागवद गीता से सीख' की मुख्य वक्ता न्यूयॉर्क से पहुंची शर्मीला सानी के। जिन्होंने अत्यंत ही रोचक तरीके से छात्राओं को उक्त विषय पर विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में अमेरिका से आये सुनील सानी एवं नारी पोहानी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे भेंट कर किया गया।

शर्मीला सानी ने सर्वप्रथम ध्यान की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में धर्म एवं कर्त्तव्य पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा अपने कार्य को सर्वश्रेष्ठ तरीके से करें एवं फल की इच्छा न करें। अच्छे कर्म हमेशा अच्छे परिणाम लाते हैं। नारी पोहानी ने अपने उद्बोधन में दृढ़ता के साथ प्रार्थना विषय पर उद्देश्यपूर्ण तरीके से प्रकाश डाला।




विद्यार्थियों के लिए भागवद गीता पर सत्र में उपस्थित अतिथि।

### छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग

कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गीता के उपदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं की जिज्ञासाओं का सार्थक रूप से समाधान किया गया। कार्यक्रम में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारमानी, संत हिरदाराम महाविद्यालय समूह संस्थाओं के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, डॉ. आशीष ठाकुर, डॉ. डालिमा पारवानी, डॉ. अंकेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. चित्रा दारानी ने किया।

कोहेफिजा थाना स्थित एयरपोर्ट रोड पर देर रात हुआ हादसा

# बैरागढ़ से काम कर घर लौटते समय एयरपोर्ट रोड पर ट्रॉले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, प्रकरण दर्ज

» *पुलिस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया*

*पुलिस ने ट्रॉला चालक पर प्रकरण दर्ज कर शुरू की तलाश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा थाना स्थित एयरपोर्ट रोड पर देर रात तेज रफ्तार ट्रॉले ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हादसा उस वक्त हुआ, जब युवक काम से घर लौट रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जैकी कहार पुत्र रविशंकर कहार (20) काली माता मंदिर के पीछे गांधी नगर में रहता था और बैरागढ़ में प्राइवेट काम करता था। वह रोजाना रात करीब साढ़े नौ बजे तक काम से घर लौट आता था। शनिवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे तक वह घर नहीं लौटा तो बड़े भाई नीलेश कहार ने उसके मोबाइल फोन लगाया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने बताया कि जिस युवक का यह मोबाइल है, उसका एयरपोर्ट रोड स्थित द्रोणांचल के सामने ट्रॉले से एक्सीडेंट हो गया है। यह जानकारी मिलने के बाद नीलेश घटनास्थल पर पहुंचा तो पता चला कि पुलिस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया है। नीलेश जब हमीदिया अस्पताल पहुंचा तो बता चला कि उसके भाई जैकी कहार की मौत हो चुकी है। उसके बाद उसने कोहेफिजा थाने जाकर टक्कर मारने वाले ट्रॉला चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

### कॉम्बिंग गश्त के दौरान 62 फरार वारंटियों और 39 समन की तामीली

**भोपाल।** राजधानी के देहात इलाके बैरसिया में बीती रात कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान फरार स्थाई और गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के साथ ही गुंडे-बदमाशों को चैक किया गया। जानकारी के अनुसार बीती रात एसडीओपी बैरसिया के मार्गदर्शन में संभाग में सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य लंबे समय से लंबित वारंटों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर न्यायालयीन आदेशों की तामिली सुनिश्चित करना तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा। कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 62 वारंट एवं 39 समन तामील किए गए, जिनमें संबंधित वारंटियों की विधिसम्मत गिरफ्तारी कर न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया गया।

# धार्मिक दिखावे को हास्य व्यंग के रूप में प्रस्तुत करता विट्ठल आला रे...

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रुप में नाटक विट्ठल आला रे... का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान... कवि प्रदीप के इस गीत को आज भी सुनकर लगता है वाकई में हर युग में यह गीत जाना पहचाना और परिस्थिति के अनुसार ही लगता है। आवाज में यह गीत कई बार कई जगह हर साल बस सुना जाता है।

इस गीत के माध्यम से नाटक 'विट्ठल आला रे..' के जरिए भक्ति की आड़ में धार्मिक स्थानों पर हो रही फूहड़ता को आइने की समान दर्शकों के सामने लाता है। इस उपदेश के गीत के संदेश को विस्तृत रूप देते हुए भक्ति की आड़ में धार्मिक सीलों पर हो रही फूहड़ता, आइने की तरह दर्शकों के सामने लाता है। 'विट्ठल आला रे..' का यह मंचन सोमवार को रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में मंचित किया गया। रंग महिमा थिएटर समिति के द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह में मंचित इस नाटक में निर्देशन अनूप शर्मा का है और लेखन पुरुषोत्तम लक्ष्मण देशपांडे का। हास्य के साथ व्यंग से भरपूर इस प्रस्तुति ने समारोह को ओ भी खास बना दिया।


रंग श्री लिटिल बैले ट्रुप में नाटक विट्ठल आला रे... का मंचन करते कलाकार।

### कथासार

नाटक में दिखाया गया कि आज के समय में दिखावे की धार्मिकता और दिखावे की श्रद्धा ने समाज में ऐसे पैर पसारे हैं कि लोग उसी को सच मानने लगे हैं। फिर वो नेताओं के भ्रष्टाचार के पीछे धार्मिक आयोजन करना हो या युवाओं का सफलता पाने के लिए भगवान का सहारा लेना। दिखावे से भरे आधुनिकता के इसी रूप को जन मानस के सामने प्रस्तुत किया गया कि कैसे धर्म के नाम पर लोग भगवान के द्वार खटखटाते हैं और काम होने पर भूल जाते हैं।


नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

## भारतीय संचार दृष्टि केवल सूचना के प्रसार तक सीमित नहीं: डॉ. द्विवेदी



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) तथा स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा और संचार विषय पर एक शोधपरक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के संचार विभाग के विभागाध्यक्ष,भारतीय जनसंचार संस्थान नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनु श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की संचार दृष्टि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की परंपरागत ज्ञान प्रणाली संवाद, लोकबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित रही है। उन्होंने कहा भारतीय ज्ञान परंपरा आधुनिक मीडिया और जनसंचार के लिए भी वैचारिक आधार प्रदान करती है।

- एलएनसीटी में भारतीय ज्ञान परंपरा और संचार पर विचार संगोष्ठी

## वैलेंटाइन वीक: कपल्स एक दूसरे को देने के लिए तलाश रहे प्यार भरे गिफ्ट

# चॉकलेट-डे पर खूब बंटे गिफ्ट हैंपर, तो टेडी बियर डे के लिए पांडा बना शहर के लवर्स की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैलेंटाइन वीक जारी है, ऐसे में राजधानी भोपाल में जहां कपल्स एक दूसरे के लिए प्यार भरे गिफ्ट तलाश रहे हैं तो वहीं सड़क किनारे बैठे टेडी बियर वालों को भी जमकर बिक्री हो रही है। शहर में वेलेंटाइन वीक के लिए चॉकलेट वर्कशाप का भी आयोजन किया गया। जिसमें सिर्फ बड़ों ने ही नहीं बल्कि बच्चों ने भी भाग लिया। चॉकलेट मेकर दीपिका खेमानी ने कहा कि वेलेंटाइन वीक प्यार और एफेक्शन का वीक है, जिसमें कपल्स पूरे सप्ताह को बड़े ही चाव से सेलिब्रेट करते हैं, जहां वो एक दूसरे को चॉकलेट गिफ्ट करके अपने प्यार का इजहार करते हैं तो वहीं दूसरी ओर टेडी बियर जैसे गिफ्ट भी प्यार के इस त्यौहार में रंगत घोल देते हैं।



लिंक रोड नंबर एक किनारे गिफ्ट देने के लिए टेडी बियर पसंद करती युवती।

### पांडा की कीमत ज्यादा फिर भी डिमांड ज्यादा

वहीं ज्योति टॉकीज चौराहे पर सजी टेडीबियर दुकान के संचालक हरिश मेहता ने बताय कि टेडीबियर की कीमत सौ रुपये से शुरू होकर छह हजार रुपए तक है, जबकि छोटे पांडा की कीमत पांच सौ से शुरू होकर दस हजार रुपये तक है। इसके बावजूद ग्राहक पांडा खरीदने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।


लिंक रोड नंबर 3 किनारे बेचने के लिए रखा टेडी बियर।



### टेडीबियर की जगह पांडा की मांग ज्यादा

रेडक्रॉस चौराहे पर सजे टेडीबियर दुकान के संचालक महेश यादव ने बताया कि इस बार टेडीबियर की तुलना में पांडा की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। लवर्स एक दूसरे को गिफ्ट के रुप में पांडा देना पसंद कर रहे हैं, भले ही उसकी कीमत टेडीबियर से अधिक हो लेकिन फिर भी ब्लैक एंड व्हाइट कलर का पांडा गर्ल्स को ज्यादा पसंद आ रहा है।


चॉकलेट मेकर दीपिका खेमानी।

### कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स के रूप में खूब बिकी चॉकलेट, कपल्स ने किया सेलिब्रेट

वहीं वैलेंटाइन वीक के अंतर्गत सोमवार को चॉकलेट-डे पर शहर में प्यार और मिठास का खास नजारा देखने को मिला। जिसमें चॉकलेट शॉप्स, कैफे और गिफ्ट स्टोर्स पर सुबह से ही युवाओं और कपल्स की अच्छी-खासी भीड़ नजर आ रही है। इस दिन दिल के शेप वाली चॉकलेट्स और कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिली। कॉलेज स्टूडेंट्स से लेकर यंग कपल्स तक, हर कोई खास चॉकलेट के साथ प्यार का इजहार करता दिखा। चॉकलेट मेकर दीपिका ने कहा कि इस बार चॉकलेट-डे के लिए चॉकलेट फार्म के गिफ्ट हैंपर की ज्यादा डिमांड थी।





### जामिया इस्लामिया रूहुल हुदा का सातवां सालाना सम्मेलन

## 500 छात्राओं को एक साथ मिली कुरआन तालीम की सनद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में इस्लामिक आइडियल फाउंडेशन और जामिया इस्लामिया रूहुल हुदा का 7वां सालाना सम्मेलन शाहजहांनाबाद स्थित कम्युनिटी हॉल में रखा गया, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों के अलावा बिहार, ग्वालियर, इंदौर, झांसी, मुरादाबाद, आष्टा और कई अन्य इलाकों से बड़ी संख्या में उलेमा, शिक्षक, और छात्रों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन तजवीद-उल-कुरआन, दीनियात, मोमिनह कोर्स और आलिमह कोर्स में पढ़ने वाली पांच सौ से ज्यादा छात्राओं का सम्मान किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता शहरकाजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने की। मुफ्ती रईस अहमद ने फाउंडेशन की डायरेक्टर सैयदा महविश परवेज को सम्मान पत्र देकर नवाजा। इस मौके पर उलेमाओं ने संस्था इस कोशिश की तारीफ करते हुए कहा कि आज के दौर में कुरआन की शिक्षा को ऑनलाइन और ऑफलाइन चलाने से लोगों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने संस्थान द्वारा महिलाओं की शिक्षा पर भी जोर दिया जा रहा है।



7वां सालाना सम्मेलन में सम्मान प्राप्त छात्राएं।

### 12 से 14 फरवरी के बीच होगा पुस्तक का विमोचन

## भारतीय शोध चिंतन को नई दिशा देगी पुस्तक भारतीय शोध पद्धति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) के भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग से संबद्ध शिक्षाविद् डॉ. अमित कुमार दुबे ने शोध जगत को वैचारिक योगदान दिया है। उन्होंने भारतीय शोध पद्धति विषय पर एक मौलिक और विचारोत्तेजक पुस्तक का सृजन किया है, जो अनुसंधान के क्षेत्र में भारतीय बौद्धिक दृष्टिकोण को केंद्र में लाती है। इस पुस्तक के सह-लेखक डॉ. विकास कुमार सिंह हैं। इस पुस्तक के लेखकों का प्रयास है कि भारतीय दर्शन, ज्ञानमीमांसा और अनुभवपरक दृष्टि को आधुनिक शोध प्रक्रिया से जोड़ा जाए, जिससे अनुसंधान केवल तकनीकी अभ्यास न रहकर बोध और सत्य की खोज का साधन बने। पुस्तक का विमोचन 12 से 14 फरवरी के बीच आयोजित राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में किया जाना है। इस पुस्तक का प्रकाशन दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान ने किया है। इसका प्राक्कथन कपिल तिवारी ने लिखा है।

## केंद्रीय संस्कृत विवि भोपाल परिसर में इंडिया एआई मिशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि में इंडिया एआई मिशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव, उसके उपयोग, संभावनाओं तथा चुनौतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की उपस्थिति रही, कार्यशाला के सह-समन्वयक प्रो. योगेश जैन ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में इंडिया अक मिशन की अवधारणा, उद्देश्य और इसके लाभ तथा संभावित हानियों की जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को एआई के जिम्मेदार उपयोग पर बल देते हुए कहा कि तकनीकी विकास के साथ नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी आवश्यक है। कार्यशाला की संपूर्ण रूपरेखा और गतिविधियों की जानकारी सफीना अंसारी द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य वक्ता प्रो. मुनीश चंद्र त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंडिया एआई मिशन प्रौद्योगिकी विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और वर्तमान समय में विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रयोग में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई का प्रयोग आवश्यकता और विवेक के अनुसार करने की सलाह दी, ताकि तकनीक मानव जीवन को सरल और सुरक्षित बनाने में सहायक हो सके।



### साहित्यकारों के गीतों और काव्य से सजी 'गीत गागर' काव्य गोष्ठी

## जो बनते हैं पक्के यार वो गद्दार निकलेंगे, यही मुखबिर तुम्हारे दुश्मनों के यार निकलेंगे...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गीत गागर काव्य गोष्ठी का आयोजन हाल ही में किया गया। वासन्ती कवि गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्यकार जगत शर्मा ने की, उन्होंने वर्तमान परिदृश्य की कटु सच्चाई कुछ यूं अभिव्यक्त की जो बनते हैं पक्के यार वो गद्दार निकलेंगे, यही मुखबिर तुम्हारे दुश्मनों के यार निकलेंगे। वहीं गोष्ठी में कवि घनश्याम मैथिल अमृत ने अपने वासंती दोहों से गोष्ठी को नई ऊंचाईयां प्रदान करते हुए कहा कि बौराये से आम हैं बौराये से खास, बासन्ती परिवेश का कण-कण में अहसास। नगर की सुपरिचित कवियत्री ममता वाजपेई की काव्य पंक्तियों को भी खूब सराहना मिली जिन नजरों से देखा तुमको दिखती सिर्फ वही मैं ।


गीत गागर काव्य गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार।

## साहित्यकार का काम समाज को दिशा देना है: डॉ. उमेश

डॉ. आनन्द कुमार सिंह गौतम की दो काव्य कृतियां हुईं लोकार्पित




साहित्यकार का काम समाज को दिशा देना है। साहित्यकार का व्यक्तित्व उसके कृतित्व में झलकता है साहित्य में राष्ट्र और समाज की चिंता सर्वोपरि है। यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व निदेशक म प्र साहित्य अकादमी डॉ. उमेश कुमार के जो साहित्यकार डॉ. आनन्द कुमार सिंह गौतम की सध्य प्रकाशित कृतियों ओस की बूंदे काव्य संग्रह एवं कुछ यादों का कारवां मुक्तक संग्रह के रंजन कलश साहित्य समिति द्वारा दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

### संग्रहों की चुनिंदा रचनाओं का किया वाचन

कार्यक्रम में रचनाकार डॉ. आनन्द सिंह गौतम ने अपनी सृजन प्रक्रिया के बारे में अपने अनुभव साझा करते हुए संग्रहों की चुनिंदा रचनाओं का वाचन किया, इस आयोजन में नगर के अनेक प्रतिष्ठित रचनाकार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में विनोद कुमार जैन ने सभी का आभार प्रकट किया।




## बीएसएसएस में यूनियन बजट 2026 पर विशेष बजट सेशन

**भोपाल।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज बीएसएसएस के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट द्वारा यूनियन बजट 2026 पर एक विशेष बजट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेशन की रिसोर्स पर्सन श्रद्धा अटल शारदा रहीं,उन्होंने अपने प्रभावशाली और जानकारीपूर्ण व्याख्यान के माध्यम से यूनियन बजट 2026 के प्रमुख प्रावधानों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया।

## 'बस्तर पंडुम' का समापन

# शाह बोले- माओवाद से समाज को कभी लाभ नहीं मिला, इससे विनाश ही हुआ

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य बस्तर की संस्कृति और विरासत को विश्व पटल तक पहुंचाना है, ताकि इसकी पहचान बंदूक और विस्फोटकों से नहीं बल्कि परंपरा से हो। शेष बचे कई नक्सलियों में युवा आदिवासी लड़कियां भी शामिल हैं, उनका पुनर्वास जरूरी है क्योंकि उनका पूरा जीवन आगे पड़ा है

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि माओवाद ने कभी किसी समाज को लाभ नहीं पहुंचाया और जहां भी यह मौजूद रहा, उसने तबाही फैलाई। उन्होंने इस संबंध में कोलंबिया, पेरू और कंबोडिया जैसे देशों का उदाहरण दिया। शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम 2026' सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए दोहराया कि 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। उन्होंने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और उन्हें सम्मानजनक पुनर्वास का वादा किया। ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय 'बस्तर पंडुम' के समापन समारोह में उनके आगमन पर सीएम विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने उनका स्वागत किया।



स्कूल और अस्पताल जलाने वालों को नहीं बख्शेंगे

नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील



जगदलपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया

### बस्तर की पहचान उसकी संस्कृति

अमित शाह ने कहा कि सरकार बस्तर की संस्कृति को आने वाले दशकों तक सुरक्षित रखना चाहती है। पीएम मोदी का लक्ष्य बस्तर की संस्कृति और विरासत को विश्व पटल तक पहुंचाना है, ताकि इसकी पहचान बंदूक और विस्फोटकों से नहीं बल्कि परंपरा से हो। शेष बचे कई नक्सलियों में युवा आदिवासी लड़कियां भी शामिल हैं, उनका पुनर्वास जरूरी है क्योंकि उनका पूरा जीवन आगे पड़ा है।

### छग की पुर्नवास नीति आकर्षक

अमित शाह ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माओवादी पुनर्वास नीति सबसे आकर्षक है। जो लोग गोली चलाना, स्कूल और अस्पताल जलाना जारी रखेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, हिंसा का कड़ा जवाब मिलेगा। माओवाद ने समाज को कभी लाभ नहीं पहुंचाया।

### बस्तर तेजी से विकास के रास्ते पर

शाह ने कहा कि बस्तर अब तेज विकास के रास्ते पर है। हमारा संकल्प है कि अगले पांच वर्षों में बस्तर देश का सबसे विकसित आदिवासी बहुल संभाग बने। बस्तर इलाके में विकास को तेज करने के लिए एक बड़ा रोडमैप तैयार किया है, जिसमें सात जिले हैं। इसका उद्देश्य दिसंबर 2027 तक सभी गांवों में बिजली पहुंचाना, हर गांव में मोबाइल कनेक्टिविटी देना है।

### स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

अमित शाह के बस्तर आगमन पर हजारों स्कूली बच्चों ने 'ऐसा जादू है मेरे बस्तर में' गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उनका स्वागत किया। उनकी शानदार प्रस्तुति ने शाह को भी तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने मलखंब का भी प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन गेम की लत से बढ़ा बीपी, हुई मौत

**मेरठ।** मेरठ के देहली गेट थाना क्षेत्र के खेरनगर इलाके में ऑनलाइन गेम खेलते समय एक 22 वर्षीय युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। युवक को ब्रेन हैमरेज हुआ था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दिल्ली में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद कैफ के रूप में हुई है।



### सेंगर की याचिका 3 माह में निपटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वह इस मामले से जुड़ी अपीलों की सुनवाई तेजी से करे। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट ने निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।



### सीबीआई रिपोर्ट में तिरूपति लड्डू में मिलावट

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश साधु परिषद के अध्यक्ष श्रीनिवासानंद सरस्वती ने सोमवार को आरोप लगाया कि तिरुपति लड्डू पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट ने घी में मिलावट की पुष्टि की है। सरस्वती ने दावा किया कि 20 करोड़ रुपए के लड्डू में मिलावट की गई थी। इसके पीछे खाद्य माफिया है।



### चॉकलेट के अंदर जिंदा कीड़ा होने का दावा

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में चॉकलेट के भीतर अंडों के साथ एक जिंदा कीड़ा मिलने का दावा किया है। बिलासपुर सदर क्षेत्र के मंडी मनवा गांव निवासी रमेश चंद कौंडल ने दावा किया कि चॉकलेट के पैकेट पर खाने के लिए आखिरी तिथि मई 2026 अंकित थी।



## पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# किसी को भी 'बाधा' डालने की अनुमति नहीं चुनाव में लगे अधिकारी डीईओ को रिपोर्ट करें

पीठ ने कहा कि हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की सीएम ममता बेनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है। पीठ ने कहा कि हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए।

शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है।

मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी कोर्ट

उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप

### निर्वाचन आयोग ही तय करेगा अधिकारियों की नियुक्ति



केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे।

### आदेश ममता सरकार को करारा जवाबः पात्रा

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ममता बेनर्जी और टीएमसी पर करारा जवाब बताया। उन्होंने कहा कि कोर्ट में टीएमसी ने जब अपनी दलीलें रखी तो उसे इस प्रकार से प्रस्तुत किया कि मानो चुनाव आयोग बंगाल के लोगों के ऊपर और खासकर तृणमूल कांग्रेस पर आक्रमण कर रही है। याचिका में ममता बेनर्जी द्वारा प्रयोग किए गए शब्द भी काफी आपत्तिजनक थे। दाखिल की गई याचिकाओं में सत्य उजागर होता है। सीएम बेनर्जी ने अपने भाषणों से बंगाल में हिंसा को भड़काने की कोशिश की। उन्होंने टीएमसी के नेताओं पर बंगाल के कई ब्लॉकों में दंगे करने का भी आरोप लगाया है।



### सीजेआई बोले- ये कोई बाजार नहीं

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी के हस्तक्षेप पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि ये कोई बाजार नहीं है। कोर्ट में अनुशासन और गरिमा बनाए रखें। मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि मंदिरों की देखरेख करने वाले एक संगठन ने एक याचिका दायर की है। इस दलील पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, बारी-बारी से सुनते हैं। तल्ख लहजे में जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा- आप किसी बाजार में बैठे हैं या अदालत में हैं।



### गुंडा राज अस्वीकार्य

दिल्ली की एक जिला अदालत में वकील और उसके मुवक्किल पर हुए हमले का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। वकील ने कोर्ट को जानकारी दी कि हमलावरों ने कोर्ट रूम का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया था। उस समय जज और कोर्ट के कर्मचारी भी वहीं मौजूद थे। इस मामले पर सीजेआई ने कहा कि अगर पुलिस इस मामले में दखल नहीं दे रही है, तो यह कानून की अवहेलना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना को गुंडा राज बताया और कहा कि ऐसी हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। बेंच ने वकील को निर्देश दिया कि वह सबसे पहले दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। कोर्ट ने साफ किया कि अदालत परिसर में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

## राज्यसभा में सुरजेवाला का सरकार पर हमला

# 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पटरी से उतरी बजट गांव, गरीब, किसान विरोधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार जिस बजट को 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' बता रही है, वह हकीकत में पहले ही स्टेशन पर पटरी से उतर चुकी है। सुरजेवाला ने बजट को शब्दों और जुमलों का पुलिंदा बताते हुए कहा कि इसमें न तो ठोस सुधार हैं और न ही आम जनता के लिए राहत। भारी-भरकम दावे, बड़ी-बड़ी घोषणाएं और आकर्षक भाषण जरूर दिए गए, लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि यह बजट गांव, गरीब, किसान और सामाजिक न्याय के खिलाफ है। सुरजेवाला ने इसे 'कटौती बजट' करार देते हुए कहा कि सरकार ने चुपचाप हर अहम क्षेत्र में कैंची चला दी है। कृषि क्षेत्र को लेकर कहा कि पिछले बजट में 'फूड बास्केट ऑफ द वर्ल्ड' बनने की बातें की गईं और कई मिशनों की घोषणा हुई, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। कॉटन टेक्नोलॉजी, दाल, सब्जी-फल मिशन, हाइब्रिड बीज मिशन पर एक पैसा खर्च नहीं किया गया है।



रणदीप सिंह सुरजेवाला फाइल फोटो

### पूंजीगत व्यय घटा

सुरजेवाला ने कहा कि पूंजीगत व्यय किसी भी देश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना होता है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में इसमें लगातार गिरावट आई है। 2023-24 में पूंजीगत व्यय जीडीपी का 4.2% था, 2024-25 में यह 4% रह गया, जबकि 2025-26 के संशोधित अनुमान में यह 3.% तक गिर गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संशोधित अनुमान में 1.45 लाख करोड़ की कटौती की गई, जिसका सबसे ज्यादा बोझ राज्यों पर पड़ा। ऐसे में बजट 2026-27 में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय का दावा केवल कागजी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मखाना बोर्ड की घोषणा बिहार चुनाव को ध्यान में रखकर की गई, लेकिन महीनों तक बोर्ड अस्तित्व में ही नहीं आया।

### खाद सब्सिडी में की कटौती

सुरजेवाला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद की कीमतें बढ़ने के बावजूद सरकार ने यूरिया और फॉस्फेट-पोटाश सब्सिडी में हजारों करोड़ रुपये की कटौती कर दी है। इससे किसानों को महंगी खाद और कालाबाजारी का सामना करना पड़ेगा। 'नमो ड्रोन दीदी' योजना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 676 करोड़ की घोषणा के बावजूद करीब 85 प्रतिशत राशि खर्च नहीं की गई, और देशभर में करोड़ों महिलाओं के बीच केवल 500 ड्रोन वितरित किए गए। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश की 46 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान केवल 15 प्रतिशत है। इसके बावजूद ग्रामीण आय बढ़ाने और सामाजिक असमानता दूर करने के लिए बजट में कोई ठोस नीति नहीं दिखाई देती।

## डिजिटल धोखाधड़ी पर कोर्ट सख्त

# कहा- यह सरासर डकैती है पूरे देश में लागू हो एसओपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए इसे डकैती या लूट करार दिया है। अदालत ने कहा कि अब तक 54,000 करोड़ से अधिक की राशि साइबर ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है, जो बेहद गंभीर स्थिति को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तैयार किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में लागू किया जाए, ताकि डिजिटल फ्रॉड पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। कोर्ट ने कहा कि मामलों में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई और बैंकों से कहा कि वे ऐसे मामलों में समय पर और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। सीबीआई देशभर में सामने आए डिजिटल अरेस्ट मामलों की पहचान करे और उनसे जुड़े तथ्यों की विस्तृत जांच की जाए।




सुप्रीम कोर्ट

## मणिपुर के उखरुल में फिर भड़की हिंसा

# 21 घर जलाए, शांति बहाली की कोशिश में जुटा प्रशासन


एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के उखरुल में मामूली विवाद के बाद भड़की हिंसा में अब तक 21 घर जल चुके हैं। हथियारबंद बदमाशों की फायरिंग के बाद कई ग्रामीणों ने पलायन किया है। प्रशासन ने सुरक्षा बल तैनात कर दिए हैं। सीएम और उपसीएम शांति बहाली की कोशिशों में जुटे हैं और लोगों से संयम बरतने को कहा है। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर को एक बार फिर हिंसा भड़क गई। यह हिंसा तब भड़की जब कथित तौर पर हथियारबंद बदमाशों ने लिटन सरेखोंग गांव में कई घरों को आग लगा दी। इस दौरान हमलावरों ने हवा में गोलियां भी चलाईं। इस डर से ग्रामीण अपना जरूरी सामान लेकर पड़ोसी जिले कांगपोकपी के सुरक्षित इलाकों में चले गए हैं। कई तांगखुल ग्रामीणों ने भी अपना घर छोड़ दिया है। इस हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को हुई थी।



मणिपुर में हिंसा

## बर्फ से ढके 'बद्रीनाथ' धाम का मनोरम दृश्य



चमोली उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बद्रीनाथ धाम का मनोरम दृश्य दिखाई दे रहा है। राज्य के 5 जिलों उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में मौसम ने करवट ली है। इन 5 जनपदों में 3000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा और बर्फबारी हुई है।

## आरोप : महिला सांसदों के खिलाफ लोकसभा स्पीकर का बयान अपमानजनक

# विपक्षी नेताओं ने ओम बिरला को लिखा पत्र, कहा- आधारहीन आरोप लगाए जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की कुछ महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि महिला सांसदों के खिलाफ आधारहीन आरोप लगाए जा रहे हैं और विपक्ष के संसदीय अधिकारों को नकारा जा रहा है। सांसदों ने पत्र में लिखा कि उन्होंने सांविधानिक तरीके से प्रधानमंत्री का विरोध किया और इसलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। दरअसल, तमिलनाडु से निर्वाचित कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि ने स्पीकर ओम बिरला के शब्दों पर आपत्ति जताई है।

**खास बातें**

- बिरला बोले थे- सदन में कोई अप्रिय घटना हो सकती थी
- महिला सांसद बोलीं- विरोध करना संवैधानिक अधिकार

### अनहोनी के चलते पीएम को सदन में आने से रोकाः बिरला





लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि

इससे पहले 5 फरवरी को स्पीकर ओम बिरला ने कहा था कि जिस तरह का माहौल उस दिन लोकसभा में बना, उसमें कोई भी अप्रिय और अप्रत्याशित घटना घट सकती थी। ऐसा व्यवहार संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के बिल्कुल विपरीत था। पीएम मोदी शाम 5 बजे बोलने वाले थे। लेकिन सांसद सीट के पास पहुंच गईं। पीएम सदन में नहीं आए और भाषण रद्द हो गया। अगले दिन स्पीकर ने सदन में कहा कि अनहोनी हो सकती थी, इसलिए उन्होंने पीएम को सदन में आने से रोका।

### स्पीकर निष्पक्ष रहें: महिला सांसद

पत्र में महिला सांसद ज्योतिमणि ने लिखा कि सत्ताधारी दल के दबाव में स्पीकर विपक्षी पार्टियों, खासकर कांग्रेस सांसदों के खिलाफ बेबुनियाद और अपमानजनक आरोप लगा रहे हैं। स्पीकर को बिना पार्टी से जुड़ाव को देखे, सभी सांसदों की गरिमा की सुरक्षा करनी चाहिए और साथ ही निष्पक्ष रहना चाहिए।

### मेरा माइक बंद किया: डिंपल

यूपी से निर्वाचित समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव ने लोकसभा में माइक बंद किए जाने के आरोप लगाए। हंगामे और नारेबाजी के बीच कार्यवाही स्थगित होने के बाद डिंपल ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कहा कि इंडिया ब्लॉक में जो भी फैसला होगा, पार्टी उसके साथ जाएगी।

**चैंपियंस को दी गई बधाई**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने 6 फरवरी 2026 को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप जीता है।

## राज्यसभा में बजट को लेकर पक्ष-विपक्ष में रार

### बेरोजगारी गंभीर चुनौती : चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह भुला दिया जाने वाला बजट है। बहुचर्चित 'सुधार एक्सप्रेस' पटरी से नहीं उतरी है, बल्कि अटकी हुई है तथा युवाओं में बेरोजगारी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।



### राजकोषीय घाटे को कम करना सराहनीय : सिंह



भाजपा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कमी लाए बिना राजकोषीय घाटे को कम करने की घोषणा की है, जो सराहनीय है।

### बजट से मध्यम वर्ग निराश : चड्ढा



आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि बजट में आयकर की दरों में कोई बदलाव नहीं होने से मध्यम वर्ग निराश है। लोगों को उम्मीद थी कि आयकर की सीमा में वृद्धि की जाएगी।

**चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग की जगह खोज ली है**

# चंद्रयान-4 के लिए खुशखबरी-चांद पर सबसे सुरक्षित लैंडिंग होगी और मिट्टी के साथ चट्टानों के नमूने भी आएंगे भारत, रिसर्च को लगेंगे पंख

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए जिस स्थान को चुना है, वह साधारण जगह नहीं बल्कि चंद्र सतह का बेहद महत्वपूर्ण इलाका है। साउथ पोल के निकट स्थित मॉन्स माउटन लगभग 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है, जिसकी चोटी अपेक्षाकृत सपाट है और यही विशेषता इसे लैंडिंग के लिए उपयुक्त बनाती है। लंबे समय तक सूर्य की रोशनी, अपेक्षाकृत सुरक्षित भूभाग और संभावित वॉटर आइस की मौजूदगी इसे वैज्ञानिकों के लिए और भी आकर्षक बनाती है। लैंडिंग साइट की खोज में चंद्रयान-2 ऑर्बिटर एक बार फिर इसरो के लिए 'आई इन द स्काई' साबित हुआ। ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरा द्वारा ली गई 32 सेंटीमीटर प्रति पिक्सल की सूक्ष्म तस्वीरों ने वैज्ञानिकों को छोटे क्रेटर, ढलान, बोल्डर और सतही संरचना को बेहद विस्तार से समझने में मदद की। यही विश्लेषण लैंडिंग साइट के चयन में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग जगह खोज ली है।

इस जगह को खोजने के लिए इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से ली गई हाई रिज़ॉल्यूशन तस्वीरों की स्टडी की। मॉन्स मूटन नाम के पहाड़ के पास 1 वर्ग किलोमीटर का एक पैच सबसे अच्छा बताया गया है। यह भारत का पहला लूनर सैंपल रिटर्न मिशन होगा, यानी चांद से मिट्टी और पत्थर लाकर पृथ्वी पर वापस लाना।

*पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा*

*हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें गड्ढों, पत्थरों और ढलानों को बहुत साफ दिखाती हैं*

## लैंडिंग ही नहीं, सैंपल भी लेकर लौटेगा चंद्रयान-4



2104 करोड़ रुपये लागत वाला चंद्रयान-4 केवल चंद्रमा पर उतरकर वैज्ञानिक अध्ययन ही नहीं करेगा, बल्कि पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा। यह मिशन इसरो के सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण अभियानों में से एक है। दो अलग-अलग रॉकेट-एलवीएम-3 और पीएसएलवी-अपने अपने मॉड्यूल लेकर प्रक्षेपित होंगे। एक स्टैक उत्खनन और संग्रहण का कार्य करेगा, जबकि दूसरा सैंपल को पृथ्वी तक सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक मॉड्यूल लेकर जाएगा।

**भारत के अंतरिक्ष विज्ञान का ऐतिहासिक कदम**

चंद्रयान-4 सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान की नई उड़ान का प्रतीक है। चंद्र सतह से सैंपल लाकर अध्ययन करना वैज्ञानिक खोजों के बिल्कुल नए क्षितिज खोलेगा। यह मिशन न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता का प्रमाण होगा, बल्कि मानवता के चंद्र अध्ययन के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा।

### क्या फायदा?

ये हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें गड्ढों, पत्थरों और ढलानों को बहुत साफ दिखाती हैं। इससे सटीक लैंडिंग का फैसला आसान होता है। अगर लैंडिंग साइट सिलेक्शन कमेटी मंजूरी देती है, तो यही जगह चंद्रयान-4 की लैंडिंग के लिए चुनी जाएगी। यह अध्ययन दिखाता है कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कितना आगे बढ़ चुका है। चंद्रयान-4 सफल हुआ तो भारत चांद के रहस्यों को और करीब से समझ सकेगा। दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ भी हो सकती है, जो भविष्य के मिशनों के लिए जरूरी है। इसरो की यह तैयारी भारत को अंतरिक्ष की महाशक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में ट्रक हादसे में 30 लोगों की मौत

**कानो (नाइजीरिया)।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।



कानो के गवर्नर के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक से नियंत्रण खो दिया जिससे कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई।

### हमास के एक सहयोगी को किया गिरफ्तार

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में सोमवार तड़के एक अभियान में इजराइली सेना ने फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। इजराइली सेना और लेबनान की मीडिया ने यह जानकारी दी।



लेबनान की मीडिया के मुताबिक गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का संबंध एक स्थानीय सुन्नी इस्लामिक समूह से भी था। इजराइली सेना पूछताछ के लिए उसे इजराइल ले गई। इजराइली ड्रोन ने कार पर हमला किया था।

## पैकेज से सेशेल्स के विकास को मिलेगी मजबूती

# सेशेल्स के लिए भारत ने दिखाया बड़ा दिल 17.5 करोड़ डॉलर के 'पैकेज' का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज की घोषणा की, ताकि सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह ऐलान दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों का एक मजबूत स्तंभ रहा है, जिसमें सभी पहल सेशेल्स की प्राथमिकताओं और जरूरतों के हिसाब से हैं। उन्होंने कहा कि यह विशेष आर्थिक पैकेज ठोस, लोगों पर केंद्रित प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट करेगा और रोजगार और स्किल-ट्रेनिंग के मौके पैदा करेगा, खासकर सेशेल्स के युवाओं के लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति हर्मिनी की यह यात्रा एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है, क्योंकि भारत और सेशेल्स अपने राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे कर रहे हैं, और उन्होंने विश्वास जताया कि यह मील का पत्थर दोनों देशों को अपनी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल कूटनीति से, बल्कि हिंद महासागर से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार बढ़ा है, संस्कृतियां मिली हैं, और साझा इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण के कारण समय के साथ संबंध मजबूत हुए हैं।

भारत-सेशेल्स के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे

दोनों देशों में समय के साथ संबंध मजबूत हुए हैं

### दोनों देशों का रिश्ता जमीन से समुद्र तक



दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स में भारतीय समुदाय ने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, साथ ही पीढ़ियों से द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विश्वसनीय समुद्री पड़ोसी और भारत के महासागर विजन के एक अभिन्न अंग के रूप में सेशेल्स के महत्व पर भी जोर दिया, और कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग जमीन, पानी और समुद्र तक फैला हुआ है।

#### राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा

राष्ट्रपति हर्मिनी रविवार को चेन्नई और मुंबई में अपने कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद नई दिल्ली पहुंचे। अक्टूबर 2025 में पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है और यह दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के साथ हो रही है।

#### मुंबई और चेन्नई में निवेश पर चर्चा

राष्ट्रपति हर्मिनी का यह दौरा केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह से बिजनेस सेंट्रिक भी रहा है। दिल्ली पहुंचने से पहले उन्होंने चेन्नई और मुंबई में समय बिताया, जहां उन्होंने गवर्नेंस, इंडस्ट्री और कोस्टल मैनेजमेंट से जुड़े प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ मुलाकात की। पिछले साल अक्तूबर में पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है, जो पांच दिनों तक चलेगा। रविवार को दिल्ली पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया था और सोमवार को उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

#### हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत

इससे पहले, दोनों नेताओं ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत की। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति हर्मिनी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। वहीं एक्स पर जानकारी साझा करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांत भारत-सेशेल्स साझेदारी का मार्गदर्शन और प्रेरणा देते रहेंगे।

#### विजन 'सागर' और रणनीतिक महत्व

बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद रहे। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'विजन सागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि एक समुद्री पड़ोसी के रूप में, सेशेल्स का समर्थन इस क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा के लिए बेहद मूल्यवान है।

### कयासों के बीच विदेश सचिव ने स्पष्ट किया भारत का रुख

# तेल की खरीद को लेकर किसी एक के भरोसे नहीं भारतः मिस्त्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते दिनों भारत-अमेरिका के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का मुख्य आधार माने जाने वाले निर्णय यानी भारत द्वारा रूस से सस्ते दाम पर की जा रही तेल की खरीद पर पूरी तरह से रोक लगाने को लेकर जारी चर्चाओं और कयासों के बीच सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मामले पर देश की स्थिति को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। जिसमें उन्होंने रूस का नाम लिए बगैर कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की खरीद को लेकर किसी एक के भरोसे पर नहीं है।

बल्कि हम दर्जनों देशों से तेल की खरीद कर रहे हैं। किसी एक देश या स्रोत पर हमारी निर्भरता नहीं है, न ही हमारा ऐसा कोई इरादा है। इस मामले में भारत के राष्ट्रीय हित यानी हमारे घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा आवश्यकताओं की हर हाल में पूर्ति करना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यावसायिक पक्ष जैसे तेल कंपनियां लें। उसके केंद्र में राष्ट्रीय हित ही हमेशा शीर्ष में रहेंगे। हमारा डेटा मेरे इस कथन की पुष्टि करता है। हमारी सोच व रणनीति मामले में वैश्विक बाजारों के आकलन और स्थिरता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए कई विकल्पों या स्रोतों को बनाए रखने की रही है। यह जानकारी विदेश सचिव ने भारत-सेशेल्स के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद आयोजित किए गए विशेष संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में दी है।

#### भरोसेमंद आपूर्ति पर देते ध्यान

विदेश सचिव ने कहा कि भारत की तेल आयात नीति साफ-सुथरी कीमत और भरोसेमंद सप्लाई जैसे तमाम उद्देश्यों से जुड़ी हुई है।



#### ऊर्जा का सबसे बड़ा आयातक भारत

भारत तेल और ऊर्जा क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा आयातक देश है। हम एक विकासशील अर्थव्यवस्था भी हैं, जिसके तहत हमें अपने संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी जागरूक होना ही चाहिए। वर्तमान में भारत 80 से 85 फीसदी तक इस संबंध में आयातित संसाधनों पर ही निर्भर है। इतने बड़े पैमाने पर तेल आयात पर निर्भरता के चलते आयात लागत से उत्पन्न महंगाई की चिंता बने रहना स्वाभाविक है। लेकिन हमारी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की तेल कंपनियां वैश्विक बाजार में मौजूद उपलब्धता, जोखिम, साथ ही जवाबदेही और वित्तीय-लॉजिस्टिक सहित अन्य जटिल पहलुओं को भी ध्यान में रखती हैं।

### रक्षा मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक से निकला ये अहम निष्कर्ष

# भारत-ग्रीस बनाएंगे रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत, संयुक्त घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ग्रीस (हेलेनिक गणराज्य) के रक्षा मंत्रियों के बीच सोमवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने के लिए एक संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना 2026 का आदान-प्रदान किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस बैठक में भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ग्रीस के समकक्ष यानी रक्षा मंत्री निकोलाओस-जॉर्जियोस डेंडियास शामिल हुए।

#### घोषणापत्र के खास बिंदु

मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिस संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उसमें भारत के आत्मनिर्भर भारत और एजेंडा 2030 के तहत ग्रीस के रक्षा सुधारों के मध्य साझेदारी के जरिए अपने-अपने स्वदेशी रक्षा उद्योगों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। ये घोषणापत्र पंचवर्षीय रोडमैप तैयार करने का एक प्रारंभिक बिंदु है। दोनों शीर्ष मंत्रियों ने रणनीतिक साझेदारी को शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और पारस्परिक सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित होने की बात दोहराई है।

#### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी सहमति जताई गई है। 2026 के लिए जिस द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का आदान-प्रदान किया गया है। उसमें दोनों देशों के सैन्य बलों के बीच गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अलावा प्रमुख समुद्री मुद्दों पर सहयोग को लेकर भी बैठक में सहमति का उल्लेख किया गया है। ग्रीस की ओर से गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र-आईओआर में एक ग्रीक अंतरराष्ट्रीय संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा की गई है।

### वाटसएप-मेटा गोपनीयता नीति मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 23 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाटसएप-मेटा गोपनीयता नीति मामले की सुनवाई 23 फरवरी, 2026 तक के लिए स्थगित कर दी। यह मामला सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। पीठ के समक्ष मौखिक सुनवाई के दौरान, एक वकील ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और उन्होंने पीठ से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। भारत में मेटा और वॉटसएप को न्यायिक अल्टीमेटम का सामना क्यों करना पड़ रहा है? सुप्रीम कोर्ट तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों मेटा प्लेटफॉर्म्स और वाटसएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें सीसीआई के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उनकी गोपनीयता नीति को लेकर उन पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। 3 फरवरी, 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म कंपनी मेटा को भारत में लाखों मूक उपभोक्ताओं" के निजता के अधिकार का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देगा।



### एपस्टीन फाइल्स-10 देशों में इस्तीफे, 80 लोगों की जांच

# यूएस से यूरोप तक असर, राजनेताओं और अरबपतियों,शाही परिवारों तक पहुंची जांच

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं।

इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी



और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चैट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया।एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। सरकारों ने जांच के आदेश दिए हैं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फ्रेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ।

## दोहरा चेहराः एक तरफ कहते हैं हम डरने वाले नहीं, दूसरी तरफ बंकर में छिप रहे

*हमारी नीतियां तय करने वाला अमेरिका कौन?*

# ईरान ने कहा-हम डरने वाले नहीं, यूरेनियम संवर्धन प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं। तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है।

अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी।



अराघची

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं।

*ट्रंप की धमकियों के बीच 37 साल पुरानी परंपरा तोड़ी*

# अमेरिकी हमले के डर से अंडरग्राउंड होने को मजबूर ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई

अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ा दिया है। एक तरफ तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खाड़ी में अमेरिका की सैन्य ताकत को बढ़ा दिया है। वहीं दूसरी तरफ परमाणु वार्ता करने के लिए मजबूर कर दिया है। ऐसे में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने कथित तौर पर ईरानी वायु सेना कमांडरों के साथ हर साल 8 फरवरी को होने वाली बैठक में भाग न लेकर अपनी 37 साल पुरानी परंपरा को तोड़ दिया है। माना जा रहा है कि अमेरिकी हमले के डर से खामेनेई अंडरग्राउंड हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई ने 1989 में नेतृत्व संभालने के बाद से हर साल इस वार्षिक बैठक में भाग लिया है। यहां तक कि जब कोरोना महामारी आई थी, उस दौरान भी खामेनेई इसमें शामिल हुए थे। हर साल ईरान में 8 फरवरी को वायु सेना कमांडरों की बैठक होती है। यह दिन 8 फरवरी 1979 की वर्षगांठ का प्रतीक है, जब ईरान वायु सेना अधिकारियों के एक समूह ने पहलवी राजवंश को उखाड़ फेंकने के लिए रुहोल्लाह खुमैनी के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा की थी। खुमैनी ही इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक थे और खामेनेई के पहले ईरान के सुप्रीम लीडर थे। इन चार दशकों में, 8 फरवरी का यह दिन एक प्रतीक बन गया। इसी दिन वायु सेना के कर्मी और कमांडर हर साल ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलते थे। इस साल खामेनेई के बजाय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ अब्दोलरहीम मौसवी ने रविवार को सेना वायु सेना के कमांडरों से मुलाकात की।



खामेनेई


### शॉपिंग सेंटर में हुई गोलीबारी

# टोरंटो में भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के टोरंटो में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 37 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस संबंध में रविवार को जारी एक बयान में टोरंटो पुलिस ने मृतक की पहचान ब्रैम्पटन निवासी चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में की है। बयान के अनुसार शनिवार को दोपहर लगभग 3:31 बजे पुलिस को रेक्सडेल बुलेवार्ड और राजमार्ग 27 पर स्थित वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में गोलीबारी की सूचना मिली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों को एक व्यक्ति गोली लगने से गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।





हालांकि, उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, नंदकुमार मूल रूप से कर्नाटक के निवासी थे और पेशे से आईटी विशेषज्ञ थे।





# स्कॉटलैंड का एसोसिएट टीमों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाकर रचा कीर्तिमान

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रन से हराया, जॉर्ज मुन्से का अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

टी20 विश्व कप के इतिहास में स्कॉटलैंड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। एसोसिएट देश के रूप में स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने की उपलब्धि यूएसए को पीछे छोड़ते हुए अपने नाम कर ली है। कोलकाता के ईडन गार्डन में सोमवार को हुए मुकाबले में स्कॉटलैंड ने इटली के खिलाफ टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 207 रन बनाए।

टी20 विश्व कप में किसी भी एसोसिएट देश का एक पारी में बनाया गया यह सबसे बड़ा स्कोर है। पूर्व में यह रिकॉर्ड यूएसए के नाम था। टी20 विश्व कप 2024 में यूएसए ने कनाडा के खिलाफ दूसरी पारी में 3 विकेट पर 197 रन बनाकर जीत हासिल की थी। इसी मैच में कनाडा ने पहली पारी में 194 रन बनाए थे। इटली को टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में 73 रन से हार का सामना करना पड़ा है। स्कॉटलैंड के दिए 208 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इटली 16.4 ओवर में 134 पर आउट हो गई।



### इटली ने 17 गेंदों पर गंवाए आखिरी पांच विकेट

208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गिर गया। इसके बाद विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। इटली ने अपने आखिरी 5 विकेट 17 गेंद के अंदर गंवाए। कप्तान वेन मैडसेन इंजरी की वजह से बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। इटली के लिए हैरी मैनेंटी ने 25 गेंद पर 3 छक्कों और 1 चौके की मदद से 37 रन बनाए, जबकि बेन मैनेंटी ने 31 गेंद पर 1 छक्का और 5 चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई थी। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लिस्क सफलतम गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। मार्क वाट ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए। ब्रैड करी, ब्रैड व्हील, और ओलिवर डेविडसन ने 1-1 विकेट लिए।

### लिस्क को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 4 विकेट पर 207 तक रन बनाए थे। स्कॉटलैंड के लिए जॉर्ज मुन्से ने बेहतरीन अर्धशतक लगाया। वह 54 गेंद पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 84 रन की पारी खेलकर आउट हुए। माइकल जोंस 30 गेंद पर 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा मैकमुलेन ने 18 गेंद पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 41 और लिस्क ने 5 गेंद पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाए थे। माइकल लिस्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

आठवां मुकाबला

# जिम्बाब्वे ने ओमान को 8 विकेट से हराया, बेनेट की शानदार बल्लेबाजी



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे ने सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में सोमवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आठवें मुकाबले में ओमान के विरुद्ध 8 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ओमान की टीम 19.5 ओवरों में 103 रन पर सिमट गई। कप्तान जतिंदर सिंह 1 चौके के साथ 5 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 27 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए। यहां से विनायक शुक्ला ने सुफयान महमूद के साथ छठे विकेट के लिए 43 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही ओमान एक बार फिर से लड़खड़ा गई। विनायक 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि महमूद ने 25 रन की पारी खेली। इनके अलावा, नदीम खान ने 20 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने 3-3 विकेट हासिल किए। एक विकेट सिकंदर रजा के हाथ लगा।

### जिम्बाब्वे ने बल्ले और गेंद से किया कमाल

इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। दिवानाशे मारुमानी और ब्रायन बेनेट ने पहले विकेट के लिए 3.1 ओवरों में 30 रन जुटाए। मारुमानी 11 गेंदों में 5 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डायोन मायर्स (0) बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन अपनी दूसरी गेंद पर ही विकेट गंवा बैठे। जिम्बाब्वे की टीम 30 के स्कोर पर 2 विकेट खो चुकी थी। यहां से ब्रायन बेनेट ने ब्रेंडन टेलर के साथ 56 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। टेलर 30 गेंदों में 3 चौकों के साथ 31 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए, जबकि बेनेट ने 36 गेंदों में 7 चौकों के साथ नाबाद 48 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। विपक्षी खेमे से दोनों विकेट सुफयान महमूद ने हासिल किए। उन्होंने 3 ओवरों में महज 12 रन दिए, लेकिन टीम को शर्मनाक हार से बचा नहीं सके।

## खबर संक्षेप



### 25 से इंडिया नॉकआउट नाइट्स, गोयत ने मिलाया आईआईएस से हाथ

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय पेशेवर मुक्केबाज नीरज गोयत ने देश के मुक्केबाजों के लिए 'इंडिया नॉकआउट नाइट्स' शुरू करने के इरादे से बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ हाथ मिलाया है। यह प्रतियोगिता 25 फरवरी से शुरू होगी। तीन बार के डब्ल्यूबीसी एशियाई खिताब विजेता गोयत को इस पहल के लिए विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता निशांत देव का समर्थन मिला है, जो अब पेशेवर सर्किट में खेलते हैं।

### सूर्यकुमार का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य

**नई दिल्ली।** मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव की 'संयमित नेतृत्व क्षमता' की तारीफ करते हुए कहा कि टी20 प्रारुप में कप्तान के तौर पर वह सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं और इससे उनका दबाव भरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। गंभीर ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज का कप्तान होना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।



# रणजी ट्राफी : कर्नाटक की सेमीफाइनल में एंट्री 42 बार की चैंपियन मुंबई बाहर, राहुल ने ठोका शतक

एजेंसी ▶▶| मुंबई



लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली, जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की । बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी।

राहुल को रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 83, 123 गेंद, 11 चौके) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मैच के चौथे दिन चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करके कर्नाटक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल की पारी की बदौलत आठ बार का चैंपियन कर्नाटक लंच तक तीन विकेट पर 265 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में था। राहुल हालांकि लंच के तुरंत बाद तुषार देशपांडे का शिकार बने। देशपांडे और तनुष कोटियान ने इसके बाद कर्नाटक का स्कोर छह विकेट पर 285 रन कर दिया। बाइस साल के स्मरण ने इसके बाद अपना विकेट बचाने को तरजीह जबकि विद्याधर पाटिल ने 30 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 31 रन की पारी खेलकर कर्नाटक को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# रणजी ट्रॉफी : क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश को हराकर जम्मू कश्मीर पहली बार सेमीफाइनल में

**इंदौर।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 विकेट से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहली पारी में सात विकेट चटकाने वाले 29 साल के नबी ने दूसरी पारी में पांच विकेट झटके, जिससे जीत के लिए 291 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही 2021-22 की चैंपियन मप्र की टीम 234 रन पर आउट हो गई। जम्मू कश्मीर के सामने सेमीफाइनल में बंगाल और आंध्र के बीच खेले जा रहे क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने वाली टीम की चुनौती होगी।

# इटली को झटका, कप्तान मेडसन चोटिल, विश्वकप से हुआ बाहर

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



इटली के मुख्य कोच जॉन डेविसन ने कहा है कि कप्तान वेन मेडसन का टीम के टी20 विश्व कप पदार्पण मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ 73 रन की हार के दौरान कंधा खिसकने के कारण लीग चरण के बाकी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है।

डेविसन ने कहा कि अनुभवी कप्तान अब भी टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं और 'कोचिंग स्टाफ' के रूप में डगआउट में शामिल हो सकते हैं। मेडसन स्कॉटलैंड की पारी के चौथे ओवर में मिडविकेट पर बाउंड्री रोकने के प्रयास में चोटिल हो गए थे। वह सख्त अभ्यास पिच पर गिरे और तुरंत अपना कंधा पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया। मेडसन बाद में मुकाबले से बाहर हो गए। फिजियो ने इसे वापस जगह पर कर दिया है लेकिन उन्हें यह देखने के लिए और स्कैन करवाने होंगे कि यह कितना गंभीर है।'

### शूट-ऑफ में गोल्ड से चूकीं मनु, ईशा ने जीता ब्रॉन्ज

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं, जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया।

# सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट: इंटर मिलान ने बनाई बढ़त, सासुओलो को हराया

एजेंसी ▶▶| रोम



इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली। यान बिसेक और मार्कस थुराम ने इंटर के लिए पहले हाफ में जबकि लोटारो मार्टिनेज, मैनुअल अकांजी और लुइ हेनरिक ने दूसरे हाफ में गोल दागे। इस जीत से इंटर मिलान के 24 मैच में 58 अंक हो गए हैं। एसी मिलान की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टीम मिलाना कोर्टिना ओलंपिक के कारण इस सप्ताहांत नहीं खेली। इंटर मिलान की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत है। अन्य मुकाबलों में चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस ने आठवें स्थान पर मौजूद लाजियो से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि पार्मा ने बोलोगना को 1-0 से हराया। लीस ने उडिनेस को 2-1 से शिकस्त दी।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली ई-निविदा सूचना

दिनांक : 07.02.2026

मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति / पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक 05/03/2026 को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोली जायेगीं। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता / गति शक्ति / पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है, तो भी वह मान्य नहीं किया जायेगा । इस निविदा मे कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदा सूचना संख्या : CPM-GSU-BPL-T-02-2026, दिनांक : 07/02/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल के इटारसी स्टेशन पर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आईए/आईबी अनुसूची/मामूली अनियोजित मरम्मत करने के लिए पुनर्प्राप्त करने योग्य ओएचई और क्रेन सुविधा के साथ निरीक्षण और रखरखाव गतिविधि के लिए ट्रिप रखरखाव/अग्रिम निरीक्षण केंद्र बनाने हेतु सिविल इंजीनियरिंग कार्य।, निविदा की अनुमानित लागत रु. : Rs. 15,74,21,356.74, निविदा की बयाना राशि रू. : Rs. 9,37,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. : 0.00, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी : 05/03/2026

उप. मुख्य अभियंता (गति शक्ति)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक, निगम भोपाल**
**यांत्रिक विभाग**
**जोन क्रं-21**

क्रमांक 4/ यां.वि./ 2026 — निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र — भोपाल, दिनांक 09/02/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पसेंटेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रीत की जाती है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी पी. डब्लयू डी पंजीकरण | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_481009_1 | CONSTRUCTION OF SHED AND LAYING OF PAVER BLOCK NEAR BILI BABA MANDIR BARKHEDI KALAN WARD 26 ZONE 21 | 9,89,221/- | 9,892/- | 2,000 | C" class asper centralized registration system of mppwd | MPUADD BUILDING SOR ISSR 2021 | 02 माह |
| 2 | 2026_UAD_481008_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AND C C TOP NEAR ISHRAT JAHAN HOUSE TOWRDS MANJU S HOUSE AND OTHER REPAIR AND MAINTENCE WORKS NEAR DHOBI GHAT WARD 24 ZONE 21 | 5,23,349/- | 5,233/- | 2,000 | C" class asper centralized registration system of mppwd | MPUADD BUILDING AND ROAD ISSR 2021 | 02 माह |

Interested bidders can view the NIT on website http:// www.mptenders.gov.in/ The Bid Document can be purchased only online from 11:00 (Time) (10.02.2026) to 17:30 P.M. (24.02.2026) Amendments to Nit, if any, would be published on website http://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

नि.क्र. : 3112/025/026

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं.-21
नगर निगम भोपाल



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office Of The Dy. General Manager (O&M) Division, Sehore
E-mail : mpebsehore@gmail.com, Tel. Phone : 07562-222708

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

M.P.M.K.V.V.CO.Ltd. hereby invited Seperate Tendering offier/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Tender Description | Name of the Office | Particulars | EMD (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| No. DGM (O&M) Sehore 7775 Date 06.02.2025 | Dy. General Manager (O&M) Sehore | Type F3: Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for single shift) | 500/- |
| No.DGM (O&M) Sehore 7778 Date 06.02.2025 | Manager (Zone-2) Sehore Under Dy. General Manager (O&M) Sehore | Type F5: Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (For Three Shift) (As per Vehicle Policy) | 500/- |

**Due Date of Submission of Tender :-** 16.02.2026 Up to 12:00 PM
**Tender Opening Date & Time :-** 17.02.2026 at 03:00 PM
Other Details terms and conditions are available in company **website : https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124389/2026 — **DGM (O&M)**



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल**
(जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर, 1250 भोपाल)
(ईमेल आई.डी.- cmhobho@nic.in)

क्रं./निविदा/2026-27/2867 — भोपाल, दिनांक 05/01/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल के द्वारा जिला भोपाल में वर्ष 2026-27 के दौरान औषधियों एवं अन्य का दर अनुबंध किये जाने हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आनलाईन निविदा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 27.02.2026 समय 05.00 बजे तक एम.पी. टेण्डर पोर्टल से निविदा फार्म क्रय किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

नोटः- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल को जारी निविदा बिना कारण दशार्ये निरस्त करने का अधिकार होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला भोपाल

जी - 25629/25 — स्वच्छता ही सेवा



**Government Women's Polytechnic College**
Shivaji Nagar, Bhopal - 462016 (M.P.)
Phone: 0755-2576839, Fax: 0755-257684
Email: info@gwpbpl.org, Website: www.gwpbpl.ac.in
Estb.1964 — Approved by AICTE & Affiliated to RGPV Bhopal — NBA
Excellence in Technical Education for Women Empowerment

क्रमांक / शामपॉमभो/स्टोर/2026/220-A — भोपाल, दिनांक: 05/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय महिला पॉलीटेकनिक महाविद्यालय, शिवाजी नगर भोपाल द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से फर्नीचर हेतु निविदायें जारी की गई हैं। संस्था द्वारा जारी निविदाओं में सम्मिलित होने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर दर्शित प्रकिया के अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है। निविदा क्रमांक GEM/2026/B/7196093, GEM/2026/B/7196926 , GEM/2026/B/7197451 जारी करने की तिथि 05/02/2026 अंतिम तिथि 26/02/2026

जी - 25639/25 — स्वच्छता ही सेवा है। — प्राचार्य



**Computer Proficiency Certification Test**
Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited
**Exam Registration Opens**
MPSEDC/CPCT/Exam/2025/

**म.प्र. शासन द्वारा सरकारी रोज़गार हेतु आवश्यक CPCT स्कोर कार्ड**

राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में विभिन्न पदों पर कम्प्यूटर दक्षता/कौशल प्रमाणीकरण हेतु **संविदा/नियमित नियुक्तियों** के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार (CPCT पोर्टल पर उपलब्ध) सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर क्षेत्र में कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का स्कोर कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है।

**परीक्षा तिथि : 13-14 एवं 15 मार्च, 2026** — **पंजीयन तिथि : 09 फरवरी, 2026 से 22 फरवरी, 2026 तक**

**आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 24 फरवरी, 2026 से 26 फरवरी, 2026**

- CPCT परीक्षा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, सतना में आयोजित की जाएगी।
- CPCT नियम पुस्तिका में आवेदन फॉर्म में सुधार हेतु नियम उपलब्ध कराए गए हैं।
- CPCT नियम पुस्तिका में नि:शक्तजनों से संबंधित नियम उपलब्ध कराये गए हैं तथा लेखक की सुविधा हेतु आवेदन का प्रारूप CPCT पोर्टल पर उपलब्ध है।
- CPCT परीक्षा सम्बन्धी समस्त जानकारी/विवरण एवं नियम पुस्तिका तथा आगामी परीक्षाओं का प्रस्तावित कैलेंडर CPCT पोर्टल **(www.cpct.mp.gov.in)** पर उपलब्ध है।
- मूल (Original) फोटोयुक्त पहचान पत्र लाने पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को दोनों अनुभाग (कम्प्यूटर एवं टाइपिंग) में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

परीक्षा एवं पंजीयन की सुविधा अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषा में उपलब्ध होगी। आवेदकों को परीक्षा के लिए **आवेदन ऑनलाइन ही भरने होंगे।** आवेदक अपना पंजीयन MP-Online के Kiosks से भी कर सकते हैं।

मुख्य महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (MPSeDC)
स्टेट आई टी सेंटर, 47-A, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

म.प्र. माध्यम/124394/2026

Note : MPSeDC द्वारा प्रदेश में किसी भी संस्था को CPCT प्रशिक्षण हेतु अधिकृत नहीं किया गया है।




## हैंडबॉल प्रो लीग में कमेंट्री करेंगे शहर के दामोदर प्रसाद आर्य



**भोपाल।** राजधानी के दामोदर प्रसाद आर्य देश की पहली प्रोफेशनल हैंडबॉल प्रो लीग (एचपीएल) में कमेंट्री करेंगे। लीग 10 से 15 फ़रवरी तक नागपुर (महाराष्ट्र) के मनकापुर इंडोर स्टेडियम में खेली जाएगी, जिसकी ब्रांड एम्बेसेडर अभिनेत्री व पूर्व हैंडबॉल प्लेयर ईशा देओल हैं। लीग के मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होगा. एचपीएल में 5 पुरुष व 5 महिला टीमें हिस्सा लेंगी।बता दें कि दामोदर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र में कार्यरत हैं। वे विगत तीन दशकों से रेडियो और टीवी पर ओलिंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, साउथ एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप, एशिया कप जैसे विश्वस्तरीय खेल आयोजनों में कमेंट्री करते रहे हैं।

### पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2025-26

## बीयू की हॉकी टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम के लिए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीयू ने पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2025-26 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया था।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी पुरुष प्रतियोगिता आयोजन संबलपुर विश्वविद्यालय संबलपुर उड़ीसा में 22 जनवरी से 27 जनवरी तक किया गया, जिसमें बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय ने प्रथम आठ में स्थान प्राप्त कर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई किया। पहला मैच एसआरएम चेन्नई से एक-एक से बराबर रहा दूसरा मैच गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार ने 4-1 से हराया काशी विद्यापीठ के साथ 1-1बराबरी का मुकाबला रहा जबकि एलपीयू से के साथ स्कोर 4-3 का खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम हॉकी पुरुष 2026 के लिये मध्य प्रदेश से क्वालीफाई करने वाला बी यू अकेला विश्वविद्यालय है।टीम कप्तान सदान शौकत, बी यू की तरफ से सर्वाधिक गोल हैदर अली ने पांच और सचिन ने तीन गोल मारे। टीम कोच डॉ अरुण पांडे, मैनेजर शकील वारसी थे। टीम की उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो एसके जैन ,कुलसचिव डॉ समर बहादुर सिंह, डॉ आलोक मिश्रा संचालक शारीरिक शिक्षा, रविंद्र कौशिक मुकेश शर्मा, दिलीप राठौर ने बधाई दी।



ट्रॉफी के साथ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की विजेता टीम।

**खेलो इंडिया 2026के लिए क्वालीफाई करने वाले विश्वविद्यालय**

- संबलपुर यूनिवर्सिटी 2 एल पी यू यूनिवर्सिटी लुधियाना
- जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरू
- एमएस यूनिवर्सिटी
- बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी बेंगलुरू
- बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
- पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर
- एमजी विद्यापीठ वाराणसी

### एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिवीज़नल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट

## जबलपुर डिवीज़न के विरुद्ध पृथ्वीराज के शतक से भोपाल की मजबूत शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट भोपाल के फ़ैथ मैदान पर सोमवार से प्रारम्भ हुए (चार दिवसीय) जबलपुर डिविजन और भोपाल डिविजन के मध्य मैच में भोपाल डिविजन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 5 विकेट पर 370 रन बना लिए हैं, जिसमे पृथ्वीराज तोमर ने 191 रन की शानदार पारी खेली। अरहम अकिल 89 रन पर आउट हुए। पहले विकेट के लिए पृथ्वीराज तोमर और अरहम अकील के द्वारा 258 रनों की पार्टनरशिप हुई। तनिष्क यादव 52 रन बनाकर नाबाद हैं। जबलपुर डिवीजन से गेंदबाजी में अंचित ठाकुर 3, पारुश मंडल ने 2 विकेट लिए। मंगलवार को दूसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

## अंडर-15 ज़िला स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल 14 को अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जबलपुर के लिए होना है चयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 27 फ़रवरी से 1 मार्च तक तमिलनाडु में राष्ट्रीय अंडर-15 बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता हो रही है। जिसमें मध्य प्रदेश के दल की भागीदारी के लिए मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ द्वारा जबलपुर में अंडर-15 राज्य स्तरीय बालक-बालिका कुश्ती प्रतियोगिता 20 से 22 फ़रवरी तक आयोजित की जा रही है। उपरोक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल ज़िले के कुश्ती खिलाड़ियों को सम्मिलित कराने 14 फ़रवरी को शाम 4 बजे से अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में जिला स्तरीय सिलेक्शन ट्रायल रखी गई है। सिलेक्शन ट्रायल में भागीदारी के लिए पात्रता प्रूफ एवं आयु सीमा 14 से 15 वर्ष-(2011-12) के खिलाड़ियों की सीधी भागीदारी एवं 13 वर्ष (2013) के पहलवानों के लिए (मेडिकल या पेरेंट्स का सहमति पत्र साथ ही जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र की (मूल्य एवं छाया प्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा।

**इन वजन वर्गों के लिए आयोजित होगी ट्रायल**

- बालक वर्ग- एफएस एवं जीआर-38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75 एवं 85 किलोग्राम।
- बालिका-एफएस-33, 36, 39, 42, 46, 50, 54, 58, 62 एवं 66 किलोग्राम।




एलएनसीटी विवि में आयोजित हुई प्रतियोगिता

## आरजीपीवी नोडल खो-खो प्रतियोगिता में महिला वर्ग में एलएनसीटी व पुरुष वर्ग में ओरिएंटल बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा र आरजीपीवी नोडल खो-खो महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन एलएनसीटी कॉलेज, रायसेन रोड, में किया गया। पुरुष वर्ग के फाइनल में ओरियंटल ने एलएनसीटी को 18–11 से पराजित किया। पहले सेमीफाइनल में एलएनसीटी एवं सिस्टेक में 8–8 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके पश्चात 12 सेकंड के टाई-ब्रेकर में एलएनसीटी ने फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में ओरिएंटल ने एसआईआरटी को 15–10 से पराजित किया। महिला वर्ग के फाइनल म में एलएनसीटी ने सिस्टेक, गांधी नगर को रोमांचक मुकाबले में 7-6 से पराजित किया। इस प्रतियोगिता में 5 कॉलेज के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें एसआईआरटी, सिस्टेक, टीआईटी, एलएनसीटी, ओरियंटल शामिल रहे। समापन अवसर पर डॉ. के.टी. चतुर्वेदी , पंकज जैन एवं विष्णुकांत सहाय ने विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में ओरियंटल के सौरभ तथा महिला वर्ग में एलएनसीटी की सारा ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।



पुरस्कार वितरण के दौरान विजेता टीम।

**भोपाल**

## चतुर्थ श्रेणी, दैवेभो सहित अन्य कर्मचारी 21 फरवरी को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर देंगे धरना

**भोपाल।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में गेट मीटिंग की गई। इसमें तय किया गया कि 21 फरवरी को 15 सूत्री मांगों को आंबेडकर मैदान भोपाल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के सभी जिला संभाग तहसील ब्लॉक के नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी अंशकालीन कर्मचारी ग्राम रक्षक कोटवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मध्यान भोजन रसोईया आउटसोर्स के कर्मचारी आशा उशा कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में आंबेडकर मैदान भोपाल में धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## एमपी ट्रांसको के नवाचार को मिली देश के पावर सेक्टर में ख्याति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस इंजीनियरों की ओर से विकसित एक नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त हुई है। केन्द्र सरकार के केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत बोर्ड (सीबीआईपी) तथा पेरिस स्थित इंटरनेशनल काउंसलिंग ऑन लार्ज इलेक्ट्रिकल सिस्टम (सिगरे) की भारतीय इकाई, सिगरे इंडिया की ओर से विकास भवन, नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कांफ्रेस में इस नवाचार से संबंधित शोधपत्र एमपी ट्रांसको के इंजीनियर्स विकास भारिया, जितेन्द्र तिवारी एवं आशुतोष राय ने प्रस्तुत किया।

एमपी ट्रांसको की ओर से विकसित यह नवाचार ट्रांसमिशन लाइनों पर पिट आधारित अर्थिंग से संबंधित है। इस तकनीक के माध्यम से लगभग 35 वर्षों से अधिक पुरानी ट्रांसमिशन लाइनों पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में आकाशीय बिजली (लाइटनिंग) के दौरान होने वाली ट्रिपिंग एवं ब्रेक डाउन की घटनाओं को सीमित करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है। यह नवाचार ट्रांसमिशन लाइनों की विश्वसनीयता और निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अर्थिंग के विशेषज्ञों ने कम चर्चित विषय पर इस प्रकार का शोध किये जाने पर भूरि-भूरि प्रशंसा कर अन्य पॉवर संस्थानों के लिए अनुकरणीय बताया। कॉन्फ्रेंस में एमपी ट्रांसको के अनीश कांत दुबे, राजेश्वर सिंह ठाकुर एवं विवेक मोजासिया भी शामिल हुए।

**शोधपत्र प्रकाशन के लिए चयन**

इस शोधपत्र को पावर मैगजीन सिगरे इंडिया के लिए चयनित किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों को बधाई देते हुए कहा कि यह नवाचार न केवल मप्र बल्कि पूरे देश के पॉवर सेक्टर के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और इससे ट्रांसमिशन की मजबूती बढ़ेगी। एमडी सुनील तिवारी ने भी कहा कि कंपनी नवाचार, अनुसंधान और तकनीकों से प्रदेश की ट्रांसमिशन व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पेरेंट्स एसोसिएशन व अखिल भारत हिंदू महासभा ने लगाए गंभीर आरोप

## निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। सेंट जोसफ स्कूल के पूर्व प्राचार्य, पैरेंट्स एसोशिएशन व अखिल भारत हिंदू महासभा ने मनमानी को लेकर गंभीर आरोप लगाने के साथ ही सामूहिक रुप से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। सेंट जोसफ स्कूल अरेरा कालोनी के पूर्व प्राचार्य फादर ओ जोस, अखिल भारत हिंदू महासभा के संगठन मंत्री देवेंद्र तिवारी व पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रबोध पंड्या ने चर्चा में कहा कि राजधानी के सीबीएसई स्कूलों द्वारा प्रशासन की मिलीभगत से जबरदस्त कमीशनखोरी की जा रही है। भोपाल जिले को पुस्तक माफियाओं ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। लगभग सभी निजी स्कूलों की किताबों का ठेका 5 दुकानदारों के पास ही है। अभिभावकों को महंगे दामों पर ही इन दुकानों से किताबें खरीदना पड़ती हैं। महासभा ने जबलपुर कलेक्टर की कार्रवाई का हवाला देते हुए भोपाल में भी सख्ती से नियम लागू करने की मांग की है।




### एसबीएम के अधीक्षण यंत्री किए गए रिमार्क

## विधानसभा में गूंजेगा स्लाटर हाउस का मामला, कांग्रेस के तीन विधायकों ने लगाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में स्लाटर हाउस मामले की गूंज विधानसभा बजट सत्र में सुनाई देगी। मार्च 2026 में प्राप्त विधानसभा प्रश्नों की सूची में कांग्रेस की ओर से तीन विधायकों ने स्लाटर मामले को लेकर सवाल पूछे हैं। इन्हें निगम में एसबीएम के अधीक्षण यंत्री को रिमार्क किया गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गौ मांस परिवहन की जांच, विधायक आरिफ मसूद ने स्लाटर हाउस संचालन के संबंध में व विधायक हेमंत कटारे ने गोवंश का वध व मांस परिवहन को लेकर सवाल पूछा है। जिनके जवाब निगम की ओर से विधानसभा में देने के लिए निगम के अधीक्षण यंत्री एसबीएम को रिमार्क हैं।

### भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री सीहोर में विभिन्न बैठकों को किया संबोधित

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कार्यकर्ता अपना अमूल्य योगदान दें: जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार के सीहोर जिला कार्यालय में कामकाजी बैठक, जनप्रतिनिधियों की बैठक और जिला कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कार्य रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भाजपा की डबल इंजन सरकार हर समाज वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को विकसित बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। कामकाजी बैठक को संभाग प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930